शर्मा हार्डওয়্যার
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 221 | गुवाहाटी | रविवार, 5 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कामरूप ( मेट्रो ) के स्कूल सब इंस्पेक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार पेज 3
जी-20 सम्मेलन के बीच भारत ने अचानक एलएसी पर बढ़ाई सैन्य गतिविधियां पेज 4
मुख्यमंत्री ने राजधानी एक्सप्रेस बस सेवा का हरी झंडी दिखा कर किया शुभारम्भ पेज 5
अन्य राज्यों में औसत केवल 6 प्रतिशत : मुख्यमंत्री पेज 8

## मेघालय और नगालैंड में 7 तो त्रिपुरा में 8 को होगा शपथ ग्रहण समारोह : हिमंत

**अगरतला/शिलांग/कोहिमा।** त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय के चुनावी नतीजे आ गए हैं। 2 राज्यों में भाजपा गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल की जबकि मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति आई। हालांकि सत्तारूढ़ एनपीपी भाजपा जैसी कुछ पार्टियों का समर्थन लेकर सरकार बनाने जा रही है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने इन सब के बीच बड़ी जानकारी दी है। हिमंत विश्व शर्मा के मुताबिक त्रिपुरा में 8 तारीख को और नगालैंड तथा मेघालय में 7 तारीख को शपथ ग्रहण होगा। खबर तो यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीनों की राज्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मोदी के अलावा कई केंद्रीय मंत्री और कुछ अन्य भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी इन समारोह में शामिल हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक मेघालय में 7 मार्च को सुबह 11:00 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। मेघालय में कोनराड सांग्मा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह एनपीपी के अध्यक्ष भी हैं। वहीं, नगालैंड में उसी दिन 1:45 पर शपथ ग्रहण समारोह होगा। त्रिपुरा में 8 मार्च को 11:00 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। त्रिपुरा को लेकर हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि त्रिपुरा को बांटा नहीं जा सकता, मेरा विश्वास है कि त्रिपुरा की नई सरकार और भारत सरकार जनजातीय लोगों की शिकायतों का समाधान करेगी और जरूरत पड़ने पर टिपरा मोथा के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा कि समस्या का हल निकालने के




लिए हम लोग बैठकर बात करेंगे उसमें कोई समस्या नहीं है। त्रिपुरा में भाजपा-आईपीएफटी गठबंधन ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 33 सीट जीतकर लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है। पूर्ववर्ती राजघराने के वंशज प्रद्योत किशोर देबबर्मा द्वारा गठित टिपरा मोठा पार्टी को 13 सीट मिलीं, जबकि वाम-कांग्रेस गठबंधन ने 14 सीट हासिल कीं। मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी 60 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के आंकड़े को नहीं छू सकी। इस बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड सांग्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को फोन किया और नयी सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा है।

## आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक

**अगरतला ( हि.स. )।** त्रिपुरा में नई सरकार बनाने के लिए आगामी रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। उस बैठक में विधानसभा का नेता चुना जाएगा। संभवत: भाजपा कल राज्यपाल के सामने सरकार गठन की मांग पेश करेगी। त्रिपुरा विधानसभा के नतीजे 2 मार्च को घोषित हुए थे। भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में अकेले 32 सीटों पर जीत हासिल की थी। सहयोगी पार्टी आईपीएफटी की एक सीट सहित कुल 33



सीटों के साथ भाजपा गठबंधन सत्ता में लौटी है। परंपरा का पालन करते हुए परिणाम घोषित होने के अगले दिन डॉ. मानिक साहा ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। मुख्यमंत्री पद के लिए डॉ. माणिक साहा के नाम पर कल विधायकों की बैठक में मुहर लगेगी। रविवार को होने वाली बैठक के मद्देनजर असम के मुख्यमंत्री और नेडा के संयोजक डॉ. हिमंत विश्व शर्मा अगरतला पहुंच गए हैं। वे कल -शेष पृष्ठ दो पर

## मेघालय : पार्टी के फैसले के खिलाफ एचएसपीडीपी के विधायक

**शिलांग ( हि.स. )।** मेघालय विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। जिसके चलते सरकार गठन को लेकर सभी पार्टियां अपनी-अपनी चाल चल रही हैं।



वहीं चुनाव में दो सीटें जीतने वाली हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी) के अंदर बगावत होता दिखने लगा है। एचएसपीडीपी के दोनों विधायक, मेथोडियस डखर और शाक्लियर वारजोरी ने सरकार बनाने के लिए कोनराड सांग्मा के नेतृत्व वाली एनपीपी को अपना समर्थन देने के अपने फैसले पर अडिग हैं। दोनों विधायकों के फैसले के विरोध में तीन स्थानीय संगठनों हिन्युट्रेप यूथ -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा में विरोधी दलों की वजह से जीती भाजपा : वाम मोर्चा

**अगरतला।** वाममोर्चा ने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव परिणामों को अप्रत्याशित करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा विरोधी दलों के बीच वोट



विभाजन ने भगवा पार्टी को कम सीटों के साथ चुनाव जीतने में मदद की। वाम मोर्चा ने यह भी दावा किया कि हाल ही में संपन्न चुनावों में लगभग 60 प्रतिशत लोगों का जनादेश भाजपा के खिलाफ था क्योंकि चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत 39 प्रतिशत था। यदि कोई पांच साल के कुशासन और लोगों की अभिव्यक्ति को देखे तो परिणाम की पुष्टि नहीं होती है। वाम मोर्चा के संयोजक नारायण -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वाঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

ईर्षा तथा अंहकार को दूर कर दो, संगठित होकर दूसरों के लिए कार्य करना सीखो।

**स्वामी विवेकानंद**

### न्यूज गैलरी

## बिल गेट्स ने पीएम मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह देश दिखा रहा है कि जब नवाचार में निवेश किया जाता है, तो क्या-क्या संभव है। बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स ने कई सुरक्षित, प्रभावी और किफायती वैक्सीन विकसित करने की अद्भुत क्षमता के लिए भारत की प्रशंसा की। इनमें से कई टीके विकसित करने में गेट्स फाउंडेशन ने मदद की है। उन्होंने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## एसएफआई ने समाचार चैनल के कार्यालय में की तोड़फोड़

**कोच्चि।** स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कार्यकर्ताओं के एक समूह ने कथित तौर पर यहां मलयालम समाचार चैनल एशियानेट न्यूज के कार्यालय में घुसकर एक लड़की के यौन उत्पीड़न के बारे में प्रसारित एक समाचार रिपोर्ट को लेकर कर्मचारियों को धमकाया। इसकी घटना की जानकारी शनिवार को पुलिस ने दी। टीवी -शेष पृष्ठ दो पर

## लोगों में धैर्य और सहनशीलता की हो रही है कमी : सीजेआई

**नई दिल्ली।** देश के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक प्रोग्राम ने कहा कि भारत का संविधान ग्लोबल और लोकल का अद्भुद तालमेल है। हमारे संविधान और उसकी मुलभावनाओं को कई देशों ने अपने संविधान का आधार बनाया है। संविधान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब इसका मसौदा तैयार किया गया था तो संविधान निर्माताओं को यह पता नहीं था कि हम किस दिशा में विकसित होंगे। उस समय कोई निजता, इंटरनेट, एल्गोरिदम और सोशल मीडिया नहीं था। सीजेआई ने कहा कि



वैश्वीकरण ने अपने स्वयं के असंतोष को जन्म दिया है। दुनियाभर में मंदा का अनुभव होने के कई कारण हैं। वैश्वीकरण विरोधी भावना में उछाल आया है, जिसकी उत्पत्ति उदाहरण के लिए 2001 के आतंकी हमलों में निहित हैं। 2001 के हमलों ने दुनिया को ऐसे हलों की कड़वी सच्चाई के सामने ला दिया, जिसे भारत देखता आ रहा था। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज कोई अभिजात्य धारणा नहीं है और तटीय राज्यों के देशों के लिए एक -शेष पृष्ठ दो पर

## मजदूरों पर हमला : स्टालिन ने नीतीश कुमार से की बात

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कथित रूप से उत्तर भारत के मजदूरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं के बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार से बात की। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग भारत की अखंडता के खिलाफ काम कर रहे हैं। उनके खिलाफ कानून अपना काम करेगा और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रवासी मजदूरों पर कथित हमलों पर तमिलनाडु सरकार की ओर से कहा गया कि जानबूझकर अफवाहें फैलाने, सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो और तस्वीरें पोस्ट करने और राज्य में डर और दहशत फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच राज्य सरकार के मंत्री का बड़ा बयान भी सामने आया है। तमिलनाडु श्रम कल्याण और कौशल विकास -शेष पृष्ठ दो पर



## झूठी खबर फैलाने वाले दो पत्रकारों पर दर्ज हुआ मामला

**चेन्नई।** तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर हुए हमले के आरोपों को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह से एक्टिव नजर आ रही है। उत्तर प्रदेश के एक भाजपा नेता और दैनिक भास्कर के एक अनाम संपादक सहित दो पत्रकारों पर तमिलनाडु पुलिस द्वारा तमिलनाडु में उत्तर भारतीय श्रमिकों पर हमलों के बारे में ऑनलाइन *झूठी और निराधार* रिपोर्ट के लिए मामला दर्ज किया गया है। जैसे ही भाजपा ने रिपोर्ट के बाद मामला -शेष पृष्ठ दो पर

## ऑस्ट्रेलिया में हिंदू धार्मिक स्थलों पर खालिस्तानियों के हमले जारी

**केनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में एक बार फिर हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई हैं। अब ब्रिसबेन के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में खालिस्तान समर्थकों के द्वारा तोड़फोड़ की गई है। मंदिर के अध्यक्ष सतिंदर शुक्ला ने कहा कि मंदिर के पुजारी और भक्तों ने आज सुबह फोन किया और मंदिर की बाउंड्री में तोड़-फोड़ के बारे में जानकारी दी। हिंदू मानवाधिकार की निदेशक सारा गेट्स ने द ऑस्ट्रेलिया टुडे से कहा कि यह नया घृणा अपराध विश्व स्तर पर सिख फॉर -शेष पृष्ठ दो पर




## भारत के खिलाफ नहीं होगा हमारी जमीन का इस्तेमाल : विदेश मंत्री साबरी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के विदेश मंत्री एमयूएम अली साबरी ने कहा है कि श्रीलंका किसी भी देश को द्वीप का इस्तेमाल भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं करने देगा। उन्होंने कहा कि अन्य सभी देशों ने मिलकर वह नहीं किया जो भारत ने उनके देश के लिए किया। बता दें लंबे समय से आशंका जताई जा रही थी चीन श्रीलंका की धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ कर सकता है, क्योकि उसने श्रीलंका को अपने



कर्जजाल में फंसा लिया है। बीते साल हंबनटोटा बंदरगाह पर ठहरे चीन के जासूसी जहाज ने भारत की चिंता को बढ़ा दिया था। जिसका असर दिल्ली और कोलंबो के रिश्तों पर पड़ने वाला था। लेकिन श्रीलंका के विदेश मंत्री के बयान से तस्वीर काफी हद तक तस्वीर साफ हो गई है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका को अर्थिक संकट से निपटाने के लिए भारत ने बहुत बड़ी मदद की।चीन के जासूसी जहाज -शेष पृष्ठ दो पर

## समुद्र का स्तर बढ़ने से चेन्नई और कोलकाता को विशेष खतरा : अध्ययन



**वाशिंगटन।** एक नए शोध में यह बात सामने आई है कि इस सदी में समुद्र का स्तर बढ़ने से कुछ एशियाई महानगरों के साथ-साथ पश्चिमी उष्णकटिबंधीय प्रशांत द्वीप समूह और पश्चिमी हिंद महासागर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है । शोध दल ने कई एशियाई महानगरों की पहचान की, जो ग्रीनहाउस गैसों का उच्चस्तरीय उत्सर्जन जारी रहने की सूरत में सन् 2100 तक विशेष रूप से महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर सकते हैं। इन महानगरों में चेन्नई, कोलकाता, यांगून, बैंकॉक, हो ची मिन्ह सिटी और मनीला शामिल हैं। अध्ययन में जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र -शेष पृष्ठ दो पर

## टेक्नोलॉजी और इनोवेशन से लौटाएंगे कोटा का औद्योगिक गौरव : बिरला

**कोटा ( हि.स. )।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने शनिवार को कोटा में प्रदेश के सबसे बड़े एमएसएमई औद्योगिक प्रदर्शनी व मेले का शुभारंभ किया। दशहरा मैदान में आयोजित इस तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन करते हुए दोनों नेताओं ने कहा कि कोटा की पहचान कभी औद्योगिक नगरी की थी। हमें टेक्नोलॉजी, रिसर्च और इनोवेशन के जरिए कोटा के उस औद्योगिक गौरव को लौटाना है। लोक सभा अध्यक्ष बिरला की पहल पर केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय द्वारा एसएसआई



एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किए जा रहे इस आयोजन में देश भर के 300 से अधिक एमएसएमई, खादी एवं ग्राम उद्योग, कयर, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक सभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश के अर्थतंत्र की रीढ़ है तथा सबसे अधिक रोजगार उत्पन्न करने वाला सेक्टर है। हम चाहते हैं कि युवाओं में शिक्षा के दौरान ही एंटरप्रेन्योरशिप का भी विकास हो। हम उनके विजन को रिसर्च और इनोवेशन की -शेष पृष्ठ दो पर

## पूर्वोत्तर के पांच राज्यों की सैर कराएगी भारत गौरव ट्रेन, ईएमआई में भी कर सकेंगे भुगतान

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे 21 मार्च को पूर्वोत्तर के लिए अपनी पहली *भारत गौरव ट्रेन* शुरू करने को तैयार है। यह ट्रेन यात्रियों को इस क्षेत्र की यात्रा करने की पेशकश करेगी। यह 15 दिवसीय यात्रा में असम, अरुणाचलच प्रदेश, नगालैंड, त्रिपुरा और मेघालय को कवर करेगी। रेल मंत्रालय ने एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि यह बहुप्रतीक्षित ट्रेन *टूर नॉर्थ ईस्ट डिस्कवरी: बियॉन्ड गुवाहाटी* 21 मार्च 2023 को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 14 रातों/15 दिनों के यात्रा कार्यक्रम पर रवाना होने के लिए तैयार है। बयान में कहा गया, एसी-1 और एसी-2 श्रेणी वाली अत्याधुनिक डीलक्स एसी पर्यटक ट्रेन में कुल 156 पर्यटक बैठ सकेंगे। यात्रा के हिस्से के रूप में जिन -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# मेघालय : मुकुल का समर्थन करने वाले विधायक के कार्यालय में आगजनी

**शिलांग ( हि.स. )।** कोनराड कनखल संगमा के नेतृत्व वाले नेशनल पीपुल्स फ्रंट (एनपीपी) और भाजपा गठबंधन को सरकार बनाने के लिए समर्थन करने के लिए हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी) के विधायक मेथोडियस डखार के शिलांग के लाइटुमखराह में स्थित कार्यालय में उनकी ही पार्टी के सदस्यों ने आग लगा दी। एनपीपी के वरिष्ठ नेता और वर्तमान उपमुख्यमंत्री प्रेस्टन तिनसॉन्ग ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उपमुख्यमंत्री प्रेस्टन ने राज्य के लोगों से किसी भी तरह के उकसावे के जाल में नहीं फंसने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उल्लेखनीय है कि एचएसपीडीपी के अध्यक्ष केपी पांगनियांग ने चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सरकार बनाने में एनपीपी का समर्थन करने के लिए एक लिखित प्रस्ताव भेजा। लेकिन एचएसपीडीपी अध्यक्ष ने शुक्रवार की रात एनपीपी प्रमुख और मुख्यमंत्री कोनराड को अचानक पत्र भेजकर कहा कि उनकी पार्टी के दोनों विधायकों के समर्थन वाले प्रस्ताव को वापस ले लिया गया है। लेकिन एचएसपीडीपी के दोनों विधायकों ने मुकुल संगमा का समर्थन करने के अपने निर्णय पर अडिग हैं। अपनी पार्टी के निर्णय को नजरअंदाज करने वाले दोनों विधायकों से खासी समुदाय के तीन गैर-सरकारी संगठनों एचवाईसी, एचआईटीओ और %का सुर यू पेइडबाह का ब्री यू हिन्युट्रेप% नाराज हैं। उन्होंने एनपीपी-भाजपा गठबंधन को किसी भी कीमत पर सरकार नहीं बनने देने का संकल्प लिया है। ईसाई बहुल मेघालय में पादरी-प्रभुत्व वाले दलों ने दावा किया है कि भाजपा को छोड़कर और खासी जाति से किसी को मुख्यमंत्री के रूप में नामित करने वाले सभी दल सरकार बनाने के लिए संगठन में शामिल होंगे। इस बीच, अधिकारियों और संबंधित दलों और संगठनों के सदस्यों ने बीती रात से शिलांग के कुछ स्थानों पर छिटपुट हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया है। एनपीपी-भाजपा गठबंधन के साथ सरकार बनाने के क्षेत्रीय पार्टी एचएसपीडीपी के दो विधायकों के फैसले के विरोध में शनिवार को पूरे दिन बैठकें और विरोध मार्च आयोजित किए गए। राजधानी के कई हिस्सों में सड़कों पर टायर जलाकर विरोध करने के अलावा, एचवाईसी,एचआईटीओ और %का सुर यू पेइडबाह का ब्री यू हिन्युट्रेप% ने दोनों विधायकों मेथडियस डखार और शाकलियर वारजोरी को अपना निर्णय बदलने के लिए 7 मार्च की समय सीमा निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि 60 सदस्यीय मेघालय विधानसभा के लिए 59 सीटों पर चुनाव हुआ था।

# एनटीपीसी बंगाईगांव में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस



**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** बंगाईगांव एनटीपीसी में शनिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। बंगाईगांव एनटीपीसी के सीजीएम करुणाकर दास के नेतृत्व में एनटीपीसी बंगाईगांव ने आज उत्साह के साथ 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। सुरक्षा प्रतिज्ञा बिजनेस यूनिट हेड, एनटीपीसी बंगाईगांव और स्टेशन के सभी एचओडी द्वारा ली गई, जिसे बंगाईगांव एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह द्वारा वर्चुअल तरीके से दिलाया गया। इस मौके पर दास ने एनटीपीसी कर्मचारियों, सीआईएसएफ कर्मचारियों, सहयोगियों और संविदा कर्मियों की उपस्थिति में संयंत्र परिसर में सुरक्षा ध्वज फहराया। सुरक्षा ध्वज फहराने के बाद, करुणाकर दास ने सभी कर्मचारियों और अनुबंध श्रमिकों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई और राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। महाप्रबंधक (एफएम) एसके झा, इस अवसर पर सीआईएसएफ-फायर कमांडेंट इंदुरी एस और स्टेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान सुरक्षा पर विचार साझा करने के लिए मंच भी आयोजित किया गया, जिसमें अनुबंधित श्रमिकों, सहयोगियों और अन्य साइट श्रमिकों के विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए। स्टेशन पर सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने की दिशा में विभिन्न सुरक्षा पहलों और सक्रिय कदमों के लिए बंगाईगांव एनटीपीसी में वार्षिक आधार पर ह्वाइट राइनो सेफ्टी अवार्ड 2023, सेफ्टी जोन अवार्ड 2023 और सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिताओं के तहत कर्मचारियों, विभागों और संविदा कर्मियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए। संयंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सीआईएसएफ के विभिन्न कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

# रंगारंग निशान के साथ श्री श्याम सत्संग मंडल का फाल्गुन उत्सव संपन्न, शोभायात्रा में दिखी असमिया झलक




**गुवाहाटी ( निसं )।** श्री श्याम सत्संग मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार से शुरू हुए खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का दो दिवसीय गौरवशाली 54वां वार्षिक महोत्सव शनिवार को विराट रंगारंग निशान व शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ। फैंसी बाजार के एमएस रोड स्थित साधना मंदिर प्रांगण से शाम को ढोल नगाड़े, गाजे-बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें असमिया संस्कृति की झलक देखने को मिली। निशान यात्रा में ब ?ी संख्या में महिलाओं के अलावा पुरुषों ने भी हिस्सा लिया। शोभायात्रा में शामिल महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में श्यामप्रभु का निशान थामे हुए थीं। विद्युत स्वचालित रंग बिरंगी रोशनी के बीच निकाली गई शोभायात्रा में भगवान गणेश, राम दरबार, श्रीकृष्ण सहित विभिन्न देवी-देवताओं की जीवंत झांकियों के अलावा रथ पर सवार खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का शीश भक्तो में आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से निकली, जहां जगह-जगह भक्तों द्वारा श्याम प्रभु का स्वागत कर बाबा की आरती की गई। शोभायात्रा के दर्शन हेतु जगह-जगह श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इससे पूर्व आज सुबह भजन-कीर्तन के कार्यक्रम में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। तत्पश्चात दोपहर को भक्तों की भारी उपस्थिति में महाआरती के पश्चात श्याम प्रभु को सवामणि का प्रसाद चढ़ाया गया, जिसके बाद में श्रद्धालुओं के बीच वितरित कर दिया गया। समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अंगूरलता डेका, सचिव आशा बोर्दोलोई सहित कई अन्य हस्तियां दरबार में हाजरी लगाने पहुंचे। दो दिवसीय श्री श्याम जयंती महोत्सव के विराट आयोजन को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## खुमटाई क्षेत्र में आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता का आकलन शुरू

**गोलाघाट ( हि.स. )।** गोलाघाट जिला के खुमटाई क्षेत्र में आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता का आकलन शनिवार से शुरू हो गया है। असम के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वाले कई लोग परीक्षण प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। इस स्वच्छता प्रतियोगिता में खुमटाई विधानसभा क्षेत्र के 148 राजस्व गांव और 24 बागान के इलाके भाग ले रहे हैं। स्थानीय विधायक मृणाल सैकिया सीधे प्रतियोगिता की निगरानी कर रहे हैं। विश्व में वन पुरुष के नाम से प्रसिद्ध यादव पायेंग, वरिष्ठ पत्रकार मृणाल तालुकदार, प्राणजीत सैकिया, नंदन प्रतिम शर्मा बोरदोलोई, शिक्षाविद दिनेश गोगोई और कई अन्य ने न्यायाधीश के रूप में इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। निर्णायकों को चार खंडों में विभाजित किया गया है। टीम खुमटाई विधानसभा क्षेत्र के गांवों के निरीक्षण के लिए रवाना हो चुकी है। स्थानीय लोगों में इस प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## हाथियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**नगांव ( हि.स. )।** जंगली हाथियों के हमले में चाय बागान निवासी एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि चार श्रमिक घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि नगांव जिला के कलियाबर महकुमा अंतर्गत हातीगांव चाय बागान में बीती मध्य रात्रि को जंगली हाथियों ने चाय बागान में काम करने वाले पांच मजदूरों पर हमला कर दिया। हाथी के हमले में मजदूर लक्ष्मण मिंज की मौत हो गई, वहीं प्रकाश एक्का, प्रताप एक्का, धीरज तिर्की, सनी केरकेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से धीरज तिर्की और सनी केरकेटा को बेहतर इलाज के लिए तेजपुर मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में रेफर किया गया है। मजदूर रात में चाय बागान के सिंचाई विभाग में काम कर रहे थे। अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद सभी मजदूर एक साथ सोये हुए थे। इसी दौरान जंगली हाथियों ने मजदूरों पर हमला कर दिया।

## सड़क हादसे में एक की मौत

**नगांव ( हि.स. )।** नगांव जिला के कलियाबर के जखलाबंधा में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर शनिवार की सुबह सड़क हादसा हुआ है। यहां एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमृत रॉय के रूप में हुई है। हादसा आज सुबह करीब चार बजे हुआ। ट्रक (एएस-01पीसी-2193) गुवाहाटी से नुमलीगढ़ की ओर जा रहा था। जखलाबंधा में भारतीय स्टेट बैंक के सामने ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया।

No. DW/NIT/77/2022-23/236

**NOTICE INVITING TENDER**

Tender in 2(two) Bid System affixing Court Fee Stamp of Rs 8.25 (or IPO of Rs. 10.00 in favour of “Director, WPT & BC, Assam” for bidders located outside Assam) are invited from Registered Manufacturers (Registered OEMs)/Authorized Dealers/ Distributors and Govt. Registered Supplies for the following :

1) Supply and Installation of Solar Light

Bid Documents in this regard may be collected from the Directorate of Tribal Affairs (Plain), Assam on or before 13th of March/2023 during office hours on submission of Bid Document fee of Rs. 1000/- (Rupees One thousand) only in the form of DD/Banker’s Cheque drawn in favour of Director, Tribal Affairs (Plain), Assam.

*-- Janasanyog /C/21910/22* **Director, Tribal Affairs (Plain), Assam**

# पृष्ठ एक का शेष

## *आज होगी भाजपा...*

की बैठक में भी शामिल होंगे। बैठक सुबह 10 बजे से मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर होगी। संभावना है कि बैठक के बाद भाजपा सरकार बनाने की अपनी मांग राज्यपाल के समक्ष रखेगी। भाजपा सूत्रों के मुताबिक डॉ. माणिक साहा को फिर से मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। क्योंकि, चुनाव प्रचार में भाग लेते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने पहले ही घोषणा कर दी है कि त्रिपुरा में फिर से मोदी-माणिक साहा की सरकार कार्य करेगी। ऐसे में नेता बदलने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। भाजपा सूत्रों कहा है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 8 मार्च को अगरतला के स्वामी विवेकानंद मैदान में होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, विभिन्न पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री और नेता शामिल होंगे।

## *मेघालय : पार्टी के ...*

काउंसिल (एचवाईसी) और हिन्युट्रेप इंटीग्रेटेड टेरिटोरियल ऑर्गनाइजेशन (एचआईटी) एवं खासी संगठन *का सुर यू पेइडबाह का ब्री यू हिन्युट्रेप* ने आवाज उठाई है। हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष केपी पांगनियांग ने चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कोनराड कनखल सांग्मा के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स फ्रंट (एनपीपी) को सरकार बनाने के लिए दो विधायकों, मेथोडियस डखर और शकलियर वारजोरी को समर्थन देने के लिए एक लिखित प्रस्ताव भेजा। लेकिन एचएसपीडीपी के अध्यक्ष ने बीती रात एनपीपी प्रमुख और मुख्यमंत्री कोनराड सांग्मा को अचानक पत्र भेजकर कहा कि दोनों विधायकों के समर्थन वाले प्रस्ताव को उन्होंने वापस ले लिया है। वहीं दोनों विधायकों एचएसपीडीपी अध्यक्ष के फैसले से इतर सरकार बनाने में एनपीपी का समर्थन करने के अपने फैसले पर अड़े हैं। इस बीच, तीन स्थानीय समूहों हिन्युट्रेप यूथ काउंसिल और हिन्युट्रेप इंटीग्रेटेड टेरिटोरियल ऑर्गनाइजेशन (एचआईटी) एवं खासी संगठन का सुर यू पेइडबाह का ब्री यू हिन्युट्रेप के पदाधिकारी इस बात से नाराज हैं कि दोनों विधायकों ने अपना फैसला नहीं बदला। ताजा खबर के मुताबिक, एनपीपी के साथ सरकार बनाने के क्षेत्रीय पार्टी एचएसपीडीपी के दो विधायकों के फैसले के विरोध में एचवाईसी और एचआईटीओ के पदाधिकारियों ने शिलांग के मोटफ्रेन में एक बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने आज विरोध मार्च भी निकाला। इस बीच, एनपीपी को एचएसपीडीपी के दो विधायकों के समर्थन के विरोध में शनिवार को मौलाई फुदमुरी के मदन हेह में *का सुर यू पैदबाह का ब्री यू हिन्युट्रेप* नामक खासी संगठन ने भी एक बैठक की। उल्लेखनीय है कि 60 सदस्यीय मेघालय विधानसभा चुनाव में 59 सीटों पर मतदान हुआ था। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) 26, भाजपा 2, रीजनल पार्टी हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी) 2, निर्दलीय 2, रीजनल पार्टी पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) 2, रीजनल पार्टी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) 11, वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी (वीपीपी) 4, कांग्रेस 5 और तृणमूल कांग्रेस को 5 सीटें मिली हैं। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के उम्मीदवार एचडीआर लिंगदोह के निधन के कारण सोहयोंग विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान स्थगित कर दिया गया है।

## *त्रिपुरा में विरोधी ...*

कॉर ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा के खिलाफ लगभग 60 प्रतिशत जनादेश एक विशेष पार्टी के लोगों के अविश्वास को दर्शाता है। चुनावों में, भाजपा का वोट शेयर 2018 के चुनावों में 43.59 प्रतिशत से 39 प्रतिशत कम था। 60 सदस्यीय विधानसभा में इसकी सीटों की संख्या भी 36 से घटकर 32 हो गई है। माकपा का वोट शेयर भी 42.70 फीसदी से घटकर 24 फीसदी रह गया है, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 1.41 फीसदी से बढ़कर 8.56 फीसदी हो गया है। टिपरा मोथा को लगभग 20 फीसदी वोट मिले हैं और वाम मोर्चे की कीमत पर आदिवासी और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में 13 सीटें जीती हैं। कार ने दावा किया कि भाजपा विरोधी दलों के बीच वोट विभाजन ने वास्तव में भगवा पार्टी को कम सीटों के साथ सरकार बनाने में मदद की है। उन्होंने चुनाव के बाद कुछ इलाकों में हुई हिंसा पर चिंता जताते हुए सरकार, प्रशासन और पुलिस से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने का आग्रह किया।

## *लोगों में धैर्य और ...*

कठोर वास्तविकता है। सीजेआई ने सोशल मीडिया पर कहा कि झूठी खबरों के दौर में सच ही शिकार हो गया है। आप जो कुछ भी करते हैं उसके लिए आपको किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा ट्रोल किए जाने का खतरा होता है जो आपसे सहमत नहीं है। लोगों में धैर्य और सहनशीलता की कमी हो रही है। कोविड महामारी को जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कोविड ने देशों को अपनी सीमा बंद करने पर मजबूर होना पड़ा। आबादी में निचले स्तर पर रहने वाली आधी दुनिया को ग्लोबलाइजेशन का ज्यादा फायदा नहीं मिला। उनके लिए लोकलाइजेशन से उम्मीद बढ़ी लेकिन ग्लोबलाइजेशन से उनको काफी फायदा मिलेगा। अंधेरे के उस पार की चीजें भी दिखने लगेंगी और मिलेंगी। कोविड ने डिजिटल मार्केट प्लेस और नए आइडियाज दिए, सस्टेनेबल डिवेलपमेंट के एजेंडा दिए। नए फ्रेम वर्क और टास्क दिए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोविड ने एक डिजिटल मार्केट प्लेस तैयार किया है जिसने भीतर काम करने का महत्व दिखाया है। कोविड ने हमें सिखाया कि हम एक-दूसरे से अलग-थलग रह सकते हैं लेकिन क्या यह एक स्थायी मॉडल है? सीजेआई ने कहा कि अमेरिका के हवाई और भारत के बीच विधि और न्याय के क्षेत्र मे नए पुल बनाना चाहते हैं। हमारा संविधान ग्लोबलाइजेशन से पहले ही ग्लोब्लाइजेशन (वैश्वीकरण) का आदर्श रहा है। उन्होंने कहा कि सात दशकों में बदलाव ये आया है कि खुलापन बढ़ा है सीमाएं खुली है। खुलेपन की हवा चली तो डेटा प्रोटेक्शन, कारोबारी मध्यस्थता, दिवालिया नियमों कानूनों को लेकर साझा कानूनों की जरूरत पड़ी।

## *मजदूरों पर हमला : स्टालिन...*

मंत्री सीवी गणेशन ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस खबर में कोई सच्चाई नहीं है कि तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में उत्तर भारत के मजदूरों पर हमला किया जा रहा है। तमिलनाडु शांति के लिए जाना जाता है और ऐसी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। इस बीच प्रवासी मजदूरों पर कथित तौर पर हुए हमलों को लेकर बिहार सरकार की चार सदस्यीय टीम शनिवार को तमिलनाडु का दौरा करेगी। टीम स्थिति का जायजा लेगी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दौरे के बाद एक रिपोर्ट सौंपेगी। नीतीश कुमार ने भी मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब अखबार के माध्यम से मुझे जानकारी मिली तो मैंने अधिकारियों से मामले के बारे में जानकारी निकालने को कहा। कल टीम भेजने के लिए बोला गया है, वह टीम जा रही है और एक-एक चीज देखेगी।

## *त्रिपुरा में विरोधी ...*

उठाया, बिहार सरकार ने शनिवार को तमिलनाडु में एक टीम को जायजा लेने के लिए भेजा और झारखंड ने कहा कि वह ऐसा करेगा। अलग-अलग शिकायतों में भाजपा प्रवक्ता प्रशांत उमराव को दैनिक भास्कर के संपादक और बिहार के एक अन्य पत्रकार मोहम्मद तनवीर के साथ बुक किया गया। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी के लिए तीन अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। तमिलनाडु सरकार द्वारा शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि तमिलनाडु में सभी उत्तर भारतीय श्रमिक राज्य में शांति से रह रहे हैं। इससे पहले तमिलनाडु में कथित तौर पर बिहार के श्रमिकों पर हुए हमले पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जब अखबार के माध्यम से मुझे जानकारी मिली तो मैंने अधिकारियों से मामले के बारे में जानकारी निकालने को कहा। कल टीम भेजने के लिए बोला गया है, वह टीम जा रही है और एक-एक चीज देखेगी।

## *ऑस्ट्रेलिया में हिंदू ...*

जस्टिस (एसएफजे) का एक पैटर्न है, जो स्पष्ट रूप से ऑस्ट्रेलियाई हिंदुओं को आतंकित करने का प्रयास कर रहा है। इससे पहले जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के कैरम डाउन्स में श्री शिव विष्णु मंदिर को हिंदू विरोधी भित्तिचित्रों के साथ तोड़ दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया के तमिल हिंदू समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले तीन दिवसीय *थाई पोंगल* त्योहार के बीच मंदिर में भक्तों के *दर्शन* के लिए आने के बाद 16 जनवरी को यह मामला सामने आया। खबरों के अनुसार, खालिस्तान समर्थकों ने मेलबर्न में 15 जनवरी, 2023 की शाम को एक कार रैली के जरिए अपने जनमत संग्रह के लिए समर्थन हासिल करने की कोशिश की। हालांकि, वे बुरी तरह विफल रहे, क्योंकि रैली में 200 से भी कम लोग इकट्ठे हुए। इस घटना से एक सप्ताह पहले, 12 जनवरी को, ऑस्ट्रेलिया के मिल पार्क में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को भारत विरोधी और हिंदू विरोधी भित्तिचित्रों से भर दिया गया था। द ऑस्ट्रेलिया टुडे ने बताया कि मिल पार्क के उपनगर में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे हुए थे और मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। मेलबर्न के इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) मंदिर के प्रबंधन को हरे कृष्ण मंदिर के रूप में भी जाना जाता है। मंदिर की दीवारों को भारत विरोधी भित्तिचित्रों के साथ तोड़ दिया गया। समाचार रिपोर्ट के अनुसार, विक्टोरियन मल्टीफेथ नेताओं की विक्टोरियन मल्टीकल्चरल कमीशन के साथ एक आपातकालीन बैठक आयोजित करने के दो दिन बाद इस्कॉन मंदिर पर हमला किया गया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की निंदा की और कहा कि इस मामले को कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ उठाया गया है और अपराधियों के खिलाफ शीघ्र जांच के लिए कहा गया है।

## *भारत के खिलाफ ...*

के हंबनटोटा बंदरगाह पर आने के बाद भारत और श्रीलंका के रिश्तों में खटास की आशंकाओं पर विदेश मंत्री ने कहा कि जब दो देश एक दूसरे के साथ काम करते हैं, तो थोड़े बहुत मनमुटाव आ जाते है। उन्होंने परिवार में भी विचारों में मतभेद होते हैं, विवाद नहीं होता। एमयूएम अली साबरी ने कहा कि भारत के साथ रिश्ते सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी देश को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि भारत हमारा पड़ोसी देश है। इस वजह से भारत के साथ संबंध हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक हैं। श्रीलकांई मंत्री ने कहा कि भारत और चीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। हम सभी के साथ मिलकरकाम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम भूल से भी भारत की सुरक्षा या अन्य हितों को किसी और चीज की आड़ में कमजोर नहीं होने देंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि हम बैठेंगे और बातचीत करेंगे और दोनों पक्षों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए उन चीजों को सुलझाएंगे।

## *समुद्र का स्तर ...*

स्तर में अनुमानित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक उतार-चढ़ाव की पड़ताल की गई है। अध्ययन में दुनिया भर में समुद्र के स्तर के जोखिम वाले क्षेत्रों का मानचित्रण करके प्रभावों के बारे में जानकारी जुटाई गई है। यह अध्ययन *नेचर क्लाइमेट चेंज* पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि समुद्र का तापमान बढ़ने से इसका स्तर बढ़ता है। ऐसा इसलिए क्योंकि पानी गर्म होने पर फैलता है और बर्फ की परतें पिघलने से महासागरों में अधिक पानी आता है। विभिन्न अध्ययनों में यह संकेत भी मिला है कि समुद्र स्तर में वृद्धि क्षेत्रीय रूप से भिन्न-भिन्न होगी, क्योंकि समुद्र की धाराओं में बदलाव से उत्तरपूर्वी अमेरिका समेत कुछ समुद्र तटों पर अधिक पानी होने की आशंका होगी।

## *टेक्नोलॉजी और इनोवेशन...*

से सशक्त करें ताकि वे नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें। एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने कहा कि कोटा शिक्षा की काशी है। यहां इस मेले के आयोजन का उद्देश्य औद्योगिक क्रांति लाते हुए क्षेत्र की आर्थिक उन्नति और प्रगति को सुनिश्चित करना है। आयोजन के माध्यम से कोटा सहित सम्पूर्ण हाडोती में एमएसएमई को बड़ोवा दिया जाएगा ताकि यहां उत्पादन बड़े, जीडीपी में योगदान बड़े, रोजगार बड़े और आर्थिक समृद्धि आए। दशहरा मैदान में एमएसएमई औद्योगिक प्रदर्शनी व मेले का शुभारंभ करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा की बेसिक इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोटा के शैक्षणिक नगरी के रूप में विकसित होने के बाद यहां सभी हॉस्टलों की ओर मुड़ गए। हाड़ौती के लोगों की इंडस्ट्रियल सेक्टर में ही बेसिक एंटरप्रेन्योरशिप है, हमें उसी को बड़ोवा देना होगा। बिरला ने कहा कि हमें इंडस्ट्रीयल सेक्टर को बड़ोवा देने के लिए नई रिसर्च और इनोवेशन से स्थानीय उद्यमियों विशेष तौर पर युवाओं को जोड़ना होगा। हमारे युवा शहरों में स्टार्ट अप और गांवों में लघु और कुटीर उद्योग प्रारंभ करें।

## *पूर्वोत्तर के पांच राज्यों ...*

स्थानों को कवर किया जाएगा उनमें असम के गुवाहाटी, शिवसागर, जोरहाट और काजीरंगा शामिल हैं। वहीं त्रिपुरा में उनाकोटी, अगरतला और उदयपुर; नगालैंड में दीमापुर और कोहिमा; मेघालय में शिलॉन्ग और चेरापूंजी को कवर किया जाएगा। पर्यटक दिल्ली, गाजिबाद, अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर, लखनऊ और वाराणसी रेलवे स्टेशनों पर भी चढ़ सकते हैं या उतर सकते हैं। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने ग्राहकों को ईएमआई भुगतान विकल्प प्रदान करने के लिए पेटीएम और रेजरपे के साथ भी करार किया है।


## *बिल गेट्स ने ...*

इन टीकों ने कोरोना महामारी के दौरान लाखों लोगों का जीवन बचाया और दुनियाभर में अन्य बीमारियों को फैलने से रोका। गेट्स ने कहा कि उन्होंने अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मोदी ने शनिवार को ट्वीट किया, बिल गेट्स से मिलकर और उनके साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करके खुशी हुई। उनकी विनम्रता और एक बेहतर तथा अधिक टिकाऊ ग्रह बनाने का उनका जुनून स्पष्ट रूप से नजर आता है। गेट्स ने एक लेख में कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया के सामने इतनी सारी चुनौतियां हैं, भारत जैसी गतिशील और रचनात्मक जगह की यात्रा से प्रेरणा मिलती है।

## *एसएफआई ने समाचार ...*

चैनल की शिकायत के आधार पर केरल में सत्तारूढ़ माकपा की छात्र शाखा एसएफआई के करीब 30 कार्यकर्ताओं के खिलाफ शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि शिकायत के अनुसार, एसएफआई कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार रात करीब आठ बजे सुरक्षा कर्मियों को धक्का देकर न्यूज चैनल के खिलाफ नारेबाजी की और कथित तौर पर कार्यालय में प्रवेश किया और यहां मौजूद कर्मचारियों को धमकाया। माकपा सूत्रों ने शनिवार को आरोप लगाया कि उत्तरी केरल के एक स्कूल में 10 से अधिक छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न के बारे में एक नाबालिग लड़की का उपयोग करके कथित रूप से फर्जी खबर बनाने के लिए समाचार चैनल के खिलाफ एक शिकायत थी। एसएफआई एर्नाकुलम जिला समिति के सूत्रों ने यह दावा करते हुए कार्रवाई को सही ठहराने की कोशिश की कि छात्र संगठन ने इसके द्वारा चलाए जा रहे फर्जी समाचारों के विरोध में मीडिया हाउस के कोच्चि कार्यालय तक मार्च का आयोजन किया। समाचार चैनल ने पिछले साल अपने कार्यक्रम के हिस्से के रूप में राज्य में नशीली दवाओं के खतरे पर कहानी चलाई थी। पुलिस ने कहा कि कार्यकर्ताओं पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**( संत )**

**आश वासना नहिं रहा, रहा न जग अभिमान।**
**भोगी अन्तर अगम का, भक्ति अचल विज्ञान ॥ 05 ॥**

**शब्दार्थ :** (भक्ति-अचल) अनपायिनी दृढ़ भक्ति।

**भाष्य :** संत में जगत का अभिमान और किसी प्रकार की आश-वासना नहीं रहती। वे ब्रह्मविद्या के विज्ञान द्वारा अचल, दृढ़ भक्ति के अंतर, अगम ब्रह्मसुख का उपभोग करते हैं।

**जग के सुख दुख सम गनैं, अन्तर सुख सुख आश।**
**माया मोह बिडम्बना, कुबुद्धि कुचाल विनाश ॥ 06 ॥**

**शब्दार्थ :** (अन्तर सुख) ब्रह्मसुख (बिडम्बना) धोखा।

**भाष्य :** वैराग्यवान संत माया-मोह की विडम्बना, धोखा एवं कुबुद्धि, कुमार्ग का निराश करके दुःख-सुख को समान जानकर अंतर आत्मा से सुखी हो, ब्रह्मसुख की आशा में लगे रहते हैं अर्थात निशिदिन प्रभुप्राप्ति एवं उसके आनंद उपभोग में निमग्न रहते हैं।

# कामरूप (मेट्रो) के स्कूल सब इंस्पेक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार



**गुवाहाटी (हि.स.)।** कामरूप (मेट्रो) जिला स्कूल सब इंस्पेक्टर बुद्ध कटकी को रिश्वत लेते सतर्कता निदेशालय और भ्रष्टाचार निरोधक प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने शनिवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शनिवार को गुवाहाटी के रेहाबारी स्थित उनके कार्यालय में शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते कटकी को रंगे हाथों पकड़ा गया। स्कूल सब इंस्पेक्टर बुद्ध कटकी ने स्कूल विकास कोष के लिए राहत राशि देने के लिए रिश्वत की मांग की थी। आईपीएस सुरेंद्र कुमार ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर घटना की जानकारी दी। काफी समय से सतर्कता निदेशालय और भ्रष्टाचार निरोधक प्रकोष्ठ और सीएम सतर्कता प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने असम के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में छापेमारी कर कई अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। रिश्वत लेने के आरोप में शुक्रवार को तीन सरकारी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था। नगांव जिला के कोलियाबार राजस्व अंचल के लाट मंडल (लेखपाल) प्रांजल बोरा को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया। उन्होंने जमीन बेचने के एवज में पैसे की मांग की थी। सहकारी समितियों के कार्यालय में वरिष्ठ सहायक विद्याधर दास को पेंशन फाइलों को संसाधित करने के लिए धन स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। तीसरी गिरफ्तारी ग्वालपाड़ा जिला के मटिया प्रखंड में हुई। बैंक ऋण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए रिश्वत लेते प्रखंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी बजलूल बासित सरकार को गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा 28 फरवरी को मुख्यमंत्री सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक टीम ने ग्वालपाड़ा ड्रग इंस्पेक्टर के कार्यालय पर छापा मारा और फार्मेसी लाइसेंस के लिए 19 हजार रुपए लेते हुए चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी दीपजीत सरकार एवं तृतीय श्रेणी के कर्मचारी अंसार अली को पकड़ा गया था।

## लक्जरी वाहन से बर्मीज सिगरेट बरामद, एक गिरफ्तार

**कछार (हि.स.)।** कछार जिला अवैध बर्मीज (म्यांमार) के सामानों की तस्करी के लिए एक सुरक्षित गलियारा के रूप में बदलता जा रहा है। पड़ोसी राज्य मिजोरम से कछार के रास्ते प्रति दिन म्यांमार के विभिन्न वस्तुओं की चोरी-छिपे तस्करी की जा रही है। तस्कर नये-नये हथकंडे अपनाकर इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कछार जिला के गुमडा में एक लग्जरी गाड़ी से लगभग 3,000 पैकेट बर्मीज सिगरेट बरामद की गई है, जिसकी बाजार में कीमत 3 लाख रुपए बताई जा रही है। यह सिगरेट मिजोरम से तस्करी करके लाई जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में हैलाकांदी जिला निवासी तस्कर जमील अहमद को गिरफ्तार किया है। दो महीने पहले भी जमील अहमद को कछार पुलिस ने बर्मीज सिगरेट की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# लंपी वायरस से बराक समेत पांच जिलों में सैकड़ों मवेशी प्रभावित, सरकार से मांगी मदद



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम में लंपी वायरस ने सैकड़ों मवेशियों को प्रभावित किया है। चिंतित पशु पालकों ने मवेशियों को इस घातक त्वचा रोग से बचाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। राज्य पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग के अनुसार दक्षिण असम की बराक घाटी के कछार, हैलाकांदी और करीमगंज, कामरूप (ग्रामीण) और बरपेटा जिलों में लंपी वायरस त्वचा रोग (एलएसडी) का प्रकोप सबसे अधिक है। जानवारों में फैलने वाला लंबी वायरस पहली बार अगस्त, 2019 में ओडिशा के चार जिलों, मयूरभंग, बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा और कटक में खोजा गया था। इसके बाद इसका संक्रमण राजस्थान, गुजरात के साथ ही पूर्वोत्तर में भी फैल गया। राजस्थान में चार हजार से ज्यादा मवेशियों की मौत हुई और 94 हजार से अधिक मवेशी प्रभावित हुए। इसके अलावा पिछले साल जुलाई-अगस्त में यह वायरस कई जिलों में फैल गया। राजस्थान के 16 जिलों में स्थिति सबसे खराब रही। इसके अलावा गुजरात के कच्छ, सौराष्ट्र, उत्तर गुजरात और दक्षिण गुजरात के 14 जिलों में यह संक्रमण फैल चुका है। इस बीच, पशु पालकों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है, क्योंकि असम में सैकड़ों मवेशी लंपी वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। उन्हें इस बीमारी के कारण असीमित संख्या में मवेशियों के मरने का डर सता रहा है।

## रेडीमेड गारमेंट एसोसिएशन ने सहायता सामग्री वितरित की



**गुवाहाटी (नसं)।** गत दिनो हाथीगांव में लगी भीषण आग में कई लोग बेघर हो गए थे। उन अग्नि पीड़ित लोगों के बीच रेडीमेड गारमेंट्स डीलर एसोसिएशन ने बेडशीट का वितरण किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुब्रतो राय, उपाध्यक्ष दीपक बनीक, सह मंत्री काजल दे, कोषाध्यक्ष सुभाष दे, संगठन मंत्री अरुण दे और उतम साहा तथा सलाहकार असीम राय उपस्थित थे।

## आग में एक घर और तीन दुकान जलकर राख

**नलबाड़ी (हि.स.)।** नलबाड़ी जिलांतर्गत मुकालमुआ के भाननामारी चर (नदी का छड़न वाला क्षेत्र) इलाके में लगी आग के दौरान तीन व्यापारिक प्रतिष्ठान और एक घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बीती रात भाननामारी के सैयद अली चर इलाके में आग लगने की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने अग्निशमन की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझाए जाने तक तीन व्यापारिक प्रतिष्ठान और एक घर पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। सैयद अली चर इलाके में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। आग की वजह से लगभग सात लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। हालांकि, आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## जेसीआई क्षेत्र 25 ने सप्ताह व्यापी महिला दिवस कार्यक्रम शुरू किया



**गुवाहाटी (निसं)।** जेसीआई क्षेत्र 25 के तत्वाधान मे पुरे क्षेत्रीय जेसीआई शाखाओ के बीच %ब्रेक द बायस% थीम के साथ महिला दिवस सप्ताह की शुरूआत की। जो 2 मार्च को शुरू हुआ और पूरे जेसीआई इंडिया में 9 मार्च तक चलेगा। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां और जागरूकता के कार्यक्रम किए गए। सप्ताह के दूसरे दिन मल्टी लो कार रैली ऑन जेंडर इक्वेलिटी का आयोजन किया। रैली में कुल 9 स्थानीय संगठनों ने भाग लिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष बिजय अग्रवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ऋषभ जैन और सभी शाखा अध्यक्ष उपस्थित थे। यह महिला दिवस कार्यक्रम पूरे पूर्वोत्तर में जेसीआई सदस्यों द्वारा आयोजित किया जाता है। जेसीआई तेजपुर शाइन, जेसीआई नवगांव रॉयल्स, जेसीआई दीमापुर क्रिएटर्स, जेसीआई इम्फाल आइकॉनिक्स, जेसीआई गुवाहाटी हुनर, जेसीआई गुवाहाटी प्रिंसेस, जेसीआई गुवाहाटी एंजेल्स, जेसीआई गुवाहाटी बिज वुमन, जेसीआई दिसपुर कैपिटल, जेसीआई बेलतला गुवाहाटी, जेसीआई कामरूप एलीट, जेसीआई गुवाहाटी पाथफाइंडर्स, जेसीआई कामरूप युवा सर्कल ने इसमे भाग लिया। जेसीआई इंडिया की नेशनल कॉर्डिनेटर जोरहाट की शीतल लोहिया और क्षेत्रीय निदेशक शिलांग की मधुलता झुनझुनवाला इस कार्यक्रम की प्रभारी हैं। गुवाहाटी से जेसीआई के 50 सदस्यों ने कार रैली में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह एक सफल आयोजन था और यह साबित कर दिया कि हम साथ हैं और हम साथ रहेंगे।

## कांग्रेस ने पूर्वोत्तर के लोगों का किया अपमान: डॉ. के लक्ष्मण

**गुवाहाटी (हि.स.)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण शनिवार को गुवाहाटी हवाई अड्डे पर उतरने के बाद सीधे मां कामाख्या मंदिर के दर्शन करने को पहुंचे। उन्होंने यहां मां कामाख्या का आशिर्वाद लिया। बाद में वे भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की। उन्होंने पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में चुनाव के परिणामों के लिए पूर्वोत्तर के लोगों को भी धन्यवाद दिया। इस दौरान डॉ. लक्ष्मण ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने पूर्वोत्तर के लोगों का अपमान किया है। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनाव परिणाम पर इन्हें छोटे राज्यों का चुनाव कहकर कांग्रेस ने उपहास किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर ने पिछले नौ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय स्तर पर असम के मुख्यमंत्री की लोकप्रियता और असम के क्षेत्र में जन कल्याण के क्षेत्र में उठाए गए मजबूत कदम बहुत स्वागत योग्य हैं। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया विभाग के संयोजक ददुमणि बोरा के संयोजन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी विशाल टंडन, उपाध्यक्ष पंकज दास और वनिता मेधी, प्रदेश महासचिव सौरव कुमार नाथ, निपोन चेतिया और प्रदेश सचिव कुलदीप मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि डॉ. के. लक्ष्मण आगामी शनिवार को कामरूप (मेट्रो) जिला के खेत्री गांव पंचायत के सभागार में आयोजित असम प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेंगे।

## नूनमाटी श्री श्याम मंदिर में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**गुवाहाटी।** नूनमाटी के इंडिया कार्बन परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का वार्षिक महोत्सव शनिवार को विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री श्याम मित्र मंडल समिति के तत्वावधान में आयोजित दिन भर के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। इस मौके पर समूचे मंदिर परिसर को भव्य रूप से फूलों द्वारा सजाया गया एवं श्री श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रात: 7 बजे पूजा-अर्चना के पश्चात मंदिर में महाआरती की गई। इस मौके पर दोपहर 2 बजे से भजन-कीर्तन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें सूरजगढ़ से संजय सैन व गुवाहाटी के युवा गायक कलाकार उज्ज्वल मोर सहित कई स्थानीय कलाकारों ने अपने-अपने भजनों के पुष्प दरबार में अर्पित किए। गायक कलाकारों ने उपस्थित भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान नृत्य नाटिका का मंचन किया गया, जिसे देख उपस्थित श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर श्याम प्रभु को सवामणी व छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया, जिसे बाद में श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। वार्षिक महोत्सव के मौके पर समिति की ओर से आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में राजेन मुरारका, संतोष अग्रवाल, अजय मुरारका, विकास अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सेदुराम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, कमल अग्रवाल सहित समिति के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## युवतियों से छेड़छाड़ करने व कपड़े चुराने वाला गिरफ्तार




**होजाई (होसं)।** होजाई के एक पीजी से लड़कियों के कपड़े चुराने व उनके साथ छेड़छाड़ के सिलसिले में दर्ज कराई गई एक शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए होजाई पुलिस ने फरार आरोपी अमर राजकुमार को लंका थाना अंतर्गत उदाली से आज धर दबोचा। प्राप्त समाचारों के अनुसार गत 21 फरवरी को इस संदर्भ पीड़ितों द्वारा एक शिकायत होजाई पुलिस स्टेशन किया गया था। इसके पश्चात होजाई पुलिस ने केस नंबर 125/2023 भारतीय दंड संहिता की धारा 379/354 बी/453/393 में दर्ज की गई थी तत्पश्चात होजाई पुलिस ने उक्त पीजी की सीसीटीवी फूटेज की पूरी तरीके से जांच की और तहकीकात आरंभ किया, जिसके परिणाम स्वरुप आज आरोपी को पकड़ लिया गया। उस घटना के पश्चात होजाई वासियों में काफी रोष है। उन्होंने मांग की है कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

## शिक्षक मैनूल हक के निधन से शोक की लहर

**नगरबेड़ा (निसं)।** कामरूप जिले के बोको निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जामलाई के निवासी और शिक्षक मैनूल हक (57) का आज सुबह 8.10 बजे निधन हो गया। यह पता चला है कि स्थानीय जामलाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत मैनूल हक लंबे समय से कई बीमारियों से जूझ रहे थे। कुछ दिन पहले उसकी हालत गंभीर हो गई थी। उन्हें इलाज के लिए जीएमसीएच में भर्ती कराया गया था, लेकिन आखिरकार आज अस्पताल में उनकी मौत हो गई। वह नाइटर विद्यानगर मार्केट मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष, जामलाई हाफीजिया मदरसा की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष और देशी जनजाति मंच, असम की केंद्रीय समिति के सलाहकार थे, साथ ही साथ इस क्षेत्र में विभिन्न घटनाओं से निकटता से जुड़े थे। शिक्षक के पार्थिव शरीर को आज दोपहर जमलाई स्थित उनके आवास पर लाने के बाद। शाम 4.30 बजे स्थानीय जामलाई-हेकरातारी सार्वजनिक कब्रिस्तान में कई गणमान्यों की मौजूदगी में उनकी नमाज-ए-जनाजा हुई।

## दलालों की संपत्ति कुर्क कर मुआवजा दे सरकार : हिंयुछाप

**गुवाहाटी।** हिंदू युवा छात्र परिषद, असम ने गुवाहाटी शहर के शिलसाकोन बील में हाल ही में असम सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर निष्कासन अभियान को अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। परिषद ने गुवाहाटी शहर में दिपर बील, बरसोला बील, सरुसोला बील, वाहिनी और भरलू नदियों के दोनों किनारों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक सख्त और व्यापक अभियान चलाने का भी आह्वान किया। उक्त बातें परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष बलेन वैश्य एवं महासचिव माधव दास ने आज समाचार पत्रों को भेजे प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने मीडिया को यह भी बताया कि शिलसाको बीच पर कब्जा करने की साजिश में शामिल दलालों की पहचान करना असम सरकार की बड़ी उपलब्धि है। बयान में एक बिल्डर को गिरफ्तार करने के लिए असम पुलिस की भी सराहना की गई। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को सिर्फ परेश दास नाम के दलाल को गिरफ्तार नहीं करना चाहिए। उन्होंने सरकार से इस दलाली में शामिल हर दलाल को चिन्हित कर गिरफ्तार करने और उनकी संपत्तियों को जब्त कर नीलाम करने और पीड़ितों को मुआवजे के रूप में एकत्रित धन का भुगतान करने की भी मांग की. वहीं बयान में वैश्य व दास ने सरकारी जमीन पर बनी विकास समितियों के पदाधिकारियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की. उन्होंने कहा कि ये विकास समितियां कब्जे वाले क्षेत्रों में सड़कों, बिजली और अन्य सुविधाओं से बाढ़ लाती हैं ताकि नए लोगों को ऊंची कीमत पर अधिग्रहित जमीन खरीदने और दलालों को लाभ पहुंचाने के लिए आकर्षित किया जा सके। इसलिए परिषद के अध्यक्ष और सचिव ने सरकार और प्रशासन से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि पूरी प्रक्रिया में शामिल सभी सरकारी और गैर-सरकारी लोगों को उचित सजा मिले।

# असम में कुछ मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के समय में संशोधन



**गुवाहाटी (विभास)।** अवसंरचना के निरंतर उन्नयन को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) के कुछ स्टेशनों पर कुछ मेल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के समय में संशोधन किया गया है। ट्रेन 13246 (राजेंद्र नगर टर्मिनल-न्यू जलपाईगुड़ी) कैपिटल एक्सप्रेस, 13248 (राजेंद्र नगर टर्मिनल-कामाख्या) एक्सप्रेस, 15484 (दिल्ली-अलीपुरद्वार) सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस और 07526 न्यू बंगाईगांव-सिलीगुड़ी जंक्शन डेमू स्पेशल ट्रेनों के यात्रा समय को कम करने के लिए गति बढ़ाई गई है। पूसीरे के क्षेत्राधिकार में इन ट्रेनों के यात्रा समय को 24 मिनट तक कम किया गया है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने शनिवार को बताया है कि ट्रेन संख्या 13246 राजेंद्र नगर टर्मिनल-न्यू जलपाईगुड़ी कैपिटल एक्सप्रेस का समय संशोधन 9 मार्च से लाभा, खुरियाल, आजमनगर रोड, बारसोई जंक्शन, सुधानी, तेलता, डालखोला, किशनगंज, ठाकुरगंज और बागडोगरा स्टेशनों पर किया गया है। यह ट्रेन लाभा से 07.58 बजे के बजाय 07.47 बजे रवाना होगी और बागडोगरा से 11.52 बजे के बजाय 11.17 बजे रवाना होगी। ट्रेन संख्या 13248 राजेंद्र नगर टर्मिनल-कामाख्या एक्सप्रेस का समय संशोधन 08 मार्च से लाभा, खुरियाल, आजमनगर रोड, बारसोई जंक्शन, सुधानी, तेलता, डालखोला, किशनगंज, ठाकुरगंज, बागडोगरा, सिलीगुड़ी जंक्शन, न्यू माल जं., बिन्नागुड़ी, दलगांव, हासिमारा और अलीपुरद्वार जंक्शन स्टेशनों पर किया गया है। यह ट्रेन लाभा से 07.58 बजे के बजाय 07.47 बजे रवाना होगी और अलीपुरद्वार जंक्शन से 16.33 बजे के बजाय 16.20 बजे रवाना होगी। ट्रेन संख्या 15484 दिल्ली-अलीपुरद्वार जंक्शन सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस का समय संशोधन 08 मार्च से कटिहार जं., लाभा, आजमनगर रोड, बारसोई जं., डालखोला, किशनगंज, अलुआबाड़ी रोड, ठाकुरगंज, बागडोगरा, सिलीगुड़ी जं., न्यू माल जं., बिन्नागुड़ी, दलगांव, हासिमारा और अलीपुरद्वार जंक्शन स्टेशनों पर किया गया है। यह ट्रेन कटिहार जंक्शन से 09.50 बजे के बजाय 09.35 बजे रवाना होगी और 20.20 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 07526 न्यू बंगाईगांव-सिलीगुड़ी जं. डेमू स्पेशल का समय संशोधन 10 मार्च से न्यू बंगाईगांव, डांगतल, बासुगांव, सालाकाटी, कोकराझाड़, फकीराग्राम जंक्शन, सापटग्राम, टिपकाइ, मंगलाझोरा, बासबाड़ी और मटेरझाड़ स्टेशनों पर किया गया है। यह ट्रेन न्यू बंगाईगांव से 06.00 बजे रवाना होगी और 07.40 बजे मटेरझाड़ पहुंचेगी।

**NIT NO. DDI/Tech/216/**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing non-refundable court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight & Paisa Twenty Five) only in prescribed form subsequently to be drawn in A.P.W.D. F-2 form of Tender Agreement are hereby invited from the Registered Contractor/ Firm of Irrigation Department for the following work-

| Group No. | Name of Scheme | Estimated Cost | EMD |
|---|---|---|---|
| 1 | M&R Works for Maloibari ELIS (Mechanical & Electrical Works) during the year 2022-23. | Rs. 4,50,000.00 | 2% for General and 1% for sC/ST/OBC |

The bids will be received in the office of the undersigned upto 2:00 PM on 10/03/2023 and opened on the same day at 3:00 PM in the same place and date by the undersigned or his representatives in presence of the intending tenderers or their authorized agents. Detailed particulars of the tender including the terms and conditions etc. may be seen in the office of the Executive Engineer, Dispur Division (1), Sonapur on all working days. Tender Papers may be obtained on written request from the office of the undersigned on payment of Rs.100.00 (Rupees One Hundred) only in the form of IPO pledged in favour of the Executive Engineer, Dispur Division (1), Sonapur during office hours upto 12 Noon on 10/03/2023.

In the event of non functioning of office on the date due to some reasons, the next working day of office will be the date of receivmg and opening of Tenders.

Note: The rate should be quoted as Percentage rate basis (as per/ percentage above/ percentage below)


— Sd —
Executive Engineer
Dispur Division (Irrigation)
Sonapur

*-- Janasanyog /C/21962/22*

# जी-20 सम्मेलन के बीच भारत ने अचानक एलएसी पर बढ़ाई सैन्य गतिविधियां

**- भारत के सैनिकों ने घोड़ों व खच्चरों पर सवार होकर गलवान घाटी के पास सर्वे किया**
**- जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन, बफर जोन से दूर सेना के जवानों ने क्रिकेट खेली**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देश की राजधानी में जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के बीच भारतीय सेना ने अचानक पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। भारतीय सैनिकों ने घोड़ों व खच्चरों पर सवार होकर गलवान घाटी के पास सर्वे किया और जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन जैसी गतिविधियां कीं हैं। जी-20 सम्मेलन से अलग चीन और भारत के विदेश मंत्रियों की मुलाकात भी हुई है, जिसमें डॉ. एस. जयशंकर चीन के साथ संबंधों को 'असामान्य' बता चुके हैं। चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जी 20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर गुरुवार को चीनी विदेश मंत्री किन गांग से दिल्ली में करीब 45 मिनट तक मुलाकात की। इसके बाद चीनी विदेश मंत्री ने भारत-चीन सीमा मुद्दे पर स्थिति को नियंत्रण में रखने की बात कही। उन्होंने दोनों पक्षों को महत्वपूर्ण सहमति लागू करने, संवाद बनाए रखने और मतभेदों को सुलझाने की वकालत की। भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि वार्ता के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन-चैन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें द्विपक्षीय संबंधों में सीमा मुद्दे को उचित स्थान पर रखकर सामान्य नियंत्रण के लिए सीमा की स्थिति के शुरूआती बदलाव को बढ़ावा देना चाहिए। भारत-चीन के विदेश मंत्रियों की वार्ता के बीच अचानक भारतीय सेना ने गलवान घाटी और पैन्गोंग झील एरिया में अचानक हलचल बढ़ा दी। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात



भारतीय सेना की टुकड़ियों ने एलएसी के आसपास के इलाकों में घोड़ों और खच्चरों से सर्वेक्षण किया। इसके अलावा जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन जैसी गतिविधियां कीं। सेना ने आधिकारिक तौर पर तस्वीरें जारी की हैं, जिसमें भारतीय सैनिक पूर्वी लद्दाख में किसी स्थान पर क्रिकेट खेलते दिख रहे हैं। लेह स्थित सेना की 14 कॉर्प्स ने ट्वीट किया, "पटियाला ब्रिगेड, त्रिशूल डिवीजन ने शून्य से नीचे तापमान में अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में पूरे उत्साह और जोश के साथ क्रिकेट मैच का आयोजन किया, हम असंभव को संभव बनाते हैं।" हालांकि, सेना ने इस स्थान का खुलासा नहीं किया, लेकिन यह जगह पेट्रोलिंग प्वाइंट 14 से लगभग 4 किलोमीटर दूर है। गलवान घाटी की यह वही जगह है, जहां 15/16 जून, 2020 को चीनी सेना ने भारत के जवानों पर विश्वासघात कर हमला किया था। इस हमले में 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे और चीन ने काफी समय बाद माना कि इस संघर्ष में उस्के भी 5 जवान मारे गए थे। हालांकि, पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच मई, 2020 से गतिरोध चल रहा है, लेकिन गलवान घाटी की घटना के बाद तनाव और बढ़ा, जिसकी वजह से सीमा पर दोनों देशों के हजारों सैनिक तैनात हैं और कई बार विवाद की भी स्थिति पैदा हुई है। पूर्वी लद्दाख सीमा पर जिस जगह भारतीय सेना के जवानों ने क्रिकेट खेली, वह स्थान भारत और चीन की ओर से आमने-सामने के टकराव से बचने के लिए बनाए गए बफर जोन से अच्छी खासी दूरी पर है। दोनों देशों की सेनाओं ने टकराव से बचने के लिए अपनी-अपनी तैनाती से 1.5 किलोमीटर पीछे हटने का फैसला किया है, इसलिए यह स्थान बफर जोन में तब्दील हो गया है। भारतीय सेना ने इस क्षेत्र में पहला कैंप 700 मीटर पीछे हट कर बनाया है। इसके बाद भारत की सेना का कैंप नंबर-2 और कैंप नंबर-3 है। ये कैंप लगभग समान दूरी पर मौजूद हैं, ताकि चीनी गतिविधियों पर निगाह रखी जा सके।

# अवसंरचना विकास देश की अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्तिः प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अवसंरचना विकास देश की अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति है। इसी रास्ते पर चलते हुए भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा सह-संचालन उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा अवसंरचना और निवेश विषय पर आयोजित बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी देश के विकास में अवसंरचना का महत्व हमेशा से ही रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की ग्रोथ को नई ऊर्जा देने वाला है। दुनिया के बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स और कई प्रतिष्ठित मीडिया हाउसेस ने भारत के बजट और उसके रणनीतिक निर्णयों की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री ने वोट बैंक की राजनीति के लिए अवसंरचना विकास पर निवेश नहीं करने के लिए पूर्ववर्ती सरकारों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, हमारे यहां दशकों तक एक सोच हावी रही कि गरीबी एक मनोभाव है। इसी सोच की वजह से देश के अवसंरचना पर निवेश करने में पहले की सरकारों को दिक्कत होती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने ना सिर्फ देश को इस सोच से बाहर निकाला है बल्कि वो आधुनिक अवंसरचना पर रिकॉर्ड निवेश भी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज नेशनल हाईवे का औसत वार्षिक निर्माण 2014 की तुलना में दोगुना हो गया है। 2014 से पहले हर साल 600 रूट किमी. रेल लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन होता था, आज ये लगभग 4,000 रूट किमी. तक पहुंच रहा है। एयरपोर्ट की संख्या 2014 की तुलना में 74 से बढ़कर 150 के आसपास पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से, स्वतंत्रता के बाद, आधुनिक बुनियादी ढांचे पर अधिक आवश्यक जोर नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान, भारत के आधारभूत संरचना का, भारत के मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स का कायाकल्प करने जा रहा है। ये आर्थिक और बुनियादी ढांचा योजना को, विकास को एकीकृत करने का बहुत बड़ा उपकरण है। उन्होंने कहा कि नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइप लाइन के तहत सरकार आने वाले समय में 110 लाख करोड़ रुपये इंवेस्ट करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। ये समय प्रत्येक स्टेक होल्डर के लिए ये नए दायित्व, नई संभावनाओं और साहसपूर्ण निर्णय का है। प्रधानमंत्री ने भौतिक मूल ढांचा के साथ ही देश के सामाजिक बुनियादी ढांचा को भी उतना ही आवश्यक बताया। उन्होंने कहा, हमारा सामाजिक इंफ्रास्ट्रक्चर जितना मजबूत होगा, उतने ही प्रतिभावान युवा, स्किल युवा, काम करने के लिए आगे आ पाएंगे। इसलिए स्किल डेवलपमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, फाइनेंस स्किल पर जोर दिया जाना बहुत आवश्यक है।

# राष्ट्रपति ने स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 प्रदान किये

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 प्रदान किया और जल शक्ति अभियानः कैच द रेन -2023 का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम-जी), जल जीवन मिशन (जेजेएम) और राष्ट्रीय जल मिशन (एनडब्ल्यूएम) के तहत विभिन्न श्रेणियों में कुल 18 पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के जीवन में जल और स्वच्छता का विशेष स्थान है। लेकिन ये मुद्दे महिलाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं, क्योंकि आमतौर पर महिलाओं की जिम्मेदारी होती है कि वे अपने घर में पीने के पानी की व्यवस्था करें। गांवों में उन्हें पीने के पानी के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था। पीने के पानी की व्यवस्था करने में न केवल उनका बहुत समय लगता था बल्कि उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य भी खतरे में पड़ जाता था। आमतौर पर स्कूल व कॉलेज जाने वाली लड़कियां भी अपने बड़ों के साथ पानी की व्यवस्था करने में लगी रहती थीं, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती थी। इन समस्याओं को दूर करने के लिए भारत सरकार ने विशेष उपाय किए हैं। स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण और जल जीवन मिशन जैसी पहलों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता सुविधाएं प्रदान कर रहा है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आज 11.3 करोड़ से अधिक घरों को नल से पीने योग्य पानी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं पहले पानी लाने में समय लगाती थीं, अब उस समय का उपयोग अन्य उत्पादक कार्यों में कर रही हैं। नल के स्वच्छ पानी से शिशुओं के स्वास्थ्य में भी महत्वपूर्ण सुधार हुआ



है जो प्रदूषित पानी के कारण डायरिया और पेचिश जैसी जल जनित बीमारियों के शिकार हो जाते थे। राष्ट्रपति ने जल संरक्षण और जल प्रबंधन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि हमारे देश में जल संसाधन सीमित हैं और इसका वितरण भी असमान है। विश्व की लगभग 18 प्रतिशत जनसंख्या भारत में निवास करती है, परन्तु यहां विश्व के केवल 4 प्रतिशत जल संसाधन उपलब्ध हैं। इसके अलावा, इस पानी का अधिकांश भाग वर्षा के रूप में प्राप्त होता है, जो नदियों और समुद्रों में बह जाता है। इसलिए जल संरक्षण और इसका प्रबंधन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। आज हम जलापूर्ति के लिए परंपरागत साधनों की अपेक्षा संस्थागत साधनों पर अधिक निर्भर हैं। लेकिन स्थायी जल आपूर्ति के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने के साथ-साथ जल प्रबंधन और जल संचयन के पारंपरिक तरीकों को पुनर्जीवित करना समय की मांग है। जल संरक्षण और इसके प्रबंधन के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना चाहिए। हमें यह प्रयास न केवल अपने लिए बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए भी करने की जरूरत है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि देश के लगभग दो लाख गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस गांव घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि इन गांवों में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन प्रणाली मौजूद है। उन्होंने घरेलू कचरे के उचित और पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि अक्सर यह देखा जाता है कि घरों से निकलने वाला ठोस कचरा सार्वजनिक स्थान पर फेंक दिया जाता है और तरल कचरा जलाशयों में चला जाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्यावरण और जीव-जंतुओं के लिए हानिकारक है। हमारे पास एक ऐसी प्रणाली होनी चाहिए जिसमें अधिकांश अपशिष्ट पदार्थों का पुनर्चक्रण हो, तरल अपशिष्ट, भूमिगत जल में न मिल सके और रि-साईकिल के बाद बचे कचरे से खाद बना सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को एक 'स्वच्छ राष्ट्र' बनाना न केवल सरकार की जिम्मेदारी है, बल्कि सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति' के बिना 'जल शक्ति' फलदायी नहीं हो सकती। सामाजिक समृद्धि के लिए इन दोनों शक्तियों की संयुक्त शक्ति की आवश्यकता है। 'जल जीवन मिशन' का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी पुरस्कार विजेताओं द्वारा जल संरक्षण, गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने, अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल संचयन के क्षेत्र में किए जा रहे समर्पण और कड़ी मेहनत के कारण भारत जल प्रबंधन और स्वच्छता में विश्व समुदाय के सामने एक मिसाल कायम करेगा। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं से आग्रह किया कि वे देश भर में स्वच्छता और जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को बताएं और उन्हें पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करें।

# दिल्ली शराब घोटालाः सांसद के बेटे राघव की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार वाईएसआर कांग्रेस सांसद मगुंटा एस रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा रेड्डी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने यह आदेश दिया। आज कोर्ट ने मगुंटा की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को भी नोटिस जारी किया है। मगुंटा की जमानत याचिका पर अब 13 मार्च को सुनवाई होगी। कोर्ट ने 21 फरवरी को मगुंटा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था, जिसकी अवधि आज पूरी हो रही थी। कोर्ट ने अब इसे अगले 14 दिन के



लिए बढ़ा दिया है। ईडी ने राघव मगुंटा को 11 फरवरी को गिरफ्तार किया था, तब से वह न्यायिक हिरासत में है। इससे पहले इस मामले में ईडी ने राजेश जोशी को 9 फरवरी को गिरफ्तार किया था। राजेश जोशी पर गोवा चुनाव के दौरान पैसों के लेनदेन का आरोप है। ईडी का कहना था कि मामले की जांच के दौरान कुछ नए तथ्य सामने आए हैं।

# PM मोदी ने मुझे भारत की प्रगति के बारे में पहले से कहीं अधिक आशावादी बना दियाः बिल गेट्स

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत ने उन्हें स्वास्थ्य, विकास और जलवायु में भारत की प्रगति के बारे में पहले से कहीं अधिक आशावादी बना दिया। बिल गेट्स ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 'अभिनव कार्य' पर विस्तार से चर्चा की। गेट्स की एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, बिल गेट्स से मिलकर प्रसन्नता हुई और प्रमुख मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। एक बेहतर और साथ ही अधिक टिकाऊ ग्रह बनाने की उनकी विनम्रता और जुनून स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अपने आधिकारिक ब्लॉग के लिए लिखते हुए, बिल गेट्स ने शनिवार को कहा, मैं इस सप्ताह भारत में रहा हूं, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में यहां चल रहे अभिनव कार्यों के बारे में सीख रहा हूं। ऐसे समय में जब दुनिया के सामने इतनी सारी चुनौतियां हैं, भारत जैसी गतिशील और रचनात्मक जगह की यात्रा करना प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री के साथ अपनी मुलाकात को अपनी यात्रा का मुख्य आकर्षण बताते हुए, गेट्स ने कहा, कोविड-19 टीका विकसित करने और भारत की स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश करने के बारे में विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी और मैं संपर्क में रहे हैं। भारत के पास बहुत सारे सुरक्षित, प्रभावी और सस्ते टीकों के निर्माण की अद्भुत क्षमता है, जिनमें से कुछ गेट्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित हैं। भारत में उत्पादित टीकों ने महामारी के दौरान लाखों लोगों की जान बचाई है और दुनिया भर में अन्य बीमारियों को रोका है। उन्होंने महामारी से निपटने में भारत की भूमिका पर ध्यान दिया और कहा, ह्लनए जीवन रक्षक उपकरणों का उत्पादन करने के अलावा, भारत उन्हें वितरित करने में भी उत्कृष्ट है- इसकी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली ने कोरोना टीकों की 2.2 बिलियन से अधिक खुराक वितरित की है। उन्होंने को-विन नामक एक ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म बनाया, जिसने लोगों को अरबों वैक्सीन अप्वाइंटमेंट शेड्यूल करने की अनुमति दी और उन लोगों के लिए डिजिटल सर्टिफिकेशन डिलीवर किया, जिन्हें टीका लगाया गया था। भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए अब इस मंच का विस्तार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि को-विन दुनिया के लिए एक मॉडल है और मैं इससे सहमत हूं। बिल गेट्स ने डिजिटल भुगतान में भारत की प्रगति की प्रशंसा की और कहा, महामारी के दौरान भारत 200 मिलियन महिलाओं सहित 300 मिलियन लोगों को आपातकालीन डिजिटल भुगतान स्थानांतरित करने में भी सक्षम था। यह केवल इसलिए संभव था क्योंकि भारत ने डिजिटल आईडी सिस्टम में निवेश करके और डिजिटल बैंकिंग के लिए अभिनव प्लेटफॉर्म बनाकर वित्तीय समावेशन को प्राथमिकता दी है। यह याद दिलाता है कि वित्तीय समावेशन एक शानदार निवेश है।" गेट्स 'डिस्पैच' भारत की उपलब्धियों जैसे पीएम गतिशक्ति मास्टरप्लान, जी20 प्रेसिडेंसी, शिक्षा, नवाचार, बीमारियों से लड़ने और बाजरा को आगे बढ़ाने के बारे में भी बात की है। गेट्स ने कहा, प्रधानमंत्री के साथ मेरी बातचीत ने मुझे स्वास्थ्य, विकास और जलवायु में भारत की प्रगति के बारे में पहले से कहीं अधिक आशावादी बना दिया। देश दिखा रहा है कि जब हम नवाचार में निवेश करते हैं तो क्या संभव है।


# ईडी ने कोर्ट में कहा- अणुव्रत को दिल्ली ले जाने दीजिए, जरूरत पड़ने पर एम्स में कराएंगे इलाज

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार तृणमूल नेता अणुव्रत मंडल को दिल्ली ले जाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अडिग है। केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में उन्हें दिल्ली ले जाने संबंधी आदेश के स्थगन संबंधी याचिका पर सुनवाई के दौरान उन्हें दिल्ली ले जाने की अनुमति दिए जाने की मांग दोहराई। दरअसल, गुरुवार को ही आसनसोल की विशेष सीबीआई कोर्ट ने अणुव्रत को दिल्ली ले जाने की अनुमति दी है। दूसरी ओर, दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने भी उन्हें दिल्ली ले जाने की अनुमति दे दी है। इन दोनों आदेशों पर रोक लगाने के लिए अणुव्रत की ओर से शुक्रवार को एक साथ दिल्ली हाईकोर्ट और कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका लगाई है। शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी, लेकिन दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन अणुव्रत को दिल्ली ले जाने की अनुमति पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इधर, शाम होते-होते अणुव्रत मंडल ने तबीयत खराब होने का जिक्र किया और जाकर अस्पताल में भर्ती हो गए और शनिवार दोपहर तक वापस जेल चले आए हैं। इसी को आधार बनाकर शनिवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान अणुव्रत के अधिवक्ता ने कहा कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है, और जब तक वह स्वस्थ नहीं हो जाते, तब तक उन्हें आसनसोल की जेल में रखा जाना चाहिए। इसके बाद ही ईडी के अधिवक्ता ने कहा कि अणुव्रत मंडल कलकत्ता हाई कोर्ट को एक पेशेवर अपराधी की तरह गुमराह कर रहे हैं। अगर उनकी तबीयत खराब है, तो दिल्ली के एम्स में उनकी बेहतर चिकित्सा करवाई जाएगी, लेकिन निश्चित तौर पर यहां से दिल्ली भेजा जाना चाहिए।

# मनीष सिसोदिया की सीबीआई हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ी

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी है। आज मनीष सिसोदिया की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने सिसोदिया की तीन दिनों की हिरासत बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट के पूछे जाने पर सीबीआई ने कहा कि मनीष सिसोदिया से रोजाना रात आठ बजे तक पूछताछ हुई है। सिसोदिया की ओर से वकील दायन कृष्णन ने कहा कि सीबीआई की पहले दिन की हिरासत अर्जी और आज की हिरासत अर्जी में कोई अंतर नहीं है। तब कोर्ट ने कहा कि ये देखना होगा कि कितनी चीजों पर अभी पूछताछ बाकी है। तब कृष्णन ने कहा कि कबूलनामा कराने तक हिरासत का आधार नहीं हो



सकता है। सीबीआई ने कहा कि नए तथ्य मिले हैं, जिनके बारे में पूछताछ करनी है। इससे पहले कोर्ट ने आज सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को नोटिस जारी किया।

राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 10 मार्च को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 27 फरवरी को मनीष सिसोदिया को आज तक की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। सीबीआई ने करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद 26 फरवरी को मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली के आबकारी मंत्री होने के नाते सिसोदिया ने मंत्री समूह का नेतृत्व किया था। थोक बिक्री के माडल पर कोई चर्चा नहीं हुई। सीबीआई ने कहा था कि ये पूरा मामला लाभ कमाने का है। थोक बिक्री में लाभ का मार्जिन 5 फीसदी से अचानक 12 फीसदी कर दिया गया। इसके लिए गोपनीय तरीके से साजिश रची गई।

# कांग्रेस नेता व अधिवक्ता कौस्तव बागची गिरफ्तार

**बैरकपुर, (हि.स.)।** कलकत्ता हाई कोर्ट के अधिवक्ता और कांग्रेस नेता कौस्तव बागची को करीब पांच घंटे की पूछताछ और तलाशी के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर टिप्पणी की थी जिसे लेकर शुक्रवार को बड़तला थाना की पुलिस उनके घर गई थी। पुलिस की एक टीम फिर से शनिवार सुबह करीब तीन बजे उनके घर पहुंची। उन्हें सुबह करीब आठ बजे गिरफ्तार किया गया और बड़तला थाना ले जाया गया। अधिवक्ता ने दावा किया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री के खिलाफ टिप्पणी के कारण उनके घर पुलिस भेजी गई। उन्होंने कहा कि मैंने नहीं सोचा था कि मुख्यमंत्री मुझसे इतना डरेंगी। यह मेरी नैतिक जीत है। कौस्तव ने कहा कि वह भविष्य में राज्य प्रशासन के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने दावा किया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनकी




टिप्पणियों के कारण राज्य में शांति भंग हुई है इसीलिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान कौस्तव ने पत्रकारों के समक्ष अपना गुस्सा जाहिर किया। उनका दावा है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ मुंह खोलने पर उन्हें इस तरह परेशान किया जा रहा है। पुलिस रात तीन बजे आई जैसे मैं कोई आतंकवादी हूं लेकिन पुलिस भी लाचार है। मैंने नहीं सोचा था कि सत्ता पक्ष के नेता इस तरह मुझसे डरेंगे। वकील ने यह भी कहा, आज से मुख्यमंत्री के साथ हमारी राजनीतिक लड़ाई शुरू हो गई है। लड़ाई कानूनी होगी। मेरा नाम कौस्तव बागची है, मैं हार मानने वालों में से नहीं हूं। मैं उनकी रातों की नींद उड़ा दूंगा। कांग्रेस ने दावा किया कि सागरदिघी चुनाव के बाद मुख्यमंत्री ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी पर हमला बोला था। कौस्तव ने मुख्यमंत्री को उसी का जवाब दिया था। अधीर ने शनिवार कौस्तव से संपर्क किया। उन्होंने उनके साथ रहने का संदेश दिया है। यूथ कांग्रेस ने कहा कि राज्य भर में विरोध प्रदर्शन होंगे।

# किसान नेताओं को डरा रही है मोदी सरकार : किसान मोर्चा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार पंजाब के उन किसान नेताओं के घर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से छापेमारी करवा रही है जिन्होंने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन किया था। एसकेएम ने शनिवार को जारी अपने बयान में कहा कि हम 13 मार्च को इन छापों के खिलाफ पंजाब के जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। एसकेएम का कहना है कि 21 फरवरी को सीबीआई ने भारतीय किसान यूनियन के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष हरिंदर सिंह लाखोवाल और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतनाम सिंह बेहरू के परिसरों पर छापेमारी की। छापा मारने वाली पार्टी द्वारा किसान नेताओं को कोई सूचना या तलाशी वारंट पेश नहीं किया गया और छापेमारी का कोई कारण भी नहीं बताया गया। इस दौरान सतनाम सिंह बेहरू के चेक बुक, बैंक पास बुक, संस्थाओं के लेटर पैड और मोबाइल फोन भी बिना किसी लिखा पढ़ी के जब्त कर लिए गए। 28 फरवरी को पंजाब के किसान संगठनों ने इन छापों के विरोध में पंजाब के राज्यपाल के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा था। एसकेएम ने कहा कि 20 मार्च को दिल्ली में होने वाली किसान महापंचायत, जहां देश भर के किसान मोदी सरकार की किसान विरोधी नीतियों और कार्यों के विरोध में इकट्ठा होंगे, में सीबीआई के छापे और उत्पीड़न का मुद्दा से उठाया जाएगा।

# देश को बदनाम करने में जुटे हैं राहुल गांधी : भाजपा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि बीते दिनों कैंब्रिज विश्वविद्यालय में राहुल गांधी ने जिस तरह देश को अपमानित और बदनाम करने की कोशिश की वैसा तो पाकिस्तान भी नहीं करता है। संबित ने कहा कि देश में इस समय जी20 चल रहा है। यहां शीर्ष 20 देशों के प्रतिनिधि भारत की तारीफ कर रह हैं लेकिन यह दुखद है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश में



जाकर भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। संबित ने कहा कि आज भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा है, पूरा विश्व प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का लोहा मान रहा है। वहीं दूसरी ओर देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के नेता राहुल गांधी विदेश में जाकर कह रहे हैं कि हिंदुस्तान बर्बाद हो गया है। यहां लोकतंत्र नहीं है। संबित ने कहा कि राहुल गांधी तो भारत को एक देश भी नहीं मानते हैं। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में उन्होंने कहा था कि भारत एक समझौता है। संबित ने कहा कि राहुल गांधी विदेश की भूमि पर जाकर कहते हैं कि हम विपक्ष के नेता हैं, हमें बोलने नहीं दिया जाता है। वह कहते हैं कि उनके फोन में पेगासस था। लेकिन जब पेगासस मामले पर मोबाइल को जांच के लिए मांगा गया तो राहुल गांधी ने अपना फोन नहीं दिया। जबकि उनकी पार्टी ने खुद माना था कि यूपीए-2 में 09 हजार फोन टेप कराए गए थे। लोगों के ईमेल पढ़े गए। यूपीए-2 में वित्त मंत्री रहे प्रणब मुखर्जी ने कहा था कि सोनिया गांधी के कहने पर उनके कमरे को बग कराया गया था।

# भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार पर नजर रखने के लिए कमेटी बनाएं नड्डा : शांता कुमार

**-देश में बढ़ता भ्रष्टाचार चीन से भी बड़ा शत्रु**


**पालमपुर, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा सर्वोच्च न्यायालय ने देश में बढ़ते भयंकर भ्रष्टाचार पर एक विचारणीय टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि बढ़ते लालच के कारण भ्रष्टाचार देश में कैंसर का रूप धारण कर रहा है। उन्होंने कहा आज भारत का सबसे बड़ा शत्रु प्रशासन और समाज में बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार है। यह शत्रु चीन से भी बड़ा है। यदि किसी तरीके से यह कैंसर बन गया तो भारत के लिए एक बहुत बड़ा संकट बन जाएगा। पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि इस प्रकार की व्यवस्था अब प्रदेश सरकारों में भी बनाने का प्रयत्न किया जाए। मैंने जगत प्रकाश नड्डा को सुझाव दिया था कि केन्द्र सरकार अत्यन्त योग्य और ईमानदार अधिकारियों की एक कमेटी बनाए जो सभी प्रदेशों विशेषकर भाजपा प्रदेशों में भ्रष्टाचार के मामले में पूरी चौकसी करती रहे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो गई हैं कि भ्रष्टाचार समाप्त करने का दावा करने वाले भी कुछ दिन के बाद भ्रष्टाचार में ही फंस जाते हैं। दिल्ली की आप सरकार के नेता का यही हाल है। इस संबन्ध में पिछले दिनों मैंने एक बयान दिया था,



जिसे सोशल मीडिया और कुछ अखबारों ने गलत ढंग से छापा। मैंने कहा था कि मनीष सिसोदिया अच्छा काम ईमानदारी से करने की छवि बनाने के बाद भी भ्रष्टाचार के कारण जेल में गये। सीबीआई ने उन्हें भ्रष्टाचार के कारण ही जेल में डाला है। मैंने कहा था हालत यह आ गई है कि सदाचार के स्टेशन से चलने वाली गाड़ियां अब भ्रष्टाचार के स्टेशन पर पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह बड़े सौभाग्य और गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार पर आज तक विपक्ष भ्रष्टाचार का कोई आरोप भी नही लगा सका। इतनी बड़ी सरकार में करोड़ों अरबों का काम हुआ लेकिन कभी किसी प्रकार की उंगली नही उठी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि इस प्रकार की व्यवस्था अब प्रदेश सरकारों में भी बनाने का प्रयत्न किया जाए। मैंने जगत प्रकाश नड्डा को सुझाव दिया था कि केन्द्र सरकार अत्यन्त योग्य और ईमानदार अधिकारियों की एक कमेटी बनाए जो सभी प्रदेशों विशेषकर भाजपा प्रदेशों में भ्रष्टाचार के मामले में पूरी चौकसी करती रहे।

# कुशीनगर एयरपोर्ट पर लगेगा हाई फ्रीक्वेंसी नेविगेशनल सिस्टम "डीबीओआर"

**- 1.20 करोड़ आ रही लागत, निविदा जारी**




**कुशीनगर, (हि.स.)।** कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जुलाई माह में हाई फ्रीक्वेंसी नेविगेशनल सिस्टम डीवीओआर (वेरी हाई फ्रीक्वेंसी ओमनी रेंज डाप्लर रडार) लग जायेगा। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 1.20 करोड़ की निविदा जारी की है। फरवरी माह में निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। जिस्के चार माह के भीतर चयनित कम्पनी डीवीओआर लगायेगी। पांच माह पूर्व दिल्ली से आई तकनीकी टीम ने एयरपोर्ट पर डीवीओआर लगाने के लिए सर्वे किया था।एयरपोर्ट पर लगने वाला यह उपकरण विमानों को सुरक्षित लैंडिंग व टेक आफ करने में सहायक है। एयरपोर्ट का एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) विमानों को 100 किलोमीटर रेंज तक नियंत्रित कर सकेगा। विमान के दायरे में आते ही एटीसी अधिकारी की पायलट से बातचीत होने लगेगी। फिलहाल एटीसी को बातचीत के लिए गोरखपुर के डीवीओआर की मदद लेनी पड़ती है। एयरपोर्ट के महाप्रबंधक (सिविल) अमर सिंह ने बताया कि अगले चार से पांच महीने में डीवीओआर (वेरी हाई फ्रीक्वेंसी ओमनी रेंज डाप्लर रडार) सिस्टम इंस्टाल हो जाएगा।

**ये हैं विशेषता** - डीवीओआर के रडार के जरिए एटीसी कंट्रोलर के कम्प्यूटर पर एयर ट्रैफिक के साथ ही टर्मिनल क्षेत्र में विमान की स्थिति दिखती है। डीवीओआर अंतरराष्ट्रीय मानक नेविगेशनल सुविधा है। जो हवाई अड्डों और रनवे पर स्थित ग्राउंड रेडियो बीकन से सर्वदिशात्मक संकेत भेजकर विमान को उनके दृष्टिकोण में सहायता करता है। यहां लगने वाला डीवीओआर विश्व की आधुनिकतम तकनीक पर आधारित है। जिसका इस्तेमाल देश के अत्याधिक ट्रैफिक वाले एयरपोर्ट पर हो रहा है।

# प्रारंभिक सहकारी समितियों की निर्वाचन प्रक्रिया 11 मार्च से, प्रशिक्षण आरम्भ

**- प्रबंध कमेटी सदस्य 18, सभापति व उप सभापति का 19 को निर्वाचन**
**- विकास भवन सभागार में कार्मिकों को प्रशिक्षण के बाद होगा सामग्री वितरण**

**मीरजापुर, (हि.स.)।** सहकारिता विभाग की प्रारंभिक सहकारी समितियों का निर्वाचन 11 मार्च से होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट ने शनिवार से प्रशिक्षण कराया। जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी व सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक बिपिन सिंह ने बताया कि पथरहिया स्थित विकास भवन सभागार में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम पाली में सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक क्रमांक 71 तक के निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण कराया गया। वहीं द्वितीय पाली में दोपहर एक बजे से तीन बजे तक 134 क्रमांक समेत रिजर्व निर्वाचन कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत निर्वाचन अधिकारियों को विभाग निर्वाचन सामग्री का वितरण भी किया गया। जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी बिपिन सिंह ने बताया कि प्रबंध कमेटी के सदस्यों के चुनाव के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार अंतिंम मतदाता सूची का प्रकाशन 11 मार्च, आपत्ति 12 मार्च, निस्तारण और अंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन 13 को होगा। वहीं नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करना 14 मार्च, परिनिरीक्षण व वैद्य नाम निर्देशन का निर्देशन 15 मार्च, नाम वापसी व चुनाव चिंह आवंटन 16 मार्च को होगा। आवश्यक होने पर मतदान और मतगणना 18 मार्च को होगी। इसी प्रकार सभापति व उप सभापति तथा अन्य समितियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन, आपत्ति, निस्तारण व अंतिम सूची का प्रदर्शन, नामांकन, परिनिरीक्षण, वैद्य नाम निर्देशन, नाम वापसी और चुनाव चिंह का आवंटन 19 मार्च को होगा। साथ ही आवश्यक होने पर मतदान और मतगणना भी 19 मार्च को होगी।

# डीजीपी छह मार्च को करेंगे समीक्षा बैठक



**रांची, (हि.स.)।** डीजीपी अजय कुमार सिंह छह मार्च को अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में सभी रेंज के डीआईजी, जिले के एसएसपी और एसपी उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय से सभी को पत्र जारी किया गया है। जारी किये गये पत्र में कहा गया है कि सभी रेंज के डीआईजी पुलिस मुख्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। साथ ही जिले के एसपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक में शामिल होने का आदेश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार समीक्षा बैठक के दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी। इसमें अपराध नियंत्रण और संगठित आपराधिक गिरोह के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई, नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान, विधि व्यवस्था, अवैध शराब कारोबारी, मादक पदार्थ कारोबारी, मानव तस्करी सहित अन्य शामिल हैं। इसके अलावा डीजीपी वारंट, कुर्की निष्पादन की स्थिति, कोर्ट परिसर, जज और उनके आवासीय परिसर की सुरक्षा के संबंध में भी समीक्षा करेंगे।

# राज्य के 28 पुलिस कर्मियों पर होगी विभागीय कार्रवाई




**रांची, (हि.स.)।** राज्य के 28 पुलिसकर्मियों पर एक साथ विभागीय कार्रवाई होगी। इस संबंध में आईजी ट्रेनिंग ने आदेश जारी किया है। जानकारी के मुताबिक चंद्रशेखर तिवारी, अमित कुमार सिंह, पुष्पा कुमारी, अजय कुमार सिंह, मोहम्मद शाहिद हैदर, प्रियंका कुमारी, सुधाकर कुमार, हरिपद महतो, परमेश्वर उरांव, संदीप प्रताप सिंह, रूपसेन प्रमाणिक, चंद्रशेखर राव, हरेंद्र कुमार, लोदरो हेंब्रम, अनमोल कुमार, विनय कुमार पासवान, शैलेश कुमार, प्रताप साहू, मोहम्मद इरफान खान, सुजीत कुमार चौबे, ओम प्रकाश, विनय रंजन उपाध्याय, मनीष कुमार, संटू कुमार, उषा रानी महतो, मुकेश कुमार झा, सुरेश दांगी और सुधीर कुमार पर विभागीय कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि टीटीएस जमशेदपुर में 16 फरवरी को आयोजित द्वितीय पाली पीटीएस प्रशिक्षण के पेपर सात (मैनेजमेंट ह्यूमन बिहेवियर एंड एटीट्यूड विषय) के दौरान केंद्र अधीक्षक डीएसपी जयश्री कुजुर ने कुल 28 पुलिसकर्मियों को कदाचार करते हुए पकड़ा था। इसके बाद आईजी ट्रेनिंग ने इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ इनके संबंधित जिला और इकाई में विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का आदेश दिया है।

# होली पर 350 जगहों पर तैनात किए गए मजिस्ट्रेट, सोशल मीडिया पर है विशेष नजर

**बेगूसराय, (हि.स.)।** होली एवं शब-ए-बारात शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। हिंदू एवं मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व एक साथ होने के कारण प्रशासन सभी पहलुओं पर विशेष नजर रख रही है। जिले भर में 350 जगहों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

डीएम रोशन कुशवाहा एवं एसपी योगेन्द्र कुमार द्वारा इस संबंध में विस्तृत संयुक्त आदेश जारी कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हर एक पहलू पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। अश्लील गाना एवं डीजे बजाए जाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। लहरिया कट मोटरसाइकिल चालक पर भी कार्रवाई की जाएगी। दोनों धर्म के सभी जगहों पर प्रशासन ने पैनी नजर रखनी शुरू कर दी है। डीएम रोशन कुशवाहा एवं एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि शराब सहित किसी भी प्रकार के नशा, असामाजिक तत्व एवं संप्रदाय विशेष के बिंदु पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बेगूसराय सहित राज्य और देश के विभिन्न स्थानों पर दो समुदाय के बीच हुए तनाव तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विशेष निगरानी की जा रही है। बेगूसराय में सांप्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील शहर के 13 जगह सहित जिले के 145 जगहों पर विशेष शाखा के निदेर्शानुसार नजर रखी जा रही है।

देश के विभिन्न हिस्सों की घटना तथा बजरंग दल के आगामी कार्यक्रम पर प्रशासन की पैनी नजर है। भीड़भाड़ वाले स्थान पर एंटी सबोटेज जांच होगी। सात से दस मार्च तक चिकित्सकों की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे चिकित्सक एवं एंबुलेंस तैनात रहेंगे। सूचना संग्रह के लिए जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकताओं का सहयोग लिया जा रहा है। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के आस पास वाले गांव पर प्रशासन का विशेष ध्यान है। डीएम एवं एसपी द्वारा जारी संयुक्त आदेश में छोटी-छोटी घटनाओं पर भी संज्ञान लेने, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम गठित कर रखने का निर्देश दिया गया है।

कम्युनिकेशन प्लान बना लिया गया है, रिसोर्स मैनेजमेंट के लिए सरकारी एवं निजी संस्थानों की सूची भी बनाई गई है। थाना, प्रखंड एवं अनुमंडल एवं जिला स्तर पर होली एवं शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की बैठक की जा चुकी है। होली के अवसर पर विगत पांच वर्ष में घटित घटना में शामिल लोगों पर भी प्रशासन की तीखी नजर है तथा भारतीय दंड विधान की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है। भगोड़े बदमाशों का सर्विलांस हो रहा है।

# मुख्यमंत्री ने राजधानी एक्सप्रेस बस सेवा का हरी झण्डी दिखा कर किया शुभारम्भ

**-प्रदेश के एक लाख राजस्व गांवों को परिवन से जोड़ने की दिशा में बढ़े परिवहन निगम : योगी**




**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग से बसों को हरी झण्डी दिखाकर राजधानी एक्सप्रेस बस सेवा की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने 76 नई राजधानी और 39 साधारण सेवा की बसों को रवाना किया। उन्होंने ऑनलाइन रिजर्वेशन व यात्री फीडबैक एप्लीकेशन ऐप यूपी-राही को भी लांच किया। मुख्यमंत्री योगी ने यूपीएसआरटीसी को प्रदेश के एक लाख राजस्व गांवों को परिवाहन से जोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सुगम यात्रा के लिए विगत 50 वर्षों से आपने जिस यात्रा का प्राराम्भ किया है, आज वह होली से पूर्व कुछ नई उपलब्धियों को जोड़ने जा रही है। स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य पर यूपीएसआरटीसी के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को हृदय से बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आज परिवहन विभाग के स्वर्णिम लोगों का भी जारी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संकट के समय में हम सदैव अपने नागरिकों के साथ खड़े हैं। कोविड जैसे संकटकाल में हमारी सरकार ने पूरे जज्बे के साथ काम किया। कोटा से लगभग 15 हजार से अधिक बच्चों को उनके घर पहुंचाया गया। उनमें पांच हजार बच्चे उत्तराखण्ड के थे। मुख्यमंत्री ने विभाग के कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि इस बार बजट में एक हजार नई बसें खरीदने के लिए 400 करोड़ रुपये यूपीएसआरटीसी को दिए हैं। साथ ही बस अड्डों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपये दिए गए हैं। परिवहन विभाग को नसीहत देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र में एक लाख राजस्व गांव हैं। लक्ष्य यह होना चाहिए कि उन सभी गांवों को जोड़ा जाए। परिवहन निगम अगर चाहे तो रेलवे और एयर कनेक्टिविटी से भी बेहतर सेवा दे सकता है। गांवों को छोटी बसें भेजिए। ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे व्यक्ति आसानी से गांव से शहर और शहर से गांव की ओर जा सके। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र, गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वाराणसी पहुंचे, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**- बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन के साथ कई कार्यक्रम में शिरकत करेंगे**



**वाराणसी, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भाजपा के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री की अगवानी की। एयरपोर्ट से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सर्किट हाउस में आये। सर्किट हाउस में वह विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक और पार्टी पदाधिकारियों से संवाद भी करेंगे। इसके बाद मौर्य ग्राम्य विकास व समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम व राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन व अभिषेक करेंगे। शाम 4:15 बजे तरना में चल रही रामकथा में शामिल होंगे। शाम 7.05 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट से राजकीय वायुयान से लखनऊ प्रस्थान करेंगे।

## रामगढ़ में गोदाम में लगी भीषण आग, 1.5 करोड़ का सामान जलकर हुआ राख

**-आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही फायर ब्रिगेड टीम**



**रामगढ़, (हि.स.)।** शहर के बिजुलिया तालाब के समीप दीनबंधु नगर में कुरकुरे चिप्स के गोदाम में शनिवार को भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई है। घटनास्थल पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। जानकारी के अनुसार रोड नंबर 2 में सरल चौधरी का गोदाम था, जिसमें कुरकुरे और चिप्स भरे पड़े थे। शॉर्ट सर्किट की वजह से गोदाम में आग लगी और पूरा सामान धू-धू कर जलने लगा। अधिकतर सामान प्लास्टिक के पैकेट में था, जिसकी वजह से आग की लपटें काफी तेज उठने लगी। सरल चौधरी के स्टाफ ने बताया कि शार्ट सर्किट के वजह से हो सकता है आग लगी है। लगभग डेढ़ करोड का सामान जलकर राख हो गया है। दमकल कर्मी विनोद कुमार ने बताया कि 2 घंटे से लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने साहित्यकार रेणु की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**पटना, (हि.स.)।** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के कलाकारों ने आरती पूजन, बिहार गीत एवं रेणु के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीतों का गायन किया गया। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद रामवचन राय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, रेणु की पुत्री नवनीता सिन्हा सहित अन्य परिजन, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविन्द कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी फणीश्वर नाथ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में अधिवक्ता सड़क पर उतरे

**- तहसील से कचहरी तक निकाला पैदल मार्च**

**कौशांबी, (हि.स.)।** प्रयागराज में हुई राजू पाल की हत्या के आरोपित और माफिया अतीक के गुर्गे अब्दुल कवी के करीबियों का घर गिराये जाने को लेकर विरोध शुरू हो गया है। शनिवार सुबह कचहरी खुलते ही भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि हत्याकांड के आरोपी अब्दुल कवी पर कुर्की की कार्रवाई होने के बाद परिजनों ने उसे परिवार से बेदखल कर दिया था। बावजूद इसके पुलिस व प्रशासन में जबरन रिश्तेदारों का घर गिराया है। अधिवक्तागण, डीएम से मिलकर मामले की शिकायत करना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें मिलने नहीं दिया। सराय अकिल के भाखदा गांव में शुक्रवार को हुई बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में अधिवक्ताओं ने शनिवार को सड़क पर उतर कर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन व पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अराजक होती स्थिति को काबू करने पहुंची पुलिस से अधिवक्ता भिड़ गए। आरोप है कि प्रशासन ने गलत तरीके से उनके अधिवक्ता साथी अब्दुल कादिर का मकान गिरा दिया है। मकान की मौजूदा कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है, जिसे अधिकारियों ने शुक्रवार को बिना किसी नोटिस के बुलडोजर से ढहा दिया। पीड़ित अधिवक्ता अब्दुल कादिर ने बताया, यह बात सत्य है कि उनका भाई अब्दुल कवी विधायक राजू पाल के हत्याकांड में शामिल था। नाम सामने आने के बाद परिवार ने उसे घर एवं संपत्ति से बेदखल कर दिया। वह पिछले 18 सालों से गांव नहीं आया था। बावजूद इसके प्रशासनिक अफसरों ने गलत तरीके से उनकी संपत्ति को बुलडोजर से गिरा दिया। इसकी उन्हें कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने बताया, प्रशासनिक अफसर व पुलिस शासन के दबाव में आकर मनमानी तरीके से अधिवक्ता साथियों पर जुल्म कर रही हैं। वह माफिया पर की गई कार्रवाई का विरोध नहीं करते, लेकिन प्रशासन को कार्यवाही से पूर्व जानकारी देनी चाहिए थी। जो अफसरों ने नहीं किया वह इसकी कड़ी निंदा करते हैं। साथ ही जिलाधिकारी से मिलकर दोषी अफसरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

# विधायक कैश कांड में तीनों विधायकों को राहत, हाई कोर्ट ने एफआइआर निरस्त किया

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अदालत ने शनिवार को कैश कांड मामले में कांग्रेस के तीनों विधायकों को बड़ी राहत दी है। अदालत ने अरगोड़ा थाने में दर्ज जीरो एफआईआर को विधि सम्मत नहीं बताते हुए निरस्त कर दिया। साथ ही विधायकों की याचिका स्वीकृत कर दी। इस मामले की सुनवाई 24 फरवरी को हुई थी और अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के विधायक कुमार जय मंगल ने सरकार गिराने का आरोप लगाते हुए विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और विकसल नमन कोंगाड़ी पर मामला दर्ज करवाया था। इसके बाद कांग्रेस के खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने विधायक अनूप सिंह द्वारा कैश कांड में करायी गयी जीरो एफआईआर के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। राजेश कच्छप ने हाई कोर्ट में क्रिमिनल रीट दाखिल कर इस पूरे मामले में जांच की मांग की थी।

# हाई कोर्ट ने पीड़ित को मुआवजा मामले में शपथ पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नाबालिग को एसिड पिलाए जाने के मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए आज सुनवाई की। कोर्ट ने एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज से पूछा है कि पीड़ित बच्ची को मुआवजा मिला है या नहीं। इस संबंध में उन्हें शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र के बाद कोर्ट मुआवजा के संबंध में आदेश पारित करेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। दो महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। हजारीबाग के इचाक थाना में इस्की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था। इसके बाद एक समाचार पत्र में छपी खबर के आधार पर हाई कोर्ट ने इस मामले में संज्ञान लिया था। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि मामले में पुलिस अनुसंधान कर रही है या नहीं। आरोपित गिरफ्तार हुआ है या नहीं।

# बच्चों को अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए प्रेरित करेगा सांसद खेल महोत्सव : रिफाइनरी प्रमुख



**बेगूसराय, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर राज्यसभा सदस्य प्रो. राकेश सिन्हा के सौजन्य से बेगूसराय में चल रहे सांसद खेल महोत्सव के तहत शनिवार को रिफाइनरी टाउनशिप के जुबली हॉल में दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बरौनी रिफाइनरी के कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख आर.के. झा, कार्यपालक निदेशक (तकनीकी) सत्य प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तरुण कुमार विसई, मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री एवं निविदा) एवं कल्याण केन्द्र अध्यक्ष डॉ. प्रशांत राउत, सांसद प्रतिनिधि शंभू कुमार, खेल महोत्सव के संयोजक नवीन कुमार एवं ताइकांडो संघ के जिलाध्यक्ष रजनीश रंजन ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख आर.के. झा ने कहा कि अच्छे खिलाड़ी देश के अच्छे नागरिक होते हैं। उनमें आई देशभक्ति की भावना, नई ऊंचाई तक ले जाता है। कोई भी खेल हो, उसमें खिलाड़ियों के जीतने का जो जज्बा होता है, वह सभी बच्चों में हो जाए तो वह दुनिया के किसी भी क्षेत्र में ऊंचाई तक जा सकते हैं। सांसद खेल महोत्सव खिलाड़ियों-बच्चों के जज्बे को जागृत कर, उन्हें अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेल महोत्सव की यह काफी अच्छी पहल की है। बरौनी रिफाइनरी में ताइक्वांडो का अवसर देना हमारे लिए एक अवसर है। ताइक्वांडो सुरक्षा से संबंधित खेल है और आज राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के दिन इसकी शुरूआत किया जाना शानदार पहल है। बेगूसराय में 2014 से खेल देख रहा हूं, यहां बच्चे खेल का अन्य क्षेत्र चुनते थे। लेकिन अब ताइक्वांडो पॉपुलर हो रहा है, खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जा रहे हैं। 26 जनवरी और 15 अगस्त को झंडोत्तोलन के समय में इनका खेल प्रदर्शन अद्भुत होता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की संख्या बताती है कि यहां के संघ और कोच उनकी काफी मदद कर रहे हैं। देश के भविष्य इन बच्चों के लिए जो भी करना होगा, वह बरौनी रिफाइनरी करेगी। संघ के सचिव नंदु कुमार प्रपोजल बनाकर दें तो सभी जरूरत पूरी की जाएगी। कोई भी चीज नामुमकिन नहीं होता है, तमाम खिलाड़ी लक्ष्य तय करें और उस दिशा में आज नहीं अभी से आगे बढ़ना शुरू कर दें। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सांसद प्रतिनिधि शंभू कुमार ने कहा कि भारत पुनर्जागरण काल से गुजर रहा है। इस पुनर्जागरण काल में सीमाओं से लेकर गांव तक जो भी जहां हैं। वह देश को बदलने के लिए संकल्पित हैं, इसके प्रेरणा स्त्रोत हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांव की प्रतिभा को जिला और राज्य से देश स्तर तक निखारने के लिए सांसदों को प्रेरित किया। मार्गदर्शन दिया कि आप गांव जाकर छुपे हुए प्रतिभा को उभार कर बाहर लाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्यसभा सांसद प्रो. राकेश सिन्हा द्वारा बेगूसराय के सभी 18 प्रखंडों में खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वह तो निमित्त मात्र हैं, सबकी महती भूमिका को हम सब आकार दे रहे हैं। बरौनी रिफाइनरी बेगूसराय के बौद्धिक, सांस्कृतिक और खेल के विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उम्मीद है कि पूर्व की तरह ही भविष्य में भी तमाम योजनाओं को मूर्त रूप देकर योगदान देते रहेंगे। आज के इस महोत्सव में खिलाड़ियों की भीड़ का संदेश सांसद से लेकर प्रधानमंत्री तक जाएगा। कार्यक्रम का संचालन वागीश आनंद एवं स्वागत सांसद खेल महोत्सव के संयोजक नवीन कुमार ने किया।

## संपादकीय

# पूर्वोत्तर का भगवा आगाज

**पूर्वोत्तर** के तीन राज्यों-त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय-के जनादेश भाजपा की विजयी रणनीति के इच्छा-पत्र कहे जा सकते हैं, जबकि कांग्रेस पूरी तरह नाकाम रही है। त्रिपुरा में करीब एक साल पहले जो सत्ता-विरोधी लहर महसूस की जा रही थी, भाजपा ने मुख्यमंत्री बदल कर उसे थाम लिया। कांग्रेस को मात्र 3 सीटें ही नसीब हुईं। वामदलों के साथ कांग्रेस का गठबंधन त्रिपुरा में भी बुरी तरह पराजित हुआ। बंगाल में इन दोनों के हिस्से लगभग 'गोल अंडा' ही आया था। साफ है कि लोगों को यह नापाक गठबंधन स्वीकार नहीं है। नागालैंड में कांग्रेस बिल्कुल 'शून्य' रही। मेघालय में 5 सीटों से संतोष करना पड़ा है। तृणमूल ने दलबदल कर नाम धारण किया था। तब 12 विधायक थे, लेकिन अब चुनाव में 5 ही रह गए हैं। लिहाजा तृणमूल भी इन चुनावों में अप्रासंगिक ही रही। दरअसल भाजपा का यह राष्ट्रीय विरोध पूर्वोत्तर में प्रतीकात्मक है, क्योंकि यह 2024 के आम चुनाव के जनादेश को सत्यापित नहीं करता। फिर भी इन चुनावों ने साबित कर दिया है कि पूर्वोत्तर में भी भाजपा सबसे ताकतवर पक्ष है। प्रधानमंत्री मोदी 'नंबर वन' हैं, लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी 'नंबर दो' नहीं हैं। त्रिपुरा में भाजपा की लगातार दूसरी बार सरकार बनेगी, जबकि नागालैंड में भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला है। मेघालय में 'त्रिशंकु जनादेश' की स्थिति जरूर है, लेकिन सबसे बड़े दल एनपीपी के नेता एवं मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने फोन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन और आशीर्वाद मांगा है, जाहिर है कि वहां की सत्ता में भी भाजपा भागीदार रहेगी। इस तरह पूर्वोत्तर से 'भगवा' का विजयी आगाज हुआ है, लिहाजा एक नए मनोबल और उत्साह के साथ भाजपा का काडर अन्य राज्यों के चुनावों में सक्रिय होगा। गौरतलब यह है कि मेघालय और नागालैंड ईसाई-बहुल राज्य हैं। वहां 16,000 से अधिक चर्च हैं। एक समुदाय ने चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ एक सार्वजनिक पत्र तक लिखा था। ईसाई बुनियादी, वैचारिक और सामाजिक तौर पर भाजपा-समर्थक नहीं माने जाते। आदिवासी भी पहले भाजपा-समर्थक नहीं थे। दोनों ही समुदाय कांग्रेस के परंपरागत समर्थक और वोट रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने तमाम राजनीतिक समीकरण बदल दिए। उन्होंने अभी तक 52 बार पूर्वोत्तर राज्यों के दौरे किए। शिलॉन्ग में प्रधानमंत्री ने जिस तरह रोड-शो किया, वैसा हमने किसी भी प्रधानमंत्री का नहीं देखा। यह जनता से सीधे जुड़ाव का गंभीर प्रयास था। इसके अलावा सडक़, बिजली, पानी से लेकर पक्के घर, रेलवे और हवाई अड्डों तक का विस्तार स्पष्ट देखा जा सकता है। भारत की विविधता और अखंडता के लिए प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर और शेष भारत के मानस को बदला, नतीजतन पूर्वोत्तर वाले दिल्ली को 'इंडिया' नहीं समझते और पूर्वोत्तर राज्यों को भी देश की मुख्यधारा में शामिल किया गया। केंद्रीय मंत्री औसतन 15-20 दिन पर किसी न किसी पूर्वोत्तर राज्य का प्रवास करते हैं। केंद्र में पूर्वोत्तर के विकास का एक विशेष मंत्रालय भी कार्यरत है। अब बजट या अनुदान प्राप्त करने के लिए 30 फीसदी कमीशन नहीं देना पड़ता, लिहाजा पूर्वोत्तर दिल्ली की सत्ता का 'एटीएम' भी नहीं रहा है। त्रिपुरा में राजपरिवार की 'तिरपा मोठा पार्टी' ने पहले ही चुनाव में 13 सीटें जीत कर भाजपा के हिस्से के आदिवासी वोट छीन लिए हैं, अलबत्ता त्रिपुरा का अंतिम जनादेश ज्यादा खूबसूरत होता। पूर्वोत्तर के जनादेशों ने कांग्रेस का भ्रम खंडित कर दिया है कि प्रधानमंत्री के निजी नफरती विरोध, अडानी और 'भारत जोड़ो यात्रा' आदि के प्रभावों से मोदी और भाजपा को हराया जा सकता है। कमोबेश विपक्ष की भी आंखें खुल गई होंगी कि मोदी को सत्ता से उखाडऩा आसान नहीं है और भाजपा के खिलाफ विपक्ष की साझा लामबंदी भी इतनी असरदार नहीं होगी।

> बंगाल में इन दोनों के हिस्से लगभग 'गोल अंडा' ही आया था। साफ है कि लोगों को यह नापाक गठबंधन स्वीकार नहीं है। नागालैंड में कांग्रेस बिल्कुल 'शून्य' रही। मेघालय में 5 सीटों से संतोष करना पड़ा है। तृणमूल ने दलबदल कर नाम धारण किया था। तब 12 विधायक थे, लेकिन अब चुनाव में 5 ही रह गए हैं। लिहाजा तृणमूल भी इन चुनावों में अप्रासंगिक ही रही। दरअसल भाजपा का यह राष्ट्रीय विरोध पूर्वोत्तर में प्रतीकात्मक है, क्योंकि यह 2024 के आम चुनाव के जनादेश को सत्यापित नहीं करता। फिर भी इन चुनावों ने साबित कर दिया है कि पूर्वोत्तर में भी भाजपा सबसे ताकतवर पक्ष है। प्रधानमंत्री मोदी 'नंबर वन' हैं, लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी 'नंबर दो' नहीं हैं। त्रिपुरा में भाजपा की लगातार दूसरी बार सरकार बनेगी, जबकि नागालैंड में भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला है। मेघालय में 'त्रिशंकु जनादेश' की स्थिति जरूर है, लेकिन सबसे बड़े दल एनपीपी के नेता एवं मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने फोन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन और आशीर्वाद मांगा है।

## कुछ अलग

# वफा के अस्वादिष्ट बिस्कुट

**गर्मियों** का मौसम जल्दी दस्तक दे तो ठंडे पेय की बिक्री बढऩी शुरू हो जाती है। बाज़ार खुश देखकर, कम्पनियां पुराने पानी का टेस्ट संवारकर नए रंग की पैकिंग में बेचना शुरू कर देती हैं। नए ब्रैंड का कोल्डड्रिंक देखकर मैंने दुकानदार से पूछा, क्या आपके पास कुत्तों के लिए भी कोल्डड्रिंक है। वह हंसते हुए बोला, कुत्तों के बिस्कुट तो अंग्रेज़ों के ज़माने से सुनते आए हैं, मगर कोल्डड्रिंक, हां, हमारे एक काबिल फायनांस मिनिस्टर ने बजट में कुत्तों के बिस्कुट ज़रूर सस्ते किए थे। अगर दोबारा ऐसा हो गया तो घर की वित्तमंत्री हुक्म देंगी कि बिस्कुट ज़्यादा ले आना। उन्हें बताना पड़ेगा कि कुत्तों वाले बिस्कुट सस्ते हुए हैं, आदमी वाले नहीं। पत्नी समझाएगी अपने व आपके लिए मंगा रही हूं, बहुत फायदा होगा। सबसे ज़रूरी फायदा, एक दूसरे के प्रति वफादारी बढ़ेगी। सामाजिक जानवर बहुत ज्यादा हो गए हैं, इसलिए हम कुत्तों वाले बिस्कुट खाकर अपने आप को कुत्तों की तरह चौकन्ना रख सकेंगे। वह बात दीगर है कि आदमी के रूप में चौक्कना रहने की कोशिश में तो फेल हो गए। कोई परेशान करे, गाली दे तो हम चुपचाप सहन करते आए हैं, बिस्कुट खाएंगे तो दो चार सुनाने की हिम्मत हम में भी आ जाएगी। किट्टी में बॉस की पत्नी चित कर देती है, बिस्कुट खाऊंगी तो उसे शांत कर सकूंगी। सामाजिक स्तर उठाने के लिए, कुत्तों के बिस्कुट सस्ते हो जाने पर, आम आदमी द्वारा खाने के फायदे ही फायदे हो सकते हैं। इसलिए पत्नी चुप नहीं रह पाएगी, ज़ोर देकर कहेगी, किसी की गलत बात पर कुछ सही कह दो तो लोग काट खाने को आते हैं, बिस्कुट खाने से बदलाव आ सकता है और हम भी लोगों को काट खाने को दौड़ सकते हैं। पुलिस सूरज की रोशनी में हो रही चोरियों को भी नहीं रोक पाती, बिस्कुट नियमित खाने से हम ज्यादा स्मार्ट व हैल्दी हो जाएंगे। दिन में भी दफ्तर से घर का एक चक्कर लगा जाया करेंगे, रात को सोते हुए भी कुत्तों की तरह ऊंघा करेंगे, जऱा सी आहट होने पर भौंकना शुरू कर देंगे। इससे पुलिस को भी आराम मिलेगा। पत्नी और समझाएगी कि कुत्तों वाले बिस्कुट खाने से हमारा पशु प्रेम भी बढ़ेगा जोकि नेताओं की तरह नकली नहीं होगा। साथ साथ हम अपने पड़ोसियों, मित्रों, रिश्तेदारों को वफा के बिस्कुट खाने को प्रेरित करेंगे, उन्हें चाय स्नैक्स के साथ स्पेशलिटी के रूप में खिलाएंगे तो उनमें भी वफादारी, प्रेम, आपसी सद्भाव जैसी विलुप्त होती जा रही भावनाओं का उदय होगा। पत्नी को कहेंगे कि बड़ी मुश्किल से तो मानव जन्म मिला ताकि मनमानी कर सकें, क्यूं जीतेजी कुत्ता...अब बस भी करो। अब पत्नी ज़्यादा जोर देकर कहेगी, मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विशवास है कि अगर ऐसा हो जाए तो आदमियत से ही बेवफा होता जा रहा आदमी बिस्कुट खाकर वफादारी के गुण ग्रहण कर सकता है।

> दिन में भी दफ्तर से घर का एक चक्कर लगा जाया करेंगे, रात को सोते हुए भी कुत्तों की तरह ऊंघा करेंगे, जऱा सी आहट होने पर भौंकना शुरू कर देंगे। इससे पुलिस को भी आराम मिलेगा। पत्नी और समझाएगी कि कुत्तों वाले बिस्कुट खाने से हमारा पशु प्रेम भी बढ़ेगा जोकि नेताओं की तरह नकली नहीं होगा। साथ साथ हम अपने पड़ोसियों, मित्रों, रिश्तेदारों को वफा के बिस्कुट खाने को प्रेरित करेंगे, उन्हें चाय स्नैक्स के साथ स्पेशलिटी के रूप में खिलाएंगे तो उनमें भी वफादारी, प्रेम, आपसी सद्भाव जैसी विलुप्त होती जा रही भावनाओं का उदय होगा।

## भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी कितनी अधिक भ्रष्टाचार में डूबी है

# खुद को ईमानदार बताने वाले मनीष सिसोदिया को डर और बौखलाहट किस बात की है?

ललित गर्ग

> हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी का अमृत हमोत्सव मनाने के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र हनीं बन पाया। सशक्त भारत-नया भारत को निर्मित करते हुए भी राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रस हो हरा है। ह र गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं।अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर दिया है। इस तहर से जन्मे हर स्तर पर भ्रष्टाचार, बेईमानी एवं चरित्रहीनता ने राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा कर दी है। इस विकृति के दो ताजा एवं ज्वलंत उदाहरण हैं आम आदमी पार्टी के उपमुख्यमंत्री-शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया की शराब घोटाले में गिरफ्तारी, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में चले अन्ना आन्दोलन की निष्पत्ति है।दूसरा उदाहरण है जी-20 शिखर सम्मेलन से हपले गुरुग्राम के सौंदर्यीकरण के लिए रखे गये गमलों की समृद्ध लोगों द्वारा शर्मनाक चोरी का मामला। आज प्रबुद्ध मत है कि गांधीजी ने नैतिकता दी, पर व्यवस्था हनीं।

**किसी** वकील, डॉक्टर या राजनेता को ढूंढ़ना कठिन नहीं, जो अपने विषय के विशेषज्ञ हों और ख्याति प्राप्त हों, पर ऐसे मनुष्य को खोज पाना कठिन है जो वकील, डॉक्टर या राजनेता से पहले मनुष्य हो, नैतिक हो, ईमानदार हो, विश्वस्त हो। पर राष्ट्र केवल व्यवस्था से ही नहीं जी सकता। उसका सिद्धांत पक्ष यानी नैतिकता भी सशक्त होनी चाहिए। किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है। हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया। सशक्त भारत-नया भारत को निर्मित करते हुए भी राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रस हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर दिया है। इस तरह से जन्मे हर स्तर पर भ्रष्टाचार, बेईमानी एवं चरित्रहीनता ने राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा कर दी है। इस विकृति के दो ताजा एवं ज्वलंत उदाहरण हैं आम आदमी पार्टी के उपमुख्यमंत्री-शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया की शराब घोटाले में गिरफ्तारी, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में चले अन्ना आन्दोलन की निष्पत्ति है। दूसरा उदाहरण है जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले गुरुग्राम के सौंदर्यीकरण के लिए रखे गये गमलों की समृद्ध लोगों द्वारा शर्मनाक चोरी का मामला। आज प्रबुद्ध मत है कि गांधीजी ने नैतिकता दी, पर व्यवस्था नहीं। जो नैतिकता दी वह एक महान राष्ट्रीय मुक्ति के संघर्ष की नैतिकता थी, लेकिन नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न राष्ट्र बनाने की नहीं। हालांकि गांधीजी ने उस नैतिकता को स्थायी जीवन मूल्य बनाया था। पर सत्ता प्राप्त होते ही वह नैतिकता खिसक गई। जो व्यवस्था आई उसने विपरीत मूल्य चला दिये। हमारी आजादी की लड़ाई सिर्फ आजादी के लिए थी- व्यवस्था के लिए नहीं थी, चरित्र एवं नैतिकता सम्पन्नता राष्ट्र बनाने के लिये नहीं। यह बात मनीष सिसोदिया के शराब घोटाले से स्पष्ट सामने आती है। भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी कितनी अधिक भ्रष्टाचार में डूबी है, मनीष सिसोदिया एवं सतेन्द्र जैन की गिरफ्तारी से साफ उजागर होता है। बिना आग के कहीं धुआं नहीं उठता। सिसोदिया की



गिरफ्तारी के विरोध में आप के कार्यकर्ता एवं नेताओं द्वारा जिस तरह का आक्रामक रुख अपनाया हुआ है, वे जनजीवन को अस्त-व्यस्त करने पर तुले हैं, ईमानदार हैं तो यह विरोध क्यों? दूध का दूध, और पानी का पानी हो जाने दें। मोदी सरकार पर केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि लंबी पूछताछ, जांच और साक्ष्य जुटाने के बाद ही कोई एजेंसी इस प्रकार का कड़ा निर्णय ले पाती है। खासकर मामला किसी कुर्सी पर विराजित बड़े नेता का हो, बड़ी राजनीतिक हस्ती का हो। यदि सिसोदिया बेगुनाह हैं, तो उनमें न डर होना चाहिए एवं न ही बौखलाहट। क्रांति करने एवं क्रांतिकारी भ्रष्ट मूल्यों पर शराब घोटाला करने में जमीन-आसमान का अंतर है, जो जनता भलीभांति समझती है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है। दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलने लगे हैं कि गांधी रूपी नैतिक मूल्य बहुत पीछे रह जाते हैं। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रगतिशील कदम उठाने वालों ने और समाज सुधारकों ने अगर व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो ....कहीं हम अपने स्वार्थी उन्माद में कोई ऐसा धागा नहीं खींच बैठें, जिससे पूरा कपड़ा ही उधड़ जाए। यह पूरा कपड़ा उघाड़ने का ही, सम्पूर्ण पीढ़ी को भ्रष्ट बनाने का जरिया। वरना तीन दिन से जेल के शिकंजों में जकड़े व्यक्ति के नाम पर दिन भर रेडियो पर सन्देश प्रसारित करते हुए परीक्षा दे रहे बच्चों को प्रेरणा देने की कुचेष्टा न होती। बात सिसोदिया या जैन तक ही सीमित नहीं है, यह भ्रष्टाचार एवं अनैतिकता का जहर नीचे तक पहुंच रहा है। मुख्य बात है राष्ट्रीय चरित्र केवल शिक्षा एवं प्रतीकों के माध्यम से नहीं बनाया जा सकता बल्कि समाज और राष्ट्र के नेतृत्व वर्ग की कथनी और करनी एक होनी चाहिये, नीति एवं नीयत एक होनी चाहिए, तभी राष्ट्रीय जीवन में आदर्शों के मूल्य स्थापित होंगे और आदर्श सदैव ऊपर से आता है। आज के युग में सभी क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है जो सत्य की रेखा से कभी दाएं या बाएं नहीं चलें। जो अपने कार्य की पूर्णता के लिए छलकपट, चोरी एवं बेईमानी का सहारा न लें। वैसे तो चोरी बहुत घृणित अपराध है, लेकिन जब कोई अमीर या पैसे वाला छोटी चोरी करते देखा जाता है तो चर्चा ऐसे होती है कि मानो बिल्ली ने कुत्ते को काट लिया है। वैसे समाज में चोरी बहुत सामान्य बात है, जगह-जगह सरकार स्वयं लिखती है कि अपने सामान की रक्षा स्वयं करें। लोग तो अपने सामान की रक्षा के लिए हर पल सजग रहते हैं, लेकिन सरकार सार्वजनिक सामान के लिए कहां-कहां सतर्कता बरत सकती है? चोरों एवं बेईमानों के रहते नया भारत- सशक्त भारत कैसे बनेगा?

गुरुग्राम में इनता बड़ा आयोजन हो रहा है, सबको पता है दुनिया से एक से बढ़कर एक बड़े एवं शक्तिशाली राष्ट्रों के प्रतिनिधि आएंगे तो अतिरिक्त सजावट स्वाभाविक है लेनिक अगर कोई पैसे वाला व्यक्ति सजावटी गमलों को चुन-चुनकर उठा ले जाए तो इससे ननिंदीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद और क्या हो सकता है? भला हो किसी ने इस कृत्य का वीडियो बना लिया जिसमें बहुत आराम से दो शख्स फूल वाले गमले चुनकर लाखों के वानह में रखते दिख रहे हैं। चोरी करते हुए भी उन्हें लग ही नहीं रहा था कि वे कुछ गलत कर रहे हैं। क्या ऐसी चोरी को नजरअंदाज कर दिया जाए? क्या इसका मतलब यह नकिाला जाए कि जो जरूरतमंद है उसे भी चोरी कनरे का हक दिया जाए और जो सक्षम है उसे भी सार्वजनकि वस्तुओं में से अनपी पसंद का चुन लेने दिया जाए? शायद ऐसी चोरियां बढ़ी ही इसीलिए हैं क्योंकि लंबे समय तक उन्हें नजरंदाज किया गया है। क्या छोटे-छोटे बड़े चोरों की ऐसी जमात देश में मजबूत हो गई, जो सरकारी सामान या नध को नजिी मानकर चलती है? कुछ सरकारी सामान की चोरी करते हैं तो कुछ सरकार के नयिमों को धत्ता बताते हुए नयिमों की चोरी करते हैं।

# कृषि क्षेत्र में महिलाओं का वर्चस्व

> भारतीय नारी समाज, विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में अहम भूमिका निभा हरी है। हवीं कृषि-बागवानी क्षेत्र भी इससे अछूता हनीं है। आज कृषि क्षेत्र में महलिाएं आधुनिक तकनीकों के दम पर इस क्षेत्र में दूसरों के सामने उदाहरण पेश कर हरी हैं और कृषि व बागवानी क्षेत्र में इनका वर्चस्व दिनोंदिन बढ़ता जा हरा है। महलिाओं के कृषि क्षेत्र में आने से वे महलिा सशक्तिकरण को बल देने के साथ पोषणयुक्त खाद्यान्न की जरूरतों को भी भली भांति समझते हुए इस दिशा में भी काम कर हरी हैं। गौर हरे कि भारत हंगर इंडेक्स में 116 देशों में 101वें स्थान पर है। इसके अलावा महलिाओं और बच्चों में पोषण की कमी की वहज से शरीर का कम या अधिक भार को लेकर भारी कमी पाई गई है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार हमिाचल प्रदेश में नवजात शिशुओं में मृत्यु दर 25.6 पाई गई है। हवीं पांच साल के 25.5 छोटे बच्चों में कम भार की समस्या देखी गई है।

**21वीं** सदी को विज्ञान और महिलाओं के लिए समर्पित किया गया है। इस आधुनिक महिला युग में जहां महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं, वहीं कई क्षेत्रों में उनसे आगे बढक़र नित नए आयाम स्थापित कर रही हैं। भारतीय नारी समाज, विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही है। वहीं कृषि-बागवानी क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। आज कृषि क्षेत्र में महिलाएं आधुनिक तकनीकों के दम पर इस क्षेत्र में दूसरों के सामने उदाहरण पेश कर रही हैं और कृषि व बागवानी क्षेत्र में इनका वर्चस्व दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। महिलाओं के कृषि क्षेत्र में आने से वे महिला सशक्तिकरण को बल देने के साथ पोषणयुक्त खाद्यान्न की जरूरतों को भी भली भांति समझते हुए इस दिशा में भी काम कर रही हैं। गौर रहे कि भारत हंगर इंडेक्स में 116 देशों में 101वें स्थान पर है। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों में पोषण की कमी की वजह से शरीर का कम या अधिक भार को लेकर भारी कमी पाई गई है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार हिमाचल प्रदेश में नवजात शिशुओं में मृत्यु दर 25.6 पाई गई है। वहीं पांच साल के 25.5 छोटे बच्चों में कम भार की समस्या देखी गई है। इतना ही नहीं हिमाचल की 15 से 49 साल तक की 53 फीसदी महिलाओं में एनीमिया की समस्या देखी गई है। महिलाओं और बच्चों में पोषणयुक्त खाद्यान की कमी के चलते बढ़ रही समस्याओं को दूर करने में महिलाओं की अतुलनीय भूमिका है। महिलाएं जहां अपने घरों के आसपास छोटी सी बगिया में पोषण से भरी तरह-तरह की शाक सब्जियां उगाकर कई तरह के जरूरी खनिजों की जरूरत को पूरी करती हैं, वहीं सदियों से चले आ रही पोषणयुक्त मोटे अनाजों की खेती को संजोकर रखते हुए पोषणयुक्त खाद्यान भी उपलब्ध करवा रही हैं। अब इससे एक कदम आगे बढक़र हिमाचल की महिलाओं ने रसायनरहित खाद्यान्न की महत्ता को समझते हुए प्राकृतिक खेती को सहजता से अपनाया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हिमाचल में डेढ़ लाख से अधिक किसान 16 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती करने में महिला किसान-बागवान भी आगे बनी हुई हैं। आंकड़ों की मानें तो प्रदेश में 90 हजार से अधिक महिलाएं प्राकृतिक खेती को अपना रही हैं। वहीं यदि प्रमाणीकृत प्राकृतिक खेती किसानों की बात करें तो इसमें भी महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। प्रदेश में अभी तक कुल 41 हजार किसानों ने प्राकृतिक खेती के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन किया है। इनमें से 36 हजार महिला किसान हैं, वहीं यदि इन किसानों को सरकार की ओर से प्रमाणपत्र जारी करने की बात है तो अभी तक 24 महिला किसानों को प्राकृतिक खेती किसान होने के प्रमाणपत्र जारी किए जा चुके हैं। प्राकृतिक खेती कर रही महिलाओं का मानना है कि प्राकृतिक खेती में जहां रसायनमुक्त खेती की जाती है, वहीं खेती में एक फसलीय प्रणाली के बजाय बहु फसलीय खेती की जाती है। प्राकृतिक खेती विधि में किसान एक साथ कई फसलें लगाता है जिससे एक तरफ तो उसे थोड़े-थोड़े समय में लगातार लंबे समय तक आय होती रहती है, वहीं बहुत सारी फसलों के लगने से फसलों में बीमारियों में कमी के साथ खाद्यान्न विविधता भी मिलती है। इस खेती विधि में किसी भी तरह के रसायन का प्रयोग न करके देसी गाय के गोबर, मूत्र और कुछ स्थानीय वनस्पतियों से खेती में प्रयोग होने वाले सभी तरह के आदान तैयार किए जाते हैं, जिससे खाद्यान्न स्वस्थ तो होते ही हैं, साथ ही वे पोषण से भरपूर होते हैं। ये पोषणयुक्त खाद्यान्न समय की मांग हैं और आज के उपभोक्ता में इनके प्रति भारी मांग बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश में खेती व बागवानी में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के मुकाबले अधिक है। खेती के साथ पशुपालन के माध्यम से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। फलों की टोकरी कहे जाने वाले हिमाचल में सवा लाख के करीब बागवान सेब बागवानी से जुड़े हैं और इनमें से अधिकतर पुरुष हैं। लेकिन शिमला जिला की एकल महिला सत्या देवी ने क्षेत्र के बागवानों में अपनी विशेष पहचान पाई है। सत्या देवी अकेली अपना 5 बीघा का सेब का बाग संभाल रही है और हर साल 4 लाख की कमाई भी कर रही है। सेब बागवानी में महंगाई की मार को देखते हुए अब सत्या देवी ने कृषि-बागवानी में लागत को कम करने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाया है। जिला मंडी की युवा किसान लीना शर्मा ने क्षेत्र को रसायनमुक्त करने का बीड़ा उठाया है। लीना शर्मा ने अपने खेतों में रसायनमुक्त खेती का एक मॉडल खड़ा किया और अब साथ 100 से अधिक किसानों को जोडक़र अपनी पूरी पंचायत को रसायनमुक्त करने का अभियान छेड़ा है। वहीं कुल्लू-मनाली की हसीन वादियों के बीच बसे बंजार क्षेत्र की अनिता नेगी क्षेत्र के किसानों के लिए एक मिसाल बनकर उभरी हैं। खेती के दम पर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली अनिता नेगी न सिर्फ एक सफल किसान और बागवान हैं, बल्कि उनके खेती मॉडल से लोग इतने प्रभावित हुए कि उन्हें पंचायत वासियों ने पंचायत समिति सदस्य बना दिया है। अनीता नेगी सब्जी, फल और पौध को बेचकर हर साल 6 लाख रुपए की कमाई कर रही है। महिला किसानों ने अब खेती के साथ अपने उत्पादों के विपणन के लिए प्रयासों में तेजी लाई है। महिला किसानों ने अपने खेतों में उगने वाले उत्पादों को बाजार मुहैया करवाने के लिए सोलन जिला की जाबल जमरोट पंचायत की महिलाओं ने आपस में मिलकर प्रदेश की पहली महिला किसान उत्पाद कंपनी का गठन किया है। इस कंपनी में सभी महिलाएं भागीदार हैं और ये महिलाएं सब्जियों और विभिन्न अनाजों को बाजार उपलब्ध करवाकर महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश कर रही हैं। महिला किसानों की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए सरकार की ओर से प्राकृतिक खेती, एक बीघा योजना, पोषण वाटिका, कृषि सखी समेत अन्य कई योजनाएं चलाई गई हैं जो महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अहम योगदान दे रही हैं। इससे न सिर्फ पोषणयुक्त खाद्यान्न की जरूरतें पूरी हो रही हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण के लिए कृषि क्षेत्र भी एक सशक्त विकल्प बनकर उभरा है। महिलाओं के योगदान को नमन है।

## देश दुनीया से

# शहरों के नए नामकरण की प्रासंगिकता

**राजनीतिक** दलों की नजर सिर्फ वोट बैंक पर लगी रहती है, फिर इसके लिए चाहे जैसे भी हथकंडे क्यों न अपनाने पड़े। मुद्दा चाहे धर्म का हो, स्वतंत्रता सेनानियों के नाम का हो या फिर शहरों के नाम बदलने के लिए इतिहास के गढ़े मुर्दे उखाडऩे का। राजनीतिक दल वोट बैंक को मजबूत करने के लिए इनका इस्तेमाल करने से नहीं चूकते। राजनीतिक दलों के नेता धर्म या स्वतंत्रता सेनानियों के बताए नैतिकता, शुचिता, पारदर्शिता और आदर्श के रास्ते पर बेशक न चलें, किंतु विवादों में फंसने और वोटों के फायदे के लिए नामकरण जैसे विवादों को जन्म देने में पीछे नहीं रहते। इसी तरह की आड़ लेकर वाहवाही लूटने और वोटों के ध्रुवीकरण के मकसद से दायर की गई एक जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करके यह साबित कर दिया कि व्यर्थ के विवादों को जन्म देने से देश का भला नहीं होने वाला। यह याचिका भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि देश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक-धार्मिक स्थलों के मूल नामों का पता लगाने और उनके वर्तमान नाम से आक्रांताओं के नाम को हटाने के लिए एक नामकरण आयोग का गठन किया जाए। याचिका में यह भी कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट पुरातत्व विभाग को पुराने नामों को प्रकाशित करने के लिए निर्देश दे। याचिका को खारिज करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि यह उन मुद्दों को जीवंत करेगा, जो देश में बवाल करवा सकते हैं। फैसला सुनाते हुए बेंच ने कहा कि देश के इतिहास को उसकी वर्तमान और आने वाली पीढियों के लिए छेडऩा नहीं चाहिए। कोर्ट ने कहा, हिंदू धर्म एक धर्म नहीं है बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। इस धर्म में कोई कट्टरता नहीं है। खंडपीठ का कहना था कि अतीत को खोदने से केवल दुश्मनी ही पैदा होगी। शीर्ष कोर्ट के इस आदेश से स्पष्ट है कि नया नामकरण करने के निहित राजनीतिक स्वार्थ हैं। इसका मकसद वोट आधारित राजनीति है। राजनीतिक दल देश में मौजूदा समस्याओं के समाधान और विकास की नई तस्वीर पेश करने के बजाय जन भावनाओं को भुनाने के लिए ऐसे विवादित मुद्दे भुनाते रहे हैं। इसमें राष्ट्रीय दल के साथ ही क्षेत्रीय दल भी पीछे नहीं हैं। आजादी के बाद से अब तक 21 राज्यों ने कुल 244 जगहों के नाम बदले हैं। सबसे ज्यादा 76 जगहों के नाम आंध्र प्रदेश में बदले गए हैं। तमिलनाडु ने 31 और केरल ने 26 जगहों का नाम बदला है। महाराष्ट्र ने भी 18 जगहों का नाम बदला है। उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद से अब तक 8 शहरों का नाम ही बदला गया है। आजादी के बाद से अब तक देश के 9 राज्यों और 2 संघशासित प्रदेशों का भी नाम बदला गया है। किसी भी शहर या जिले का नाम बदलने के लिए सबसे पहले किसी विधायक या एमएलसी द्वारा इसके लिए सरकार से मांग करना बेहद जरूरी होता है। बिना किसी एमएलसी या विधायक की आधिकारिक मांग के, सरकार किसी भी शहर का नाम नहीं बदलती है। जब विधायक मांग करता है तब सरकार जनता का पक्ष देखती है और यह जानने की कोशिश करती है कि क्या नाम बदलने की जरूरत है। इसी के साथ शहर या जिले का नाम बदलने का प्रस्ताव कैबिनेट तक जाता है। कैबिनेट में प्रस्ताव पास होने के बाद शहर के नाम बदलने के फैसले पर मुहर लग जाती है। कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होने के बाद नए नाम का गजट (ज्ञापन पत्र) कराया जाता है। गजट कराने के बाद से नए नाम की आधिकारिक शुरुआत होती है। इसी प्रक्रिया के तहत जिले या शहर का नामकरण हो जाता है। शहरों की समस्याओं के समाधान के बजाय नाम परिवर्तन को चुनावी मुद्दा बना कर इस पर राजनीतिक रोटियां सेंकना दलों को फायदे का सौदा नजर आता है। जब भी किसी शहर या जगह का नाम बदला जाता है तो उसमें करोड़ों रुपयों का खर्चा आता है। नाम बदलने से शहर में महज प्रतिकात्मक परिवर्तन आता है।

> शहरों के नाम परिवर्तन पर सबसे ज्यादा विवाद उत्तर प्रदेश में रहा है। यहां सरकारों ने अपने राजनीतिक एजेंडे के तहत शहरों के नाम बदले। सत्ता परिवर्तन होते ही नई सरकार ने इन शहरों के नाम फिर बदल दिए। सपा और बसपा के बीच नाम परिवर्तन के झगड़े यहां चर्चित रहे हैं। मायावती सरकार ने 8 शहरों के नाम वर्ष 2012 से पहले बदले थे। अमेठी को छत्रपति शाहूजी महाराज नगर, हाथरस को महामायानगर बनाया। कानपुर देहात को रामबाई नगर, कासगंज को काशीराम नगर बनाया गया। वर्ष 2012 में सपा की सरकार ने सभी पुराने नाम वापस कर दिए। वोटों की खातिर की गई इस कवायद में सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च हो गए। नामों के विवाद पर लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करके विकास विरोधी राजनीति करने पर नकेल कसना आवश्यक है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर कठोर कानून बनाया जाना चाहिए।

## नागरिक बोध

# स्वभाषा को तवज्जो देकर ही कोई देश महाशक्ति और महासंपन्न बन सकता है

**हमारे** राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की बाढ़ आ रही है लेकिन ज़रा रूस की तरफ देखें। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कल एक राजाज्ञा पर दस्तखत किए हैं, जिसके अनुसार अब रूस के सरकारी कामकाज में कोई भी रूसी अफसर अंग्रेजी शब्दों का इस्तेमाल नहीं करेगा। इस राजाज्ञा में यह भी कहा गया है कि अंग्रेजी मुहावरों का प्रयोग भी वर्जित है। लेकिन जिन विदेशी भाषा के शब्दों का कोई रूसी पर्याय ही उपलब्ध नहीं है, उनका मजबूरन उपयोग किया जा सकता है। रूस ही नहीं, चीन, जर्मनी, फ्रांस, और जापान जैसे देशों में स्वभाषाओं की रक्षा के कई बड़े अभियान चल पड़े हैं। आजकल दुनिया काफी सिकुड़ गई है। सभी देशों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार, कूटनीति, आवागमन आदि काफी बढ़ गया है। इसीलिए इन क्षेत्रों से जुड़े लोगों को विदेशी भाषाओं का ज्ञान जरूरी है लेकिन भारत-जैसे अंग्रेजों के पूर्व गुलाम राष्ट्रों में अंग्रेजी का वर्चस्व इतना बढ़ गया है कि स्वभाषाएं अब दिवंगत होती जा रही हैं। हमारे नेताओं का बौद्धिक स्तर इतना सतही है कि वे इस स्वभाषा-पतन के दूरगामी खतरों से अनभिज्ञ हैं। क्या भाजपाई, क्या कांग्रेसी, क्या समाजवादी और क्या साम्यवादी नेता सभी अंग्रेजी की फिसलपट्टी पर फिसल रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि भाषा को खत्म करके आप अपनी संस्कृति और परंपरा को बचा ही नहीं सकते। भाषा बदलने से आदमी की सोच बदलने लगती है, रिश्ते बदलने लगते हैं, मौलिकता समाप्त हो जाती है। जो देश पिछले दो-तीन सौ साल में महाशक्ति और महासंपन्न बने हैं, वे अपनी भाषाओं के जरिए ही बने हैं। मैं दुनिया के पांचों महाशक्ति राष्ट्रों में रहकर उनकी भाषा नीति को निकट से देख चुका हूं। उनमें से किसी भी राष्ट्र की पाठशालाओं में विदेशी भाषा अनिवार्य रूप से नहीं पढ़ाई जाती है। हमारे बच्चों पर सिर्फ अंग्रेजी नहीं लादी जाए। उन्हें बड़े होकर कई विदेशी भाषाएं सीखने की छूट हो लेकिन यदि प्राथमिक कक्षाओं में उन पर अंग्रेजी थोपी गई तो यह हिरण पर घांस लादने वाली बात हो गई। इसे सीखने में वे रट्टू तोते बन जाते हैं और उनमें हीनता ग्रंथि पनपने लगती है। महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया ने इस बात को काफी अच्छी तरह समझा था। लेकिन कैसा दुर्भाग्य है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और अशोक गहलोत जैसे संस्कारवान नेता उसके मुख्यमंत्री हैं और उन्होंने उन अंग्रेजी स्कूलों का नाम 'महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल' रख दिया है। अशोक गहलोत जो कि कांग्रेसी नेता हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जो कि भाजपा के नेता हैं, दोनों ज़रा महात्मा गांधी और गुरु गोलवलकर के इन कथनों पर ध्यान दें:- ''यदि मैं तानाशाह होता तो आज ही विदेशी भाषा में शिक्षा देना बंद कर देता। सारे अध्यापकों को स्वदेशी भाषाएं अपनाने को मजबूर कर देता। जो आनाकानी करते, उन्हें बर्खास्त कर देता।'' गुरु गोलवलकर, ''आज देश की दुर्दशा यह है कि अंग्रेजी प्रमुख भाषा बन बैठी है और सब भाषाएं गौण बन गई हैं। यदि हम स्वतंत्र राष्ट्र हैं तो हमें अंग्रेजी के स्थान पर स्वभाषा लानी होगी।''




# ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिर की दीवारों पर मोदी विरोधी नारे : ब्रिस्बेन के लक्ष्मी नारायण मंदिर की घटना, पहले यहीं इंडियन कॉन्सुलेट पर हमला हुआ था

**सिडनी।**
ऑस्ट्रेलिया में लगातार मंदिरों पर हमले के मामले सामने आ रहे हैं। अब ब्रिसबेन में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में हमला हुआ है। ऑस्ट्रेलिया टूडे की रिपोर्ट के मुताबिक, ये हमला खालिस्तान समर्थकों ने किया है। यहां अज्ञात लोगों ने दीवारों पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बातें लिख दीं। इसके पहले 21 फरवरी की रात ब्रिस्बेन में इंडियन कॉन्स्युलेट पर हमला हुआ था। पिछले 2 महीनों में मंदिर पर हुए हमले की ये चौथी घटना है। सबसे पहले 12 जनवरी को मेलबर्न में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर भी भारत विरोधी नारे लिखे मिले थे। इसके बाद 18 जनवरी को मेलबर्न के श्री शिव विष्णु मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। 23 जनवरी को मलबर्न के अल्बर्ट पार्क में बने इस्कॉन मंदिर में भारत विरोधी नारे लिखे मिले थे।

**खालिस्तानी झंडा कॉन्स्युलेट में फेंका था** – रिपोर्ट के मुताबिक, 21 फरवरी की रात कुछ खालिस्तान समर्थकों ने कॉन्स्युलेट पर हमला किया और यहां खालिस्तान का फ्लैग फेंक दिया। 22 फरवरी की सुबह जब काउंसिल अर्चना सिंह यहां पहुंचीं तो उन्होंने झंडा देखा। अर्चना ने फौरन क्वीसलैंड पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस पहुंची और उसने फ्लैग अपने कब्जे में ले लिया। हिंदूओं को सतर्क रहने की जरूरत ऑस्ट्रेलिया एसोसिएशन ऑफ आयुर्वेद के अध्यक्ष डॉ. नवीन शुक्ला ने कहा– मेलबर्न में हुई घटनाएं दिखाती हैं कि हिंदू समुदाय को थोड़ा सतर्क होना पड़ेगा। मेलबर्न में जो हो रहा है, उसके कारण कनाडा और अमेरिका जैसे हालात यहां भी हो सकते हैं। इसलिए सरकार को भी सुरक्षा पर ज्यादा ध्यान देना होगा। समुदाय में सक्रिय भारतीय मूल के बलजिंदर सिंह कहते हैं– ऐसी घटनाओं का भारत से यहां आकर बसने और पढ़ने वालों पर असर होगा। इस तरह की गतिविधियां करने वाले लोग असल में यहां रहने वाले और भविष्य में आने वाले भारतीयों के लिए ही समस्याएं पैदा करते हैं।

**ऑस्ट्रेलिया में हिंदू तीसरा सबसे बड़ा धर्म** – दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में हिंदू तीसरा सबसे बड़ा धर्म है। 2021 की जनगणना के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में 6.84 लाख हिंदू रहते हैं। यह वहां की आबादी का 2.7प्रतिशत है। वहीं सिखों की संख्या करीब 2.09 लाख है, जो कुल आबादी के 0.8प्रतिशत हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका ने यूक्रेन के लिए किया 400 मिलियन डॉलर की सैन्य मदद का एलान; ब्लिंकन ने रूस को घेरा



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका ने यूक्रेन की मदद के लिए एक बार फिर हाथ बढ़ाया है। बाइडन प्रशासन की ओर से युद्ध के लिए 400 मिलियन डॉलर की सैन्य मदद का एलान किया गया है। नए सैन्य सहायता पैकेज में टैंक और बख्तरबंद वाहनों को एक जगह से दूसरे जगह ले जाने के लिए जरूरी अस्थायी पुलों सहित गोला-बारूद शामिल है। इससे पहले रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग के एक साल पूरा होने से ठीक पहले 20 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कीव पहुंचकर सभी को चौंका दिया था। उन्होंने यूक्रेन पहुंचकर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। रूस ने यूक्रेन पर 24 फरवरी 2022 को हमला किया था। तब से यह पहली बार था, जब अमेरिकी राष्ट्रपति यूक्रेन पहुंचे थे। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा था कि यह मुलाकात-बातचीत हमें जीत के और करीब लाएगी। बाइडन के दौरे से पहले अमेरिका फिलहाल दूर से यूक्रेन को सैन्य मदद पहुंचाता रहा था। जो बाइडन ने कई मौकों पर एलान किया है कि वह यूक्रेन के साथ हर हाल में खड़े रहेंगे। इसके बाद यूक्रेन पहुंचकर बाइडन ने युद्धग्रस्त देश को और मदद देने का एलान किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वह यूक्रेन को और भी ज्यादा और नए हथियार मुहैया कराएंगे। उन्होंने यूक्रेन की रक्षा के लिए एयर सर्विलांस रडार देने का एलान किया था। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि रूस को बेधड़क यूक्रेन पर हमला करने देना संभावित आक्रमणकारियों को भी ऐसी छूट देगा।


### राष्ट्रपति बाइडन के सीने से हटाए गए घाव में थे कैंसर सेल, व्हाइट हाउस के डॉक्टर का खुलासा



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के स्वास्थ्य को लेकर व्हाइट हाउस के डॉक्टर ने बड़ा खुलासा किया है। व्हाइट हाउस के चिकित्सक डॉ. केविन ओकॉनर ने शुक्रवार को कहा कि पिछले महीने राष्ट्रपति जो बाइडन के सीने से हटाए गए घाव में कैंसर का बेसल सेल था। ओकॉनर ने कहा, जैसी उम्मीद की जा रही थी, बायोप्सी ने पुष्टि की कि छोटा घाव बेसल सेल कार्सिनोमा था। उन्होंने कहा कि सभी कैंसर कोशिकाओं को सफलतापूर्वक हटा दिया गया है। अब उन्हें किसी इलाज की जरूरत नहीं है। ओकॉनर ने बताया कि घाव में बेसल सेल, मेलेनोमा या स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा जैसे कुछ गंभीर त्वचा कैंसर की तरह फैलने वाले या मेटास्टेसाइज नहीं होते हैं। हालांकि, बेसल सेल में आकार में बढ़ने की क्षमता होती है, इसलिए उन्हें सर्जरी के जरिए हटाने की जरूरत होती है, वरना समस्या गंभीर भी हो सकती है। ओकॉनर ने कहा कि बायोप्सी की जगह अच्छी तरह से ठीक हो गई है। राष्ट्रपति बाइडन अपनी व्यापक स्वास्थ्य सेवा के हिस्से के रूप में त्वचा संबंधी निगरानी जारी रखेंगे।

### जकार्ता में तेल भंडारण डिपो में लगी भीषण आग, 17 की मौत, दर्जनों लोग झुलसे

**जकार्ता ।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में शुक्रवार रात एक तेल भंडारण डिपो में भीषण आग लगने से



कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस घटना में दर्जनों लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आग पर काबू पा लिया गया है। तेल भंडारण डिपो सरकारी कंपनी का है। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तरी जकार्ता में सरकारी ऊर्जा कंपनी पेर्तामिना के तेल डिपो में भीषण आग लगने के बाद आसपास के लोग दहशत में आ गए और जान बचाकर भागे। प्रशासन ने आस-पास के रिहायशी इलाकों को खाली करा लिया था। उत्तरी जकार्ता के अग्निशमन विभाग ने कहा कि आग में दो बच्चों सहित 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 50 अन्य घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के प्रमुख ने मीडिया को बताया कि आग की चपेट में आने से कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे आग लगी। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इंडोनेशिया के सेना प्रमुख दुडुंग अब्दुरचमन ने मीडिया को बताया कि आग लगने के कई घंटे बाद बुझाई जा सकी। उन्होंने कहा कि आग बुझ चुकी है। सेना प्रमुख ने कहा कि वे कारणों की जांच कर रहे हैं। वहीं, पेर्तामिना कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह आग से निपटने और आसपास के श्रमिकों व निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है।

# चीनी लैब में कोरोना की उत्पत्ति पर डब्ल्यूएचओ ने दिया बयान, कहा– सभी आशंकाओं पर अनुसंधान जारी रहेगा

**जेनेवा।**
डब्ल्यूएचओ ने शुक्रवार को दुनिया के सभी देशों से आग्रह किया कि वे कोविड-19 की उत्पत्ति के संबंध में क्या जानते हैं, इसका खुलासा करें। डब्ल्यूएचओ की ओर से यह अपील चीन की ओर से चीनी प्रयोगशाला में कोरोनावायरस के लीक होने के अमेरिकी दावे और बीजिंग की ओर से उसका उग्र खंडन करने के बाद किया है।




एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत कहा कि अमेरिकी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने आकलन किया है कि कोविड-19 महामारी की वजह वुहान की प्रयोशाला में हुई एक संभावित दुर्घटना हो सकती है।

नए कोरोनावायरस के साथ पहला संक्रमण 2019 के अंत में चीनी शहर वुहाल में दर्ज किया गया था। यही वह शहर है जहां वायरस अनुसंधान की प्रयोगशाला है।

वहीं दूसरी ओर, चीनी अधिकारियों ने एफबीआई के दावे को सिरे से खारिज करते हुए इसे बीजिंग को बदनाम करने वाला अभियान बताया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा, अगर किसी देश के पास महामारी की उत्पत्ति के संबंध में जानकारी है, तो उसे डब्ल्यूएचओ और अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय के साथ साझा करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा, ऐसा दोषारोपण के लिए नहीं है, बल्कि इस महामारी की शुरुआत के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने के लिए है ताकि हम भविष्य की महामारियों और महामारियों को रोकने में सक्षम हो सकें, तैयारी कर सकें और उनका जवाब दे सकें।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, डब्ल्यूएचओ ने कोविड-19 महामारी की उत्पत्ति की पहचान करने की कोई योजना नहीं छोड़ी है।

### डब्ल्यूएचओ ने दुनिया के सभी देशों से पारदर्शिता का किया आग्रह

2021 में संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने महामारी की उत्पत्ति की जांच करने के लिए नोवेल पैथोजेन्स (एसएजीओ) की उत्पत्ति के लिए वैज्ञानिक सलाहकार समूह की स्थापना की।

टेड्रोस ने कहा, डब्ल्यूएचओ चीन से डेटा साझा करने में पारदर्शी होने और आवश्यक जांच करने और परिणाम साझा करने का आह्वान करता रहा है। टेड्रोस ने कहा कि उन्होंने कई मौकों पर शीर्ष चीनी नेताओं को इस संबंध में लिखा और बात की है।

उन्होंने कहा कि जब तक वायरस की उत्पत्ति के संबंध में हम किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचते हैं तब तक सभी परिकल्पनाएं मेज पर रहेंगी।

लेकिन उन्होंने कहा कि उत्पत्ति से जुड़े अनुसंधान का राजनीतिकरण वैज्ञानिक कार्य को कठिन बनाता है औ इसके परिणामस्वरूप दुनिया की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं बढ़ती हैं।

एफबीआई प्रमुख रे की यह टिप्पणी इस सप्ताह की शुरुआत में आई एक रिपोर्ट के बाद आई है जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी ऊर्जा विभाग इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि चीनी प्रयोगशाला लीक कोविड-19 प्रकोप का सबसे संभावित कारण था।

विभाग राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के एक नेटवर्क के साथ काम करता है जिसमें कुछ उन्नत जैविक अनुसंधान में शामिल हैं। अमेरिकी खुफिया समुदाय के भीतर अन्य एजेंसियों का मानना है कि वायरस स्वाभाविक रूप से ही सामने आया है।

डब्ल्यूएचओ की कोविड-19 तकनीकी प्रमुख मारिया वान केरखोव ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने अधिक जानकारी के लिए जिनेवा में अमेरिकी मिशन से संपर्क किया है। संक्रामक रोग महामारी विशेषज्ञ वान केरखोव ने कहा कि अब तक हालांकि उनके पास उन आंकड़ों तक पहुंच नहीं है जिन पर अमेरिकी रिपोर्ट आधारित हैं। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि उस जानकारी को साझा किया जाए ताकि वैज्ञानिक अध्ययनों को आगे बढ़ाने में मदद मिल सके। टेड्रोस ने कहा कि कोविड-19 के कारण जान गंवाने वाले लाखों लोगों और लंबे समय तक कोविड के साथ रहने वाले लाखों लोगों की खातिर यह पता लगाना नैतिक रूप से अनिवार्य है कि महामारी कैसे शुरू हुई। डब्ल्यूएचओ को 6.8 मिलियन से अधिक कोविड -19 मौतें और 758 मिलियन से अधिक पुष्टि किए गए मामलों की सूचना दी गई है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन यह स्वीकार करता है कि कोविड से हताहत होने वाले लोगों की वास्तविक संख्या बहुत अधिक है।

**बेल्जियम में 5 बच्चों को मारने वाली मां को इच्छा-मृत्यु**

# उनके कत्ल की तारीख को ही अपनी मौत के लिए चुना; 16 साल बाद सजा



**बेल्जियम।**
बेल्जियम में अपने 5 बच्चों को मारने वाली मां को इच्छा मृत्यु दी गई है। जेनिवीव हरमिट नाम की महिला ने 16 साल पहले 28 फरवरी 2007 को किचन के चाकू से अपने एक बेटे और 4 बेटियों की गला रेत कर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी। हालांकि तब वो जिंदा बच गई थी। हरमिट की साइकोलोजिस्ट ने बताया कि उसने अपने बच्चों के कत्ल की तारीख 28 फरवरी को ही खुद की इच्छा मृत्यु मांगी थी। इसके जरिए वो अपने बच्चों की हत्या करने पर पछतावा जाहिर करना चाहती थी। मौत के बाद बुधवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। डेलीमेल की रिपोर्ट के मुताबिक हरमिट ने अपने बच्चों की हत्या करने के लिए सुपर मार्केट से चाकू चुराए थे। अपनी ट्रायल के दौरान उसने कोर्ट को बताया था कि वो अपने घर में बच्चों के साथ घुटन और फंसा हुआ महसूस करती थी। हरमिट ने अपने बयान में कहा था– मैनें अपने पति को एक बेटा दिया और फिर उसे मार भी दिया, मैनें अपनी गलती की वजह से अपने बच्चों को खोया है। उनके साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था। 2007 में अपने बच्चों की हत्या के बाद 2008 में हरमिट को उम्रकैद की सजा दी गई थी। ट्रायल के दौरान सजा के खिलाफ उनके वकील ने दावा किया था कि वो मानसिक तौर पर बीमार हैं इसलिए उन्हें जेल नहीं भेजा जाना चाहिए। हालांकि ज्यूरी ने माना कि उसने प्लानिंग कर अपने बच्चों की हत्या को अंजाम दिया था। इसलिए उसे सजा तो मिलनी ही चाहिए। 2019 में उसे एक मानसिक चिकित्साल्य में ईलाज के लिए भर्ती करवा दिया गया था। हरमिट ने इस दौरान अपने मनोचिकित्सक से हर्जाने के तौर पर 25 करोड़ रुपए की मांग की थी। उसके वकील ने दावा किया था कि वो अपने बच्चों की हत्या करने से पहले अपना मानसिक इलाज करवा रही थी। जो कारगर साबित नहीं हुआ, इसी के कारण वो खुद को रोक नहीं पाई और हत्या कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक बेल्जियम में साल 2022 में 2,966 लोगों को इच्छा मृत्यु दी गई थी।

# अल नीनो ढाएगा कहर, प्रचंड गर्मी का अलर्ट डब्ल्यूएमओ की चेतावनी, पूरी दुनिया में मचेगा हाहाकार

**लंदन।**
विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने चेतावनी दी है कि एक-दो माह में अल-नीनो के सक्रिय होने के साथ ही पूरी दुनिया में गर्मी बढ़ जाएगी। खासतौर पर भारत जैसे देशों में गर्मी प्रचंड रूप धारण कर लेगी। डब्ल्यूएमओ के महासचिव पेटेरी तालस ने बताया कि दुनिया जल्द ही अल नीनो की स्थिति में जाने वाली है, इससे वैश्विक तापमान में तीव्र वृद्धि होगी। तालस ने बताया कि बीते आठ वर्ष से जारी ट्रिपल डिप ला नीना अब खत्म होने वाला है, जिसकी वजह से बढ़ते वैश्विक तापमान पर एक अस्थायी ब्रेक लगा हुआ था। मौजूदा ला-नीना सितंबर 2020 से बना हुआ है।

### 2016 सबसे गर्म साल रहा

डब्ल्यूएमओ ने बताया कि इस साल मार्च से मई के दौरान अल-नीनो साउदर्न ऑस्किलशन (ईएनएसओ) की स्थिति बनेगी। इससे पहले 2016 में अल-नीनो की स्थिति बनी थी और यही अबतक का सबसे गर्म साल बना हुआ है। लेकिन, अब 2016 का रिकॉर्ड टूट सकता है।



खासतौर पर जलवायु परिवर्तन की वजह से पहले ही वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है।

### क्या है अल-नीनो और ला-नीना

अल-नीनो और ला-नीना प्राकृतिक परिघटनाएं हैं, जो कि वैश्विक जलवायु प्रणाली का एक स्वाभाविक हिस्सा हैं। प्रशांत महासागर और उसके ऊपर के वातावरण की सामान्य स्थिति में बदलाव आने पर यह परिघटनाएं घटित होती हैं। उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में मध्य व पूर्वी प्रशांत महासागर की सतह का तापमान सामान्य से 4 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक होने पर अल नीनो की स्थिति बनती है।

# नोबेल शांति पुरस्कार विजेता एलेस बियालियात्स्की को 10 साल की कैद

**मिंस्क ।**
मशहूर मानवाधिकार कार्यकर्ता और साल 2022 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता एलेस बियालियात्स्की को बेलारूस की स्थानीय अदालत ने 10 साल कैद की सजा सुनाई है। बियालियात्स्की को यह सजा लोक व्यवस्था बिगाड़ने वाली गतिविधियां करने, वित्तपोषण करने और तस्करी के मामले में दी गई है। राजधानी मिंस्क के लेनिनस्की जिला अदालत ने 60 वर्षीय बियालियात्स्की पर 65 हजार यूएस डॉलर का जुर्माना भी लगाया है।



बियालियात्स्की वेसना ह्युमन राइट्स सेंटर के प्रमुख हैं। बियालियातस्की के साथ ही वेसना ह्युमन राइट्स सेंटर के प्रतिनिधि वेलेंटाइन स्टेफनोविच और व्लादिमीर लाबकोविच को भी 9-7 साल तक की सजा सुनाई है। तीनों को सजा के दौरान एक अत्यधिक सुरक्षित पैनल कालोनी में रखा जाएगा। साथ ही दिमित्री सोलोवियोव को भी आठ साल की सजा सुनाई गई है लेकिन वह फिलहाल बेलारूस से बाहर हैं। जुलाई 2021 में वेसना सेंटर के प्रतिनिधियों को हिरासत में लिया गया था। जांच में पता चला कि एलेस बियालियातस्की और अन्य सदस्य अप्रैल 2016 से जुलाई 2021 के दौरान विभिन्न संगठनों से लिथुआनिया में फंड लिया था। इसके बाद इन फंड्स को कई लोगों की मदद से यूरेशियन इकॉनोमिक यूनियन की सीमा से बाहर भेज दिया गया। बेलारूस के कानून के मुताबिक यह अपराध है और इस अपराध की सजा अधिकतम 12 साल है।

वहीं एलेस बियालियात्स्की को सजा सुनाए जाने के बाद विपक्ष ने बेलारूस सरकार और इसके नेता लुकाशेंको पर निशाना साधा है। विपक्ष की नेता स्वितलाना ने ट्वीट करते हुए लिखा कि मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, जिनमें नोबेल शांति पुरस्कार विजेता एलेस बियालियात्स्की को सजा सुनाई गई है। यह भयावह है। एलेस ने अपना जीवन अत्याचार के खिलाफ लड़ने में लगा दिया। वह बेलारूस के एक सच्चे हीरो हैं और तानाशाह के बाद भी उनका नाम सम्मान से लिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तर्क ने भी एलेस बियालियात्स्क समेत मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर निराशा जाहिर की।

एलेस बियालियात्स्की को लोकतंत्र समर्थक माना जाता है और यही वजह है कि वह बेलारूस की तानाशाही एलेक्जेंडर लुकाशेंको सरकार के निशाने पर रहते हैं। बियालियात्स्की ने 1980 से अब तक बेलारूस में मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों को दर्ज किया है। साल 2020 में जब बेलारूस में लुकाशेंकों सरकार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए थे, उस वक्त भी बियालियात्स्की को गिरफ्तार किया गया था।

# अमेरिका के जितने दुश्मन हुए, उनमें कम्युनिस्ट चीन सबसे मजबूत, राष्ट्रपति पद की दावेदार हेली का बयान

**वॉशिंगटन ।**
अमेरिका में रिपब्लकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली का कहना है कि अमेरिका के अभी तक जितने भी दुश्मन हुए हैं, उनमें कम्युनिस्ट चीन सबसे मजबूत और अनुशासनात्मक दुश्मन है। वॉशिंगटन में रिपलब्लिकन पार्टी के सालाना कार्यक्रम कंजरवेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए निक्की हेली ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिकी नागरिक आसमान की तरफ देखेंगे और उन्हें एक चीनी जासूसी गुब्बारा दिखाई देगा। यह पूरे देश के लिए शर्मनाक बात है। निक्की हेली ने अमेरिका की मौजूदा डेमोक्रेट सरकार की भी तीखी आलोचना की।



**चीन को जवाबदेह बनाने की जरूरत** – निक्की हेली ने कहा कि हमें चीन को जवाबदेह ठहराने की जरूरत है और इसकी शुरुआत कोविड से होनी चाहिए। हमें इसका भी विरोध करना चाहिए कि चीन हमारी सीमाओं से फेंटानिल भेज रहा है। बता दें कि फेंटानिल ड्रग्स में इस्तेमाल होने वाला केमिकल है। 51 वर्षीय हेली ने बीती 14 फरवरी को 2024 में अमेरिका के राष्ट्रपति पद की रेस में शामिल होने का एलान किया था। एलान के बाद से ही निक्की हेली चर्चाओं में बनी हुई हैं। हालांकि उन्हें पूर्व राष्ट्रपति और अपने पूर्व बॉस डोनाल्ड ट्रंप की चुनौती से पार पाना होगा।

**अमेरिका में जमीन खरीद रहीं चीनी कंपनियां** – हेली ने अपनी चीन नीति पर कहा कि जो बाइडेन सरकार चीन को आसानी से छोड़ रही है। चीनी कंपनियों ने 3,80,000 एकड़ से ज्यादा अमेरिकी धरती खरीदी हुई है। कुछ जमीन तो अमेरिका के मिलिट्री बेस के बिल्कुल बगल में हैं। ऐसे में हम क्या कर रहे हैं हमें अपने दुश्मन को अपने देश में जमीन खरीदने नहीं देनी चाहिए। साथ ही हमें हर यूनिवर्सिटी को बताना होगा कि या तो वह चीन का पैसा ले सकती हैं या फिर अमेरिका का लेकिन दोनों से पैसे लें, ये नहीं होगा।

**जो बाइडेन सरकार पर साधा निशाना** – निक्की हेली के इस भाषण की खूब तारीफ हो रही है। अपने भाषण में हेली ने डेमोक्रेट सरकार की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका को पीछे जाने से रोकने के लिए मैं राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रही हूं। मैं चाहती हूं कि अमेरिका मजबूत और गौरवान्वित हो ना कि कमजोर। हेली ने कहा कि डेमोक्रेट पार्टी आज एक समाजवादी पार्टी बनकर रह गई है। बर्नी सेंडर्स और एलेक्जेंड्रिया ओकासियो कॉर्टेज भी इस बात को स्वीकार कर चुके हैं। बाइडेन सरकार करदाताओं के पैसों को बर्बाद कर रहे हैं। देश पर कर्ज बढ़कर 31 ट्रिलियन यूएस डॉलर हो गया है और हमें अगले 10 सालों में और 20 ट्रिलियन डॉलर कर्ज और लेंगे। समाजवाद अमेरिका को कमजोर कर रहा है। हमें ऐसी अर्थव्यवस्था चाहिए जो चीन को पछाड़ सके। निक्की हेली ने जब अपना भाषण समाप्त किया तो दर्शकों में से कुछ लोगों ने ट्रंप, ट्रंप के नारे भी लगाए, जिससे साफ है कि निक्की हेली को ट्रंप की चुनौती से पार पाना होगा।

### कैलिफोर्निया में बर्फीला तूफान, 13 शहरों में इमरजेंसी : 70 हजार घरों की बिजली गुल, अगले 48 घंटे में 24 इंच तक बर्फबारी की चेतावनी

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया के 13 शहरों में बर्फीले तूफान के चलते इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। तूफान में 9 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। कैलिफोर्निया में बर्फबारी की वजह से 70 हजार से ज्यादा घरों में बिजली नहीं है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन में 18-24 इंच बर्फबारी का अनुमान लगाया है। अधिकारियों ने बताया कि इस हफ्ते हुई रिकॉर्ड बारिश और दिसंबर-फरवरी में बर्फबारी के चलते कैलिफोर्निया में सूखे की समस्या में भी कमी आई है। अमेरिका के नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन ने गुरुवार को ड्रॉट मैप जारी किया था। इसके मुताबिक कैलिफोर्निया का करीब 17प्रतिशत इलाका सूखा नहीं था, जबकि बाकी बचे इलाके के एक-तिहाई हिस्से को भी सूखा घोषित नहीं किया गया।

## राज्य में स्वास्थ्य पर खर्च हो रहा बजट का 7.4 प्रतिशत

# अन्य राज्यों में औसत केवल 6 प्रतिशत : मुख्यमंत्री

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी से गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन का विकास होता है। राजस्थान में 22 हजार करोड़ स्वास्थ्य के क्षेत्र में खर्च किए जा रहे हैं जोकि बजट का 7.4 प्रतिशत है, जबकि अन्य राज्यों में औसतन 6 प्रतिशत बजट स्वास्थ्य पर खर्च किया जा रहा है। यह राज्य सरकार की मंशा को दर्शाता है। राज्य सरकार हर जिले में मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज बनाने का कार्य कर रही है। हाल ही में राजसमंद, प्रतापगढ़ और जालौर में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए 1000 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। गहलोत शनिवार को जयपुर में सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय के प्लेटिनम जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के खुलने से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतरीन नेटवर्क तैयार हुआ है। इससे अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हुई है। साथ ही, भारत सरकार के मानकों में भी राजस्थान पहले स्थान पर पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 में शुरू हुआ सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज 75 वर्ष में चिकित्सा क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्थान बनकर उभरा है। राज्य सरकार एसएमएस मेडिकल कॉलेज में नए विभाग खोलने तथा आवश्यक उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्लेटिनम जयंती के उपलक्ष्य में कॉलेज के शुरुआती बैच के एलूमिनाइ भी उपस्थित हैं तथा कॉलेज के 75 साल की शानदार उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहे हैं। यह उनके कॉलेज से जुड़ाव को दर्शाता है। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से स्वास्थ्य के क्षेत्र में राजस्थान मॉडल स्टेट बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत बीमा राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी गई है। अंग प्रत्यारोपण जैसे महंगें इलाज राज्य में नि:शुल्क कर दिए गए हैं। आमजन को राज्य से बाहर इलाज करवाने पर भी चिरंजीवी योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी तरह की जांचे और दवाईयां नि:शुल्क कर दी गई है। सरकारी अस्पतालों में आईपीडी एवं ओपीडी सेवाएं नि:शुल्क है। राज्य सरकार की नीतियों से लोगों को महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान राज्य में शानदार प्रबंधन हुआ। यहां के भीलवाड़ा मॉडल की विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सराहना की। सभी वर्गों के उपचार के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। उन्होंने कहा कि एसएमएस चिकित्सालय की कोरोना महामारी के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। यहां के चिकित्सकों सहित सभी कार्मिकों ने उत्कृष्ट कार्य किया। राज्य सरकार द्वारा कोरोना महामारी में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले सभी मेडिकल और नॉन मेडिकल कार्मिकों के लिए 50 लाख रुपए की सहायता दी गई। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार जल्द राइट टू हैल्थ बिल लेकर आ रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवसाय न होकर जनसेवा के कार्य हैं, अत: बिल का विरोध नहीं होना चाहिए। निजी अस्पतालों द्वारा भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा उनकी बिल संबंधी सभी उचित शंकाओं को दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के अनुसार समाज के सभी कमजोर वर्गों की सहायता करना सरकार का कर्तव्य है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में एक करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। जिस प्रकार पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा शिक्षा, भोजन और सूचना के अधिकार कानून बनाकर दिए गए, इसी प्रकार केंद्र सरकार को कानून बनाकर आमजन को सामाजिक सुरक्षा का अधिकार देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एलूमिनाइ को सम्मानित किया। इस दौरान *एसएमएस शिक्षा की सतत् धारा* लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। साथ ही श्री गहलोत ने एसएमएस ऐन्थम, प्लेटिनम जयंती स्मारिका एवं भारतीय डाक विभाग द्वारा एसएमएस कॉलेज की प्लेटिनम जयंती पर जारी स्पेशल टिकट व कवर का लोकार्पण भी किया। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि एसएमएस मेडिकल कॉलेज ने 75 सालों में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

## एनआईए ने पंजाबी गायक औलख को दुबई जाने से रोका

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के प्रसिद्ध लोक गायक मनकीरत औलख एक बार फिर विवादों में हैं। जांच एजेंसी एनआईए ने बीती रात उन्हें चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर रोक लिया। औलख दुबई में शो करने जा रहे थे। एनआईए ने उनसे पूछताछ भी की। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के बाद से ही मनकीरत औलख चर्चाओं में हैं। जांच एजेंसी पहले भी औलख से पूछताछ कर चुकी है। मूसेवाला समर्थक अक्सर औलख पर सवाल उठाते हैं। मूसेवाला के पिता भी औलख पर संदेह जता चुके हैं। जिसके बाद औलख ने सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी थी। इस बीच मनकीरत औलख शुक्रवार शाम दुबई के *वी* क्लब में शो करने के लिए चंडीगढ़ से रवाना होने वाले थे, लेकिन जब वह चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन के लिए पहुंचे तो एनआईए की टीम वहां पहले से मौजूद थी। एयरपोर्ट पर मनकीरत औलख को रोक लिया गया। एनआईए ने उनसे पूछताछ की और अंत में देर रात उन्हें उनका पासपोर्ट वापस कर दिया गया।

## नारनौल में एनआईए की रेड

# गैंगस्टर चीकू और उसके साले की प्रॉपर्टी अटैच



**नारनौल ( हिंस )।** नारनौल में एनआईए की टीम ने शनिवार को फिर से गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू और उसके रिश्तेदार के यहां सेक्टर एक में रेड की। एनआईए टीम ने सुरेंद्र चीकू के गांव मोहनपुर व उसके साले भूपेश की नारनौल के सेक्टर एक की प्रॉपर्टी को अटैच कर दिया है। एनआईए की टीम नारनौल में गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू के ठिकानों पर तीन बार रेड कर चुकी है। 21 फरवरी को भी एनआईए की टीम ने गांव मोहनपुर व नारनौल के सेक्टर एक स्थित गैंगस्टर सुरेंद्र तथा उसके साले भूपेश के घर पर छापा मारा था। इस दौरान टीम ने भूपेश को नोटिस दिया था जबकि टीम सुरेंद्र को अपने साथ लेकर चली गई थी। शनिवार को एनआईए की टीम फिर से नारनौल पहुंची। टीम के साथ एक बस में एनआईए के पुलिसकर्मी भी आए थे। उनके अलावा नारनौल पुलिस भी साथ रही। एनआईए की टीम सबसे पहले नारनौल के सेक्टर एक में भूपेश के मकान पर पहुंची। टीम ने भूपेश के मकान के बाहर प्रॉपर्टी अटैच का नोटिस लगाया। नोटिस लगाने के बाद टीम ने मकान के बाहर प्रॉपर्टी अटैच का एक बोर्ड भी लगा दिया। भूपेश के घर के बाहर लगाए गए नोटिस में लिखा है कि यह करवाई एनआईए के एसपी ध्रुमन एच निंबल द्वारा की गई है।

## विधायक आवास पर कर्मचारी यूनियन ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद ( हिंस )।** स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने स्वास्थ्य विभाग के ठेका कर्मचारियों की मांगों तथा कौशल रोजगार निगम के नियमों में तुरंत प्रभाव से दुरूस्तीकरण करते हुए अन्य उचित मांगों के समाधान करने के लिए शनिवार को बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा के आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विधायक के प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह को ज्ञापन भी सौंपा। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी हनुमान मंदिर के नजदीक एकत्रित हुए। स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सोनू सोया, बादशाह खान अस्पताल के प्रधान रिंकू मांडोठिया तथा सचिव किरण सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए यह कर्मचारी, विधायक के आवास पर पहुंचे। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान करतार सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान बलबीर सिंह बालगोहेर व जिला सचिव युद्धवीर सिंह खत्री, बड़खल ब्लाक के प्रधान अनूप वाल्मीकि, मुकेश बेनीवाल, गिरीश राजपूत आदि नेता उपस्थित रहे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान करतार सिंह जिला, सचिव युद्धवीर सिंह खत्री तथा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलबीर सिंह बालवीर ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से अपील की है कि स्वास्थ्य विभाग के ठेका कर्मचारियों की न्याय उचित मांगों का सरकार तुरंत प्रभाव से समाधान करे, अन्यथा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

## कार्यकर्ता के रूप में मोदी-नड्डा के नेतृत्व में चलकर मैं आपके साथ हूं : वसुंधरा राजे

**बीकानेर ( हिंस )।** राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने अपने जन्मदिन से पहले बीकानेर संभाग के चूरु जिले के सालासर में बालाजी की पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने बाद में जनसभा को संबोधि करते हुए कहा कि वे संगठन की कार्यकर्ता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में चलकर मैं आपके साथ हूं। अपने भाषण में वे पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत को याद करते हुए भावुक भी हुईं और बोलीं कि वे मेरे राजनीतिक गुरु हैं और आज मैं जो भी हूं उन्हीं की वजह से हूं। राजे ने बजरंग बली के जयकारे लगने के साथ ही *हे बजरंग बली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण* का नारा बुलंद करते हुए भीड़ की तरफ हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकारते हुए कहा कि मुझे आप सबसे प्यार है। मेरे जन्मदिन के दिन राजस्थान के कोने-कोने से लोग आकर मुझे प्यार देते हैं। राजमाता ने मुझे यह सिखाया था, राजस्थान की भूमि के लिए जान भी देनी पड़े तो पीछे मत हटना। वे बोलीं



कि चार साल में उतार चढ़ाव में आपने मेरा साथ नहीं छोड़ा। आपने पहली बार 2003 में 120 सीटों के साथ भाजपा को जिताया। 2013 में मैंने सुराज संकल्प यात्रा में देखा कि कांग्रेस ने प्रदेश का क्या हाल कर दिया। आपने इतिहास रचा और विधानसभा में 163 और लोकसभा में 25 सीटें दीं। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने शनिवार सुबह बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जहां पुजारी परिवार ने खास पूजा-अर्चना करवाई। इसके बाद मंदिर परिसर में बने सत्संग भवन में भी उन्होंने खास पूजा अर्चना की। पूर्व सीएम ने यहां हनुमान चालीसा और संकट मोचन का पाठ भी किया। इसके बाद वसुंधरा राजे के उत्तम स्वास्थ्य के लिए हवन किया गया। हवन में राजे ने भी आहूति दी। इससे पहले पुजारी परिवार ने पूर्व सीएम का स्वागत किया। इस दौरान मंदिर के बाहर उनके हजारों समर्थक मौजूद रहे। वहां मौजूद समर्थकों ने *राजस्थान की बिंदिया-वसुंधरा राजे सिंधिया,* वसुंधरा राजे जिंदाबाद व *जय श्रीराम* के नारे लगाए। मंदिर में करीब 4 घंटे रहने के बाद वसुंधरा राजे सालासर के जूलियासर ग्राउंड में बने सभा स्थल पर पहुंची और वहां हजारों समर्थकों को संबोधित किया। मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान पुत्र सांसद दुष्यन्त सिंह, चूरु सांसद राहुल कस्वां, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, श्रीगंगानगर सांसद निहालचंद, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, विधायक अनीता भदेल, विधायक ओमप्रकाश हुड्डा, कैलाश मेघवाल, पूर्व मंत्री कालीचरण सर्राफ, पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी, ओंकार सिंह लखावत, पूर्व बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व कैबिनेट मंत्री बाबूलाल मीणा, पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी, बीजेपी जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी सहित सैकड़ों समर्थक उनके साथ रहे।

## लोगों ने बठिंडा-जीरकपुर नेशनल हाईवे किया जाम

**भवानीगढ़।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त गेहूं की पर्चियां नहीं मिलने से परेशान दलितों व गरीब वर्ग के हितग्राहियों ने स्थानीय शहर से गुजरने वाले बठिंडा जीरकपुर नेशनल हाईवे पर अनाज के समीप कट पर फिर जाम लगाकर धरना दिया और केंद्र सरकार, पंजाब सरकार और खाद्य आपूर्ति विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर जानकारी देते हुए सुरजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह, विक्की सिंह, रघबीर सिंह, गुरमेल सिंह, रणधीर सिंह, दलवीर सिंह व अमरजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में महिला सहित अन्य लोगों ने बताया कि योजना के तहत प्राप्त होने वाली गेहूं की पर्चियां डिपो धारकों द्वारा अपने नजदीकियों व जमीन, जायदाद व साधन वाले लोगों की प्राथमिकता के आधार पर दी जा रही है।

## गुरुग्राम: जल बचाने का संदेश देते हुए एसजीटी में खेली फूलों की होली



**गुरुग्राम ( हिंस )।** पर्यावरण संरक्षण के लिए जल बचाने का संदेश देते हुए एसजीटी विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को राधा-कृष्ण संग फूलों की होली समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पूरे देश की लोक-संस्कृति की झलक एक मंच पर देखने को मिली। गुजराती, हरियाणवी, मिजोरम, राजस्थानी, दक्षिण भारतीय, बॉलीवुड तथा ब्रज की होली पर नृत्य की प्रस्तुतियों के साथ ही विश्वविद्यालय का पूरा परिसर होली के रंगों से सराबोर हो गया। समारोह में एसजीटी विश्वविद्यालय के चांसलर पद्मश्री रामबहादुर राय, दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, दशमेश एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन मधुप्रीत कौर चावला, मैनेजिंग ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला, संरचना फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक अमोघ देव राय तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत वेलकम डांस से शुरू हुई। होली आई रे गाने के बोल पर जब छात्र-छात्राओं ने गुजराती नृत्य गरबा करना शुरू किया तो पूरा पंडाल होली के रंगों से रंग गया। लोक नृत्य बिहू की प्रस्तुति से असम की मिट्टी की सोंधी सुगंध से पूरा

## केंद्रीय मंत्री शेखावत पर मुख्यमंत्री गहलोत ने फिर किया तीखा हमला

**जयपुर ( हिंस )।** संजीवनी घोटाले मामले में अभियुक्त करार दिए जाने से खफा केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मानहानि का मामला दर्ज कराया है। इसका स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा है कि कम से कम इस बहाने केस आगे बढ़ेगा। एसएमएस मेडिकल कालेज में आयोजित कार्यक्रम के बाद शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि घोटाले में गजेंद्र सिंह खुद मुल्जिम है, साथ ही उनकी पत्नी, साले, पिताजी, माताजी के भी नाम है। उनकी माताजी का देहांत हो चुका है। गहलोत ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी।

## महिला आयोग चेयरपर्सन ने महिला सरपंचों को किया जागरूक



**फरीदाबाद ( हिंस )।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने शनिवार को बल्लभगढ़ के सेक्टर 2 स्थित कम्युनिटी सेंटर में तमाम नवनिर्वाचित महिला सरपंचों के साथ मीटिंग कर उन्हें महिला विरुद्ध अपराध और साइबर सेल अपराधों के बारे में जानकारी दी। इस बीच उनके साथ साइबर सेल इंचार्ज बसंत कुमार, बुजुर्ग महिला विरुद्ध अपराध सेल इंचार्ज सविता कुमारी सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि ज़िला की गांवों की तमाम नवनर्वाचित महिला सरपंचों के साथ मीटिंग की है। यहां उन्हें महिला विरुद्ध अपराध सहित साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सरपंच अपने गांव की तमाम महिलाओं को इसके प्रति जागरूक कर सकेंगी। इससे गांव में भी महिलाओं के प्रति अपराध के प्रति लोग जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम हो या महिला विरुद्ध अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वह लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम करती रही हैं और आगे भी जारी रहेंगे ताकि महिलाओं के साथ-साथ लोगों को भी अपराधों के विरुद्ध जानकारी मिले और ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।। वही मीटिंग में पहुंची नव निर्वाचित महिला सरपंचों का भी मानना है कि इस प्रकार की जानकारी उन्हें ही नहीं बल्कि पूरे गांव की महिलाओं को भी होनी चाहिए।

## आईपीएस ममता सिंह होंगी हरियाणा की एडीजीपी लॉ एंड आर्डर

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा सरकार ने शुक्रवार देर रात आदेश जारी कर प्रदेश के एक दर्जन वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया है। जिसके तहत सबसे महत्वपूर्ण आईपीएस ममता सिंह अब प्रदेश की एडीजीपी लॉ एंड आर्डर होंगी। सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार केंद्र से प्रतिनियुक्ति पर आए सिबास कविराज को अंबाला रेंज के आईजी की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले कविराज रीजनल पासपोर्ट कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। आईपीएस श्रीकांत जाधव को एडीजीपी हिसार रेंज लगाया गया है। अमिताभ ढिल्लो अब आईजी मॉर्डनाइजेशन के अलावा आईजी मधुबन का भी कार्यभार संभालेंगे। संजय कुमार को आईजी कानून-व्यवस्था के साथ पुलिस आयुक्त पंचकूला का कार्यभार सौंपा गया है। सरकारी आदेशों के अनुसार राजेंद्र कुमार आईजी सीएम फ्लाइंग के साथ आईजी इन्फोर्समेंट का काम देखेंगे। वाई पूर्ण कुमार को आईजी होमगार्ड लगाया है। राकेश कुमार आर्या को रोहतक रेंज के आईजी के साथ परसोनल विभाग का प्रभार दिया है। सतेंद्र कुमार गुप्ता को आईजी करनाल के साथ पंचकूला स्टेट क्राइम ब्यूरो का प्रभार दिया है। कुलविंदर सिंह आईजी रेलवे के साथ आईजी सीआईडी का काम देखेंगे। अरुण सिंह डीआईजी मधुबन का काम संभालेंगे। जबकि अशोक कुमार को डीआईजी स्टेट क्राइम ब्यूरो हरियाणा लगाया गया है।


**NIT NO. EE/IRRI/DBN/TB-33(E)/2021-22/**

**NOTICE INVITING SHORT TENDER**

Sealed tender prescribed form eventually to be drawn in A.P.W.D. F-2 form of agreement affixing Non-Refundable Court fee stamp of Rs.8.25(Rupees Eight and paise Twenty Five)only are hereby invited from registered Contractors of Irrigation Department for Construction of 1 No. DTWI Scheme under SOPD for the year 2022-23 under Dharmapur-Barkhetri-Nalbari Division (Irrigation), Nalbari and will be received up to 12.00 Noon on 14/03/2023 and will be opened on the same date and place at 3.00 PM in presence of intending Contractors or other authorized agents if any. If the closing date of receiving the tender paper to be a holiday or any bandh the same will be received and opened on the next working day in the same time and place.

| Sl. No. | Name of Work | Approximate Value (Rs. in Lakh) | Group No. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Final Survey, Boring and Installation of Tube Well, Supply and Installation of Surge Tank. | 15.9576 | I | 90 DAYS |
| 2 | Construction of Underground PVC Pipe Distribution System, Spout Chamber, Boundary Fencing, Approach Road, Control Room and Sign Board. | 21.4935 | II | 90 DAYS |
| 3 | Construction of Solar Module Mounting Structure, Installation of Solar Photovoltaic Power Plant and 15 HP Submersible Pump Set. | 12.054 | III | 90 DAYS |

Earnest money: 2% against work value for General and 1% for SC/ST/OBC/MOBC in favour of the Executive Engineer, Dharmapur-Barkhetri-Nalbari Division (Irrigation), Nalbari without which tender will not be accepted.

Rate should be quoted on percentage basis at per/above/below on estimated rate.

Details NIT Specification of Items of Work, Terms and Condition etc. may be seen during office hours of all working days up to 11.00 AM on 13/03/2023.

The Tender Paper etc. may be obtained from the office of the undersigned during the office hours on all working days from 06/03/2023 up to 12.00 PM on 13/03/2023 on payment (Non Refundanble) of Rs. 500.00 (Rupees Five Hundred) only by crossed [PO duly pledged to the Executive Engineer, Dharmapur-Barkhetri-Nalbari Division (Irrigation), Nalbari

UNSEALED TENDER WILL SUMMARILY BE REJECTED.

Sd/-
Executive Engineer
Dharmapur-Barkhetri-Nalbari Division (Irrigation)
Nalbari

*-- Janasanyog /C/22015/22*



**NOTICE INVITING TENDER**

No.C/S. File No. 253 of 2022-23/........


Sealed tenders eventually to be drawn in **F-2** form affixing 00t refundable Court Fee Stamps of Rs. 8.25 (Rupees Eight and paise Twenty Five) only and, with a validity period of 180 (One Hundred and Eighty) days are invited from the registered contractors of APWD Bldg. for the work as detailed below and will be issued in the Office of the undersigned from to **06/03/2023** to **09/03/2023** and received from **13/03/2023** to **15/03/2023** upto 14.00 hours of 15.03.2023 will be opened on the same date at 2.30 pm in the office of the undersigned.

| Sl No | Name of work | Approx value of work | Bid Security (in Rs.) (Bank Draft, TDR) | | Cost of documents IPO/D.D/ Banker Cheque | Time of comple-tion | Eligibility of contrac-tor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **(For Gen. Category)** | **(For SC/ ST/OBC/ MOBC/ UGE)** | | | |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** |
| 1 | Annual maintenance works (Civil & Sanitary) at Sports Complex of Assam Administrative Staff College wherein CSOIA housed, Khanapara, Ghy-22. (For the FY 2022-23) | Rs. 7,25,700.00 | Rs. 14,514.00 | Rs. 7,257.00 | Rs. 500.00 | 365 Days | Class I (A,B,C) Bldg., Class-II & III category contrac-tor only |

1. Details particulars and tender papers will be issued to the eligible contractor or their authorized agents with attested signature in application from **06/03/2023 to 09/03/2023** upto 2.00 P.M.
2. IPO and bid security must be payable in favour of the "The Executive Engineer, PWD, Capital Construction Division, Dispur, Ghy-6".
3. Contractor must have prequalification documents having similar nature of works executed for last 3 (Three) years.
4. The Contractor will have to submit upto date registration certificate for the year **2022-23,** GST,Labour Licence, EPF, Parmership deed/Power of attorney in case of Proprietorship firm dully attested by Govt. Gazetted Officer.
5. If for any reason last date of receiving or issuing tender paper ts a declared holiday/bandh, tender will received and opened on the next working day
6. The undersigned will be the sole authority to cancel or accept any tender without showing any reason.
7. The short NIT will be a part of the contract agreement.
8. Other details can be seen in the tender document.

Sd/-
Executive Engineer, P.W.D.
C.C Division, Dispur, Ghy-6

*-- Janasanyog /C/22027/22*




# अमेजन पे पर आरबीआई ने लगाई 3.06 करोड़ की पेनल्टी: केवाईसी नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।**
रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने शुक्रवार को अमेजन पे (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड पर 3.06 करोड़ रुपए की पेनल्टी लगाई है। कंपनी नो योर कस्टमर से जुड़े निर्देशों का पालन नहीं कर रही थी। आरबीआई ने कहा कि पेमेंट एंड सिस्टम्स सेटलमेंट एक्ट, 2007 के सेक्शन 30 के तहत जुर्माना लगाया गया है।

### आरबीआई ने पूछा- जुर्माना क्यों न लगाया जाए

आरबीआई ने इसे लेकर एक नोटिस जारी किया गया था। इसमें पूछा गया था कि निर्देशों का पालन न करने पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए कंपनी के जवाब पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने मॉनेटरी पेनल्टी लगाने का फैसला लिया। यह जुर्माना ऐसे समय में आया है जब आरबीआई देश में फिनटेक और बिग टेक फर्मों के लिए अपनी कंप्लायंस रिक्वॉयरमेंट को सख्त कर रहा है।

### यूपीआई मार्केट में अमेजन की हिस्सेदारी काफी कम

अमेजन की भारत में ई-कॉमर्स के साथ यूपीआई सर्विस भी है। हालांकि यूपीआई मार्केट में उसकी हिस्सेदारी काफी कम है। भारत के यूपीआई मार्केट में फोनपे की सबसे ज्यादा 49प्रतिशत हिस्सेदारी है। फोनपे के बाद 34प्रतिशत शेयर के साथ गूगल पे, 11प्रतिशत शेयर के साथ पेटीएम, 1.8प्रतिशत शेयर के साथ क्रेड पे है। अमेजन पे और बैंकिंग ऐप की हिस्सेदारी 3.5प्रतिशत है।

### यूपीआई की लॉन्चिंग से क्रांति

2016 में यूपीआई की लॉन्चिंग के साथ ही डिजिटल पेमेंट की दुनिया में एक क्रांति आ गई। यूपीआई ने सीधे बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा दी। इससे पहले डिजिटल वॉलेट का चलन था। वॉलेट में केवायसी जैसी झंझट है, जबकि यूपीआई में ऐसा कुछ नहीं करना पड़ता।

### यूपीआई को एनसीपीआई ऑपरेट करता है

भारत में पेमेंट सिस्टम का ऑपरेशन आरबीआई के पास है। सिस्टम को नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ऑपरेट करती हैं। सरकार ने 1 जनवरी 2020 से यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए एक जीरो-चार्ज फ्रेमवर्क मेंडेटरी किया था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नारेबाजी करते हुए मीडिया दफ्तर में घुसे एसएफआई कार्यकर्ता, पत्रकारों को धमकाया



**नई दिल्ली।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कार्यकर्ताओं के एक समूह ने कोच्ची के एक मीडिया चैनल के कार्यालय में कथित तौर पर घुसकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि एक लड़की के यौन उत्पीड़न से संबंधित खबर के प्रसारण का विरोध करते पहुंचे लोगों ने कर्मचारियों को धमकाया। टीवी चैनल की शिकायत के आधार पर केरल में सत्तारूढ़ माकपा की छात्र शाखा एसएफआई के करीब 30 कार्यकर्ताओं के खिलाफ शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के अनुसार एसएफआई कार्यकर्ता सुरक्षाकर्मियों को एक तरफ धकेलने के बाद शुक्रवार रात करीब आठ बजे समाचार चैनल एशिया नेट न्यूज के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चैनल के कार्यालय में कथित तौर पर घुसे और उसके कर्मचारियों को डराया-धमकाया। उधर माकपा सूत्रों ने शनिवार को बताया कि उत्तरी केरल के एक स्कूल में 10 से अधिक छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में चैनल के खिलाफ फर्जी खबर बनाने की शिकायत की गई है। एसएफआई एर्नाकुलम जिला समिति के सूत्रों ने संगठन की कार्रवाई को सही ठहराने की कोशिश की। उन्होंने कहा, छात्र संगठन ने उसकी ओर से चलाई जा रही फर्जी खबरों के विरोध में मीडिया हाउस के कोच्चि कार्यालय तक मार्च का आयोजन किया था। समाचार चैनल ने राज्य में मादक पदार्थों के खतरे पर पिछले साल अपने कार्यक्रम के तहत यह खबर चलाई थी। पुलिस ने कहा कि कार्यकर्ताओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 143 (गैरकानूनी सभा), 147 (दंगा) और 149 (हत्या के एक सामान्य उद्देश्य के अभियोजन के लिए अवैध सभा बनाना) सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसएफआई की कार्रवाई की आलोचना करते हुए प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने केरल सरकार से घटना की जांच शुरू करने का आग्रह किया।

### 10 गीगावाट सोलर पावर में निवेश करेगा रिलायंसः मुकेश अंबानी ने कहा - रिलायंस 50 हजार लोगों को रोजगार देगा

**नई दिल्ली।** रिलायंस आंध्र प्रदेश में 50 हजार रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और देशभर में आंध्र प्रदेश के प्रोडक्ट्स को पहुंचाने के लिए रिलायंस रिटेल, प्रदेश से कृषि, कृषि आधारित प्रोडक्ट्स और अन्य उत्पादों की अधिक से अधिक खरीदी करेगा। साथ ही रिलायंस 10 गीगावाट सोलर पॉवर प्लांट में निवेश करेगा। 'आंध्र प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने यह घोषणा की। आंध्र के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के उपस्थिति में मुकेश अंबानी ने कहा, रिलायंस रिटेल ने आंध्र प्रदेश के 6 हजार गांवों में 1 लाख 20 हजार से अधिक किराना व्यापारियों के साथ साझेदारी की है। डिजिटल युग में भी छोटे व्यापारी फल-फूल सकें इसके लिए उन्हें जरूरी उपकरणों से लैस किया गया है। रिलायंस रिटेल ने आंध्र प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा डायरेक्ट एम्प्लॉयमेंट और बड़ी संख्या में इनडायरेक्ट रोजगार दिए हैं। अंबानी ने बताया, जियो ट्रू 5जी का रोलआउट आंध्र प्रदेश सहित पूरे भारत में 2023 के अंत से पहले पूरा हो जाएगा। 40,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करके जियो ने राज्य में सबसे बड़ा और सबसे बेहतरीन डिजिटल नेटवर्क फुटप्रिंट बनाया है, जो प्रदेश की 98प्रतिशत आबादी को कवर करता है। जियो ट्रू 5जी से देश की इकोनॉमी को नई गति मिलेगी और बड़े पैमाने पर बिजनिस और एम्प्लॉयमेंट के मौके भी पैदा होंगे। मुकेश अंबानी ने कहा, प्रदेश में हमने अपने बेसिन और उसकी पाइप लाइन्स पर 1,50,000 करोड़ से अधिक का निवेश किया है। जल्द ही बेसिन, भारत के कुल गैस उत्पादन में लगभग 30प्रतिशत का योगदान करने लगेगा।



### विदेश जाने वाले रुपए पर आरबीआई की रिपोर्टः कोविड से पहले घूमने पर खर्च दोगुना, लेकिन बाहर पढ़ाई पर 28प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने भारतीयों के विदेश में होने वाले खर्च पर एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें सामने आया है कि 2022-23 के शुरुआती 9 महीनों में ही विदेश में घूमने-फिरने के लिए कुल 81,508 करोड़ रु. भेजे गए। यह राशि 2021-22 के सभी 12 महीनों के मुकाबले 44प्रतिशत ज्यादा है। अहम बात यह है कि ये रकम प्री-कोविड स्तर, यानी 2019 के मुकाबले भी 107प्रतिशत ज्यादा है। आरबीआई की रिपोर्ट में दूसरी चौंकाने वाली बात यह है कि विदेश में पढ़ाई के लिए भेजा जाने वाला पैसा एक साल में ही 50प्रतिशत तक घटा है।

प्रधानमंत्री ने पोस्ट-बजट वेबिनार को किया संबोधित

# पीएम मोदी बोले- इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अर्थव्यवस्था की शक्ति, 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत

**नई दिल्ली।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (4 मार्च) को इन्फ्रास्ट्रक्चर और इन्वेस्टमेंट पर पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति मानती है और इससे भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनने में मदद मिलेगी। इस साल का बजट देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के विकास को नई ऊर्जा देता है पीएम मोदी ने कहा कि इस साल का बजट देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के विकास को नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के साथ ही देश के सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर का भी मजबूत होना उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर जितना मजबूत होगा, उतने ही टैलेंटेड युवा और स्किल्ड युवा काम करने के लिए आगे आ पाएंगे। इसलिए ही स्किल डेवलपमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, फाइनेंशियल स्किल्स पर जोर दिया जाना बहुत आवश्यक है।

पीएम ने कहा कि गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान, भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर और मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक का कायाकल्प करने जा रहा है। ये इकोनॉमिक और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग को, डेवलपमेंट को इंटिग्रेट करने का बहुत बड़ा टूल है। उन्होंने कहा कि हम इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को देश की इकोनॉमी का ड्राइविंग फोर्स मानते हैं। इसी रास्ते पर चलते हुए भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त करेगा।

मोदी ने कहा कि नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन के तहत सरकार आने वाले समय में 110 लाख करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य लेकर चल रही है। ऐसे में प्रत्येक हितधारकों के लिए ये नई दायित्व, नई संभावनाओं और साहसपूर्ण निर्णय का समय है। किसी भी देश के विकास में इन्फ्रास्ट्रक्चर का महत्व हमेशा से ही रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे यहां दशकों तक एक सोच हावी रही कि गरीबी एक मनोभाव है। इसी सोच की वजह से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर पर इन्वेस्ट करने में पहले की सरकारों को दिक्कत होती थी। हमारी सरकार ने ना सिर्फ इस सोच से देश को बाहर निकाला है, बल्कि वो आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड



इन्वेस्टमेंट भी कर रही है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अब इस विकास की गति को बढ़ाने और टॉप गियर पर पहुंचाने की जरूरत है और इसमें प्रधानमंत्री गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क, रेलवे, बंदरगाह और हवाई अड्डों जैसे सभी क्षेत्रों में आधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए काम कर रही है। यह व्यवसायों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और लॉजिस्टिक कॉस्ट को कम करने में मदद करेगा।

नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि आज राष्ट्रीय राजमार्ग का औसत वार्षिक निर्माण 2014 की तुलना में दोगुना हो गया है। 2014 से पहले हर साल 600 रूट किमी रेल लाइन का विद्युतीकरण होता था और आज ये आंकड़ा 4000 रूट किमी पर आ गया है। एयरपोर्ट की संख्या भी 2014 की तुलना में 74 से बढ़कर 150 के आस-पास पहुंच चुकी है।

### बिल गेट्स ने पीएम मोदी से मुलाकात कीः कहा- हेल्थ और डेवलपमेंट सेक्टर में भारत की ग्रोथ को लेकर पहले से ज्यादा पॉजिटिव हूं

**नई दिल्ली।** अमेरिकी बिजनेसमैन बिल गेट्स ने शुक्रवार को भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने हेल्थ, क्लाइमेट चेंज, जी20 प्रेसिडेंसी समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। इस मुलाकात के बारे में बिल गेट्स ने अपने ऑफिशियल ब्लॉग 'गेट्सनोट्स' में लिखते हुए भारत की तारीफ की। उन्होंने लिखा कि मैं इस हफ्ते भारत में हूं। ऐसे समय में जब दुनिया कई चुनौतियों से घिरी है, भारत जैसी डायनामिक और क्रिएटिव जगह पर होना प्रेरणादायक है। भारत दुनिया को दिखा रहा है कि जब इनोवेशन में इन्वेस्ट किया जाता है तो क्या-क्या संभव हो सकता है। मैं हेल्थ, डेवलपमेंट और क्लाइमेट चेंज के सेक्टर में भारत की ग्रोथ को लेकर पहले से ज्यादा पॉजिटिव हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि भारत इस ग्रोथ को जारी रखेगा और अपने इनोवेशन दुनिया के साथ शेयर करता रहेगा। बिल गेट्स ने कहा कि प्रभावी, सुरक्षित और सस्ती कोरोना वैक्सीन बनाने की भारत की अद्भुत क्षमता सराहनीय है। इन वैक्सीन ने लाखों लोगों की जिंदगी बचाई और दुनियाभर में दूसरी बीमारियां फैलने से रोका। यह खुशी की बात है कि कुछ वैक्सीन बनाने में गेट्स फाउंडेशन भी भारत का सहयोग कर पाया। उन्होंने लिखा, 'भारत ने न सिर्फ जीवनरक्षक वैक्सीन बनाई, बल्कि उन्हें डिलीवर करने में भी बेहतरीन काम किया। भारत के पब्लिक हेल्थ सिस्टम ने कोविन नाम के ओपन सोर्स प्लेटफॉर्म के जरिए कोरोना वैक्सीन की 220 करोड़ डोज डिलीवर कीं। इस प्लेटफॉर्म के जरिए करोड़ों लोगों ने वैक्सीन लगवाने का अपॉइंटमेंट लिया और वैक्सीन लगने के बाद उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट भी मिला। पीएम मोदी का मानना है कि कोविन दुनिया के लिए एक उदाहरण है और मैं उनकी बात से सहमत हूं। गेट्स ने लिखा कि महामारी के दौरान भारत ने डिजिटल पेमेंट्स को अपनाया। 30 करोड़ लोगों को इमरजेंसी डिजिटल पेमेंट मिले। इनमें 20 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। यह सिर्फ इसलिए मुमकिन हो पाया क्योंकि भारत ने आर्थिक समावेश को अपनी प्रायोरिटी बनाया और डिजिटल सिस्टम (आधार) और डिजिटल बैंकिंग के इनोवेटिव प्लेटफॉर्म्स में निवेश किया।

# वृद्धि की रफ्तार 12 साल के उच्च स्तर पर, अनुकूल मांग और नए कारोबारी सौदों से मिला समर्थन



**नई दिल्ली।**
देश की सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी, 2023 में 12 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। मांग के लिए अनुकूल हालात और नए कारोबारी सौदों से सेवा क्षेत्र में बढ़त रही। इससे एसएंडपी ग्लोबल भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक फरवरी में बढ़कर 59.4 पर पहुंच गया। जनवरी में यह 57.2 रहा था। सेवा खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) लगातार 19वें महीने 50 से ऊपर रहा है। पीएमआई का 50 से अधिक रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा संकुचन दिखाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में संयुक्त निदेशक (अर्थशास्त्र) पॉलियाना डी लीमा ने कहा, सेवा क्षेत्र ने जनवरी में खोई अपनी वृद्धि की रफ्तार को फिर से हासिल कर लिया है। अनुकूल मांग और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के दम पर उत्पादन में 12 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एसएंडपी ग्लोबल भारत सेवा पीएमआई को सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों के बीच किए गए सर्वे के आधार पर तैयार किया जाता है। लागत के दबाव में कमी: लीमा ने कहा, फरवरी में इनपुट लागत बढ़ने की रफ्तार ढाई साल में सबसे कम रहीं। आउटपुट लागत (महंगाई) भी 12 महीने के निचले स्तर पर आ गई। नौकरियों में मामूली बढ़त: सेवा प्रदाताओं के नए ऑर्डर फरवरी में और बढ़ गए। सेवा क्षेत्र की कई कंपनियों का कहना है कि प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण से बिक्री में तेजी आई। हालांकि, नौकरियों में मामूली बढ़त देखने को मिली। मांग-प्रतिस्पर्धा को लेकर चिंताएं: सेवा क्षेत्र की कंपनियों में आशावाद सात महीने में सबसे कम रहा। मांग उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ी। कुछ कंपनियों ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धा को लेकर चिंताएं व्यक्त कीं। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई। 24 फरवरी, 2023 को समाप्त सप्ताह में यह 32.5 करोड़ डॉलर घटकर 560.94 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के मुताबिक, इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 5.68 अरब डॉलर की कमी आई थी। अक्तूबर, 2021 में यह रिकॉर्ड 645 अरब डॉलर रहा था। प्रोत्साहन आधारित उत्पादन (पीएलआई) योजना से अगले दो साल में देश में नौकरियां बढ़ेंगी। टीमलीज की रिपोर्ट के मुताबिक, विभिन्न क्षेत्रों की करीब 60 फीसदी कंपनियों का मानना है कि सरकार की इस योजना से उत्पादन बढ़ेगा।

## निवेशकों को नुकसान पहुंचाकर पैसा कमाना हिंडनबर्ग का कामः सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने कहा-हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच जरूरी

**नई दिल्ली।**
सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि अडाणी ग्रुप की कंपनियों को निशाना बनाकर बाजार में अस्थिरता लाने वाली अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट की गहन जांच होनी चाहिए। साल्वे ने कहा कि हिंडनबर्ग कोई चैरिटी या मदद करने वाली संस्था नहीं है और इसका मकसद मिडिल क्लास के निवेशकों को नुकसान पहुंचाकर पैसा कमाना है।

**इसे बाजार में हेरफेर के रूप में देखा जाए** - उन्होंने अडाणी ग्रुप-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित 6 सदस्यीय समिति का जिक्र करते हुए कहा कि समिति को उन सभी का पता लगाना चाहिए, जिन्होंने शेयर्स की कीमतों को कम करके खूब धन कमाया है। इसे बाजार में हेरफेर के रूप में मानें और ऐसे लोगों को व्यापार से बाहर निकालने और प्रतिबंधित करने के लिए जांच करें।

**सेबी के पास जानी चाहिए रिपोर्ट** - हरीश साल्वे ने आगे कहा कि हमें अपने बाजार में एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए कि सबसे पहले



अगर कोई रिपोर्ट है, तो उसे सेबी के पास या कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के पास जाना चाहिए। वे ऐसे मामलों की जांच करेंगे और निपटेंगे। लेकिन अगर आप कंपनियों पर हमला करने के लिए इस तरह की रिपोर्ट का उपयोग करने जा रहे हैं, तो सेबी चुप नहीं बैठेगा। वे उन लोगों पर कार्रवाई करेंगे, जो पैसे की दम पर बाजार की अस्थिरता का फायदा उठा रहे हैं और मिडिल क्लास के निवेशक के निवेशकों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। 24 जनवरी को अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से अडाणी ग्रुप के शेयरों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

# भगोड़े विजय माल्या को सुप्रीम कोर्ट से झटका: माल्या की संपत्ति जब्त होगी, चुनौती याचिका को किया खारिज

**नई दिल्ली।**
भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। विजय माल्या की संपत्ति जब्त करने को लेकर मुंबई की अदालत ने फैसला सुनाया था। मुंबई कोर्ट के इस फैसले पर माल्या ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि, माल्या को अब सुप्रीम कोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिली है। इसका मतलब है कि माल्या की संपत्ति जब्त करने का मुंबई कोर्ट का रास्ता अब साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने विजय माल्या की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें मुंबई की एक अदालत के माल्या को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने और उनकी संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। इसका मतलब है कि माल्या को एक साथ दो बड़े झटके लगे हैं। एक तरफ माल्या आर्थिक अपराधी ही रहने वाला है और अब उनकी संपत्ति भी जब्त होगी।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान माल्या के वकील ने दावा किया है कि उन्हें अपने क्लाइंट से कोई जानकारी नहीं मिली है। वे खुद अंधेरे में हैं। ऐसे में इस मामले में माल्या को झटका मिलना तय



ही था। क्योंकि उनके लिए लड़ रहे वकील खुद कई मुद्दों पर क्लियर नहीं थे। वैसे ये कोई पहली बार नहीं है, जब माल्या के वकील ही अंधेरे में रहे हों और कोर्ट ने माल्या को झटका दिया हो।

पिछले साल नवंबर में विजय माल्या का एक केस लड़ने से ही वकील ने मना कर दिया था। इतना ही नहीं वकील ने सुप्रीम कोर्ट से विजय माल्या के केस से बरी करने की गुहार भी लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट से वकील ने कहा था कि किंगफिशर के पूर्व प्रमुख विजय माल्या से उनकी लंबे समय से कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने आगे यह भी कहा था कि वे इस मामले में अपनी ड्यूटीज से मुक्त होना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वकील से एक सप्ताह के भीतर माल्या के ई-मेल और रेसिडेंशियल एड्रेस कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करने को कहा था। इतना ही नहीं स्ट ने वकील को माल्या के केस से अपना नाम वापस लेने की प्रोसेस शुरू करने की अनुमति भी दे दी थी। माल्या के वकील ने पूर्व शराब कारोबारी द्वारा दायर एक याचिका की सुनवाई के दौरान याचिका दायर की थी। जिसमें माल्या और उनके रिश्तेदारों के स्वामित्व वाली सभी संपत्तियों की जब्ती पर रोक लगाने की मांग की गई थी। माल्या ने याचिका दायर की थी कि किंगफिशर एयरलाइंस के अलावा और कोई संपत्ति कुर्क नहीं की जानी चाहिए। 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवमानना के एक मामले में विजय माल्या को 4 महीने की सजा सुनाए जाने के लगभग चार महीने बाद यह सुनवाई हुई थी। माल्या 9,000 करोड़ रुपए के बैंक लोन न चुकाने के मामले में प्राथमिक आरोपी हैं, जिसमें माल्या की बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस भी शामिल है।

# एक अप्रैल से सोना और ज्वैलरी खरीदने का बदल जाएगा नियम, सरकार ने जारी किया यह आदेश

**नई दिल्ली।**
सोना और ज्वैलरी खरीदने और बेचने वालों के लिए बड़ी खबर है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि 31 मार्च 2023 के बाद बिना हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन वाले सोने के गहने और सोने की कलाकृतियां नहीं बिक सकेंगे। उपभोक्ता मामले के विभाग ने कहा कि उपभोक्ताओं के बीच चार डिजिट और छह डिजिट हॉलमार्किंग को लेकर कंफ्यूजन दूर करने के लिए यह अहम फैसला लिया गया है।

**एक अप्रैल 2023 से लागू होगा नियम** - नए नियम लागू होने के बाद एक अप्रैल 2023 से सिर्फ छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग ही मान्य होंगे। इसके बिना सोना और सोने के आभूषण नहीं बिकेंगे। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय का उपभोक्ताओं के हित में यह अहम फैसला है। साथ ही चार डिजिट वाली हॉलमार्किंग पूरी तरह बंद हो जाएगी। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि एक अप्रैल से सोने के आभूषणों और सोने की कलाकृतियों की बिक्री छह अंकों के अल्फान्यूमेरिक एचयूआईडी (हॉलमार्क विशिष्ट पहचान संख्या) के बिना करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बता दें कि सरकार ने सोने की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने के लिए करीब



डेढ़ साल पहले कवायद शुरू की थी।


**मंत्री पीयूष गोयल ने बीआईएस की समीक्षा बैठक की** - खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की गतिविधियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गोयल ने बीआईएस को देश में परीक्षण के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने का निर्देश दिया। उपभोक्ता सुरक्षा के लिए उपयोग किए जाने वाले घटकों की गंभीरता के आधार पर बीआईएस को उत्पाद परीक्षण और बाजार निगरानी की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के लिए कहा गया था। कहा गया है कि बीआईएस को प्रयोगशाला निरीक्षण की फ्रीक्वेंसी भी बढ़ानी चाहिए। उत्पाद सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीआईएस को प्रेशर कुकर, हेलमेट और अन्य उपभोक्ता उत्पादों जैसे विभिन्न उत्पादों के लिए बाजार निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। बीआईएस ने आने वाले समय में 663 उत्पादों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) प्रस्तावित किया है। बयान में कहा गया है कि वर्तमान में क्यूसीओ के तहत 462 उत्पाद शामिल हैं। गोयल ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि भारत में सभी उत्पाद उच्चतम गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि ये उपाय सूक्ष्म पैमाने की इकाइयों को बढ़ावा देंगे, परीक्षण के बुनियादी ढांचे को बढ़ाएंगे और नागरिकों के बीच गुणवत्ता जागरूकता की संस्कृति विकसित करेंगे।

माइक्रो स्केल इकाइयों में क्वालिटी कल्चर को बढ़ावा देने के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि बीआईएस प्रमाणीकरण पर 80 प्रतिशत रियायत प्रदान करेगा या विभिन्न उत्पाद प्रमाणन योजनाओं के लिए न्यूनतम अंकन शुल्क लेगा। सोने की हॉलमार्किंग कीमती धातु की शुद्धता का प्रमाण पत्र है। यह 16 जून, 2021 तक स्वैच्छिक रूप से लागू था।

### झारखंड में 14 ठिकानों पर छापेमारी में तीन करोड़ कैश जब्त, नागपुर में कारोबारियों के परिसरों पर छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने हजारीबाग के मोहम्मद एझार अंसारी के पास से तीन करोड़ रुपये बरामद किए। सूत्रों के अनुसार नकदी की यह बरामदगी आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल मामले से जुड़ी है। बता दें कि झारखंड में कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी है। झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) के पूर्व कर्मचारी अशोक कुमार और एहसान अंसारी के ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। सूत्रों ने बताया है कि रांची और हजारीबाग में 14 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उधर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को नागपुर शहर में दो रियल एस्टेट कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी अधिकारियों की टीम ने 17 ठिकानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि महदिया और संदेश सिटी के मालिक रम्मू उर्फ रामदेव अग्रवाल की संपत्तियों की जांच की जा रही है। करीब 50 अधिकारियों की ईडी टीम सुबह अग्रवाल के रामदासपेठ स्थित आवास पर पहुंची और साथ ही संदेश सिटी ग्रुप और संदेश इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालयों में भी तलाशी शुरू की गई। अधिकारी ने कहा कि कार्रवाई पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# क्या ऋतिक करेंगे गर्लफ्रेंड सबा से शादी? पिता राकेश रोशन ने दी प्रतिक्रिया



बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन पिछले कुछ दिनों से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। वह सबा आजाद को डेट कर रहे हैं। उन्हें अक्सर पार्टियों और अपने परिवार के साथ समय बिताते हुए देखा जाता है। अब कहा जा रहा है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। ऋतिक के पिता राकेश रोशन ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। इस समय सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि ऋतिक और सबा इसी साल नवंबर के महीने में शादी करेंगे। फैंस फिर हैरान हो रहे हैं कि क्या सच में सबा और ऋतिक शादी करने जा रहे हैं या ये सब अफवाहें हैं। अब इस पर राकेश रोशन ने अनभिज्ञता जताई है। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने इन चचाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए राकेश रोशन ने कहा, "मुझे अभी इस बारे में पता नहीं है। मुझे लगता है कि उनके रिश्ते को समय चाहिए। मीडिया का क्या, दोस्ती हुई नहीं, शादी की खबरें शुरू हो जाती है, उन्हें थोड़ा वक्त देना चाहिए। हालांकि रितिक बच्चे नहीं हैं, उनके ऊपर भी जिम्मेदारियां हैं।" बॉलीवुड में इस समय ऋतिक रोशन और सबा आजाद की डेटिंग की चर्चा खूब चल रही है। कुछ दिनों पहले दोनों को साथ में डिनर डेट पर देखा गया था। इसके बाद सबा आजाद ऋतिक की फैमिली गेट टूगेदर में भी शामिल हुईं थीं। दोनों को करण जौहर की 50वीं बर्थडे पार्टी में हाथ में हाथ डाले घूमते भी देखा गया था। ऋतिक ने साल 2000 में सुजैन खान से शादी की थी। हालांकि, 2014 में उन्होंने तलाक लेने का फैसला किया।

उनके तलाक के फैसले से फैंस हैरान रह गए थे। इसके बाद ऋतिक पिछले कुछ महीनों से सबा को डेट कर रहे हैं। सबा एक बेहतरीन एक्ट्रेस भी हैं। उन्हें कई बार साथ देखा गया है। एयरपोर्ट हो या फिर आउटिंग, सबा और ऋतिक हर जगह एक साथ जाते नजर आते हैं। तो वहीं ये भी कहा जा रहा है कि ये कपल जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाला है।

## आयशा जुल्का के लिए मैंने अपना पहला गीत कोरियोग्राफ किया : फराह खान



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म निमार्ता-कोरियोग्राफर फराह खान ने साझा किया है कि उन्होंने आयशा जुल्का के लिए अपना पहला गाना कोरियोग्राफ किया और यह हमेशा खास रहेगा। फराह ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आयशा के साथ एक सेल्फी पोस्ट की और अभिनेत्री को विशेष कहा। तस्वीर में फराह ने ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट पहना है, जबकि आयशा ने ब्लैक के साथ व्हाइट आउटफिट चुना है। फराह ने पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा कि मैंने अपना पहला गाना आयशा जुल्का के लिए कोरियोग्राफ किया है। वह हमेशा खास रहेंगी। एक अन्य तस्वीर में आयशा ने फराह के चारों ओर अपना हाथ रखा और वे कैमरे के लिए मुस्कुरा रही थीं। तस्वीर में आयशा ने नीले रंग की साड़ी पहनी है, जबकि फराह ने लाल और नीले रंग की पोशाक पहनी है। फराह ने लिखा कि मिलकर बहुत अच्छा लगा और पाया कि कुछ रिश्ते कभी नहीं बदलते एट द रेट आयशा डॉट झुलका। आयशा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लाल दिल वाले स्टिकर वाली महिला के साथ पोस्ट को फिर से साझा किया। उन्होंने यह भी लिखा कि लव यू एट द रेट फराह खान अंडर। फराह ने अपने करियर की शुरूआत जो जीता वही सिकंदर के लिए कोरियोग्राफी से की थी। मंसूर खान द्वारा निर्देशित जो जीता वही सिकंदर 1992 में रिलीज हुई थी, जिसमें आमिर खान, आयशा झुल्का, दीपक तिजोरी, पूजा बेदी, मामिक सिंह और कुलभूषण खरबंदा थे। आयशा ने कुर्बान (1991) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह आखिरी बार तनुजा चंद्रा द्वारा निर्देशित वेब सीरीज हश हश में नजर आई थीं।

## अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने कहा, डिप्रेशन पागलपन नहीं



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और अवसाद (डिप्रेशन) से निपटने के बारे में खुलकर बात की है। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि इससे बाहर आना उनके लिए बहुत कठिन था और इस बात पर भी जोर दिया कि महिलाओं को इन मुद्दों के बारे में अधिक मुखर होने की जरूरत है। दिव्या ने कहा, मैं डिप्रेशन से गुजर चुकी हूं और इससे बाहर आ गई हूं। लेकिन हर कोई ऐसा नहीं कर सकता। लोगों को पता होना चाहिए कि इसके बारे में बात करना बिल्कुल ठीक है। इस दबाने की कोशिश न करें। अगर कोई उदास दिखाई देता है, तब उस पर ध्यान दें और उनकी बात सुनें। डिप्रेशन पागलपन नहीं है। अभिनेत्री का मानना है कि अब समय आ गया है कि महिलाएं अपने मुद्दों के बारे में अधिक मुखर हों। दिव्या ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं पागलपन में तब्दील नहीं होती हैं। इसलिए, उन्हें समझाने की जरूरत है और मिथकों को तोड़ने की जरूरत है। मुझे खुशी है कि अब हम इसके बारे में बात कर रहे हैं। महिला दिवस (8 मार्च) को अन्य महिलाओं के साथ मनाने की उम्मीद है जो एक बेहतर समाज और अवसरों के लिए समर्पित हैं। दिव्या ने 1994 में फिल्म इश्क में जीना इश्क में मरना से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। उन्होंने वीर-जारा, वेल्कम टू सज्जनपुर, दिल्ली-6, स्टैनली का डब्बा, हीरोइन, भाग मिल्खा सिंह सहित अन्य में भी अभिनय किया है।

## अल्लू अर्जुन की मूवी पुष्पाः द रूल को लेकर सोशल मीडिया में चर्चा



**मुंबई (ईएमएस)।** दक्षिण भारत के सुपर सितारों में शामिल अल्लू अर्जुन पिछले दो साल से अपनी फिल्म पुष्पा को लेकर चचाओं में हैं। इस फिल्म का पहला भाग दक्षिण भाषाओं के साथ-साथ हिन्दी में भी प्रदर्शित किया गया था। हिन्दी भाषा में यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा भाग पुष्पाः द रूल के नाम से बनाया जा रहा है, जिसे सुकुमार इस वर्ष अगस्त माह में सिनेमाघरों में उतारने की तैयारी में हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। जैसे ही सोशल मीडिया पर पुष्पा-2 के टीजर की खबर साझा हुई वह वायरल हो गई। सोशल मीडिया पर पुष्पा-2 टीजर ट्रेंड कर रहा है। अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल की पुष्पा 2 के टीचर की रिलीज डेट सामने आ गई है। पुष्पाः द रूल का टीजर 8 अप्रैल को अभिनेता अल्लू अर्जुन के जन्म दिन पर जारी होगा। अभिनेता के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों को निमार्ताओं की ओर यह बड़ा तोहफा मिलने वाला है। हालांकि अभी तक इसके निमार्ताओं ने इस बात की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। पुष्पाः द रूल को 10 भाषाओं में प्रदर्शित किया जाएगा। निर्देशक सुकुमार की यह फिल्म अगस्त माह में बड़े परदे पर प्रदर्शित होने की सम्भावना है। इस फिल्म को लेकर बॉक्स ऑफिस बहुत आशान्वित है। ट्रेड व बॉक्स ऑफिस पर नजर रखने वाले लोगों का कहना है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाका करने में कामयाब होगी। हिन्दी भाषा को लेकर उम्मीद की जा रही है कि पुष्पाः द रूल बॉक्स ऑफिस पर कम से कम 300 करोड़ का कारोबार करने में सफल होगी। वैसे कहा जा रहा है कि पुष्पाः द रूल भारत भर में 700 करोड़ का कारोबार करने में सफल होगी।

## हर महिला दिवंगत स्टार श्रीदेवी की तरह बनना चाहती



**मुंबई (ईएमएस)।** डॉक्यूमेंट्री सीरीज द रोमांटिक्स श्रीदेवी को श्रद्धांजलि अर्पित करती है, यशराज फिल्म्स की आइकॉनिक हिरोइन, जिन्होंने रोमांटिक ब्लॉकबस्टर चांदनी से पूरे देश को अपना दीवाना बना दिया। अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने कहा कि हर महिला दिवंगत स्टार श्रीदेवी की तरह बनना चाहती है। दिवंगत यश चोपड़ा इस बात का खुलासा किया कि वह दर्शकों के लिए एक पुरानी प्रेम कहानी क्यों बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा, हमारी इंडस्ट्री हिंसा पर अधिक फिल्में बना रही है। मैंने कहा ठीक है, अब मैं अपने जीवन का सबसे बड़ा जुआ खेलूंगा चाहे कुछ भी हो जाए। मैं फॉमूर्ले, कैलकुलेशन वाली फिल्म नहीं बनाऊंगा। मैं एक ऐसी फिल्म बनाऊंगा जो मेरे दिल को छू लेगी। मैंने फिल्म चांदनी पर काम शुरू किया। यश चोपड़ा ने स्वीकार किया कि वह श्रीदेवी की तमिल ड्रामा मूंद्रम पिराई से काफी प्रभावित थे, जो अमिताभ बच्चन ने उन्हें दिखाया था। अनिल कपूर ने खुलासा कियाः श्रीदेवी उस समय टॉप स्टार थीं। मुझे नहीं पता था कि उनसे कैसे संपर्क किया जाए। मैंने अपने भाई (बोनी कपूर) से बात करने के लिए कहा। इसलिए, मेरा भाई उनकी मां से बात करने के लिए चेन्नई गया। चांदनी की सफलता यश चोपड़ा और वाईआरएफकी डेस्टिनी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था और चांदनी में श्रीदेवी की प्रतिभा ने हमारे समय की अग्रणी महिलाओं को स्क्रीन पर आने के लिए प्रेरित किया है।

## कंगना इमरजेंसी के पोस्ट-प्रोडक्शन में बिजी



एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी अपकमिंग फिल्म इमरजेंसी के पोस्ट-प्रोडक्शन में काफी बिजी हैं। फिल्म में कंगना रनौत ने एक निर्देशक के रूप में और एक अभिनेता के रूप में दो मोर्चे पर काम किया है। क्वीन की एक्ट्रेस ने चंद्रमुखी 2 के लिए शूटिंग शुरू कर दी हैं। कंगना ने सोशल मीडिया पर वैनिटी वैन से तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्हें फिल्म के सीन के लिए तैयार होते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, अपनी टीम के साथ अपकमिंग फिल्म चंद्रमुखी 2 के सेट पर वापसी। हम इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं। इससे पहले एक्ट्रेस ने शेयर किया था कि वह चंद्रमुखी 2 के लिए क्लाइमैक्स सॉन्ग के लिए र्हिसल कर रही थी। इसे कला मास्टरजी द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है, जिसमें गोल्डन ग्लोब अवार्ड विनर एम.एम कीरावनी द्वारा कंपोज किया गया। चंद्रमुखी का वरई सॉन्ग एक बड़ा हिट है। फैंस कंगना से भी यही उम्मीद कर रहे हैं। चंद्रमुखी 2 रजनीकांत की लोकप्रिय फिल्म चंद्रमुखी का सीक्वल है। जहां कंगना सीक्वल में 1 नर्तकी की मुख्य भूमिका निभाएंगी, वहीं राघव लॉरेंस फिल्म में पुरुष प्रधान भूमिका निभाएंगे।

## रॉकेट ब्वॉयज के दूसरे सीजन 16 मार्च को स्ट्रीम होगा




**मुंबई (ईएमएस)।** सोनी लिव की बेहद सफल और चर्चित वेब सीरीज रॉकेट ब्वॉयज के दूसरे सीजन की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। सोनी लिव की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, रॉकेट ब्वॉयज सीजन 2, 16 मार्च से स्ट्रीम किया जा रहा है। रॉकेट ब्वॉयज बायोपिक सीरीज है, जिसकी कहानी भौतिकविद होमी जहांगीर भाभा और विक्रम साराभाई के जीवन की घटनाओं को समेटकर लिखी गई है। दूसरे सीजन की कथावस्तु मुख्य रूप से भारत के पहले परमाणु टेस्ट के पहले और बाद की घटनाओं पर आधारित है। टीजर में दिखाया गया है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी परमाणु परीक्षण को लेकर अमेरिकी रवैये पर विमर्श कर रही हैं। विरोध की आशंका को देखकर होमी जहांगीर भाभा इसका हल निकालते हैं। इस सीरीज का निर्देशन अभय पन्नू ने किया है। जहांगीर भाभा के रोल में जिम सरभ हैं, जबकि विक्रम साराभाई का किरदार इश्वाक सिंह निभा रहे हैं। रेजिना कैसेंड्रा मृणालिनी साराभाई के रोल में हैं। सबा आजाद ने परवाना ईरानी का किरदार निभाया है। पहले सीजन की कहानी 40 से 60 के दशक के दरम्यान घूमती है। अंग्रेजों से आजादी के बाद देश किस तरह अपने पैरों पर खड़ा हो रहा था, जिसमें तकनीक बहुत बड़ा साथ रहा। उस दौर के वैज्ञानिकों और उद्योगपतियों ने राष्ट्र निर्माण में कंधे से कंधा मिलाकर सरकार का साथ दिया था। पहले सीजन में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, डॉ. सीवी रमन, जेआरडी टाटा जैसे किरदारों को भी शामिल किया गया था।

## फिल्म भूल भुलैया के 3 भाग का टीजर जारी

बालीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अचानक से अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म भूल भुलैया के 3रे भाग का टीजर जारी करके आश्चर्यचकित कर दिया। शहजादा की आलोचना झेल रहे कार्तिक आर्यन ने टीजर के साथ ही अपनी असफलता से दर्शकों व प्रशंसकों का ध्यान हटाने में सफलता प्राप्त कर ली है। भूल भुलैया-3 का टीजर कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया के जरिए रिवील किया है, साथ ही टीजर रिवील कर अपने फैंस को सरप्राइज भी कर दिया है। भूल भुलैया- 3 का निर्देशन अनीस बज्मी कर रहे हैं, जिन्होंने इसके दूसरे भाग को भी निर्देशित किया था। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज के बैनर तले हो रहा है। फिल्म के टीजर की शुरूआत कार्तिक आर्यन के किरदार रूह बाबा के साथ शुरू होती है।




पिछली बार की तरह इस बार भी कार्तिक दर्शकों को डराते और हंसाते नजर आएंगे। कार्तिक आर्यन के पोस्ट के मुताबिक, फिल्म दिवाली 2024 के आस-पास रिलीज होगी।

## सिद्धार्थ ने अकेले पोज देने को लेकर ये कहा



फोटोग्राफरों को कैमरे में अकेले पोज देने के अनुरोध पर बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने बेहतरीन प्रतिक्रिया दी। जब फोटोग्राफर्स ने उन्हें अकेले पोज देने के लिए कहा तो उन्होंने कहा, अब मैं अकेला नहीं रहा। सिद्धार्थ और कियारा ने पिछले महीने जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शादी की थी। काम के मोर्चे पर, सिद्धार्थ अब अपनी पहली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आएंगे, जिसमें शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय भी हैं। उनकी फिल्म योद्धा भी आ रही है। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर शेरशाह अभिनेता का एक वीडियो साझा किया, जिसने कैमरों के लिए अकेले पोज देने के लिए कहने पर मजाकिया जवाब दिया।

## नागा ने प्रेमी-प्रेमिका के बीच कराई सुलह



हाल ही में एक व्यक्ति और उसकी प्रेमिका के बीच सार्वजनिक लड़ाई में हस्तक्षेप करके तेलुगु अभिनेता नागा शौर्य ने शिष्टता दिखाई है। अभिनेता कार से कही जा रहे थे, तभ्री उन्होंने देखा कि एक जोड़ा आपस में झगड़ रहा है। शौर्य कार से बाहर निकला और उस आदमी से महिला से माफी मांगने को कहा। 1 मार्च को, नागा शौर्य को हैदराबाद की एक व्यस्त सडक पर देखा गया, जहाँ उन्होंने एक बदसूरत लड़ाई में हस्तक्षेप किया, जहाँ उन्होंने उस व्यक्ति से अपनी प्रेमिका को थप्पड़ मारने के लिए माफी माँगने के लिए कहा। लडके को अपनी गर्लफ्रेंड को थप्पड़ मारते देख अभिनेता कार से उतरे। उसने जल्द ही उससे लडकी से माफी मांगने की मांग की। शौर्य ने उस आदमी का हाथ पकड़ लिया और कहा कि शारीरिक या मौखिक रूप से किसी पर, खासकर लड़कियों पर हमला करना कभी भी ठीक नहीं है। तुमने उसे सडक पर थप्पड़ क्यों मारा? वह आपकी प्रेमी हो सकती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप इस तरह से दुर्व्यवहार कर सकते हैं।

### सूडोकु नवताल- 6361

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6360 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### शब्दजाल - 7108

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | वि | न | र | क |
| ना | य | क | को | ट | वा | जी | रा | इ | रा | ल |
| आ | बे | दे | पू | ह | जी | स्म | स | का | म | दि |
| पु | ची | व | श | ट | ज | प | त | पा | ल | र |
| का | त | ई | फा | में | व | खें | जा | भा | ख | ते |
| र | मे | म | दे | ला | बे | टा | न | ई | न | जा |
| ट | जं | न्स | मे | बु | क | ता | या | न | है | ब |
| च | म | न | ए | सं | लं | प | र | ली | म | ए |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | दी | री | ता | न | क्स |
| त | रा | जु | न | ज | बा | त्र | टा | ल | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | रा | त | स |

शब्दजाल में अनिल कपूर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

ताल, विरासत, राम लखन, तेजाब, बेटा, मन, पुकार, नायक, बेवफा, बुलंदी.

**शब्दजाल - 7107 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | म | मा | यु | वा | प | ना | न | ह | क | रा |
| हा | थि | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | का | ज |
| रो | वी | या | द | अ | ल | त | र | म | ल | टी. |
| ड़ | र | दा | ज | ल | क | न | ओ | र | सु | म |
| र | न | क | ष | ल | म | मी | छ | हो | नो | स्ती |
| प | मी | क्शा | स | जि | स्वा | क | प | म | स | क |
| के | ह | बु | की | टी | म | मी | टे | डि | रू | प |
| न | पू | सु | पा | क | पं. | सौ | ल | ली | र | स |
| कं | प | नी | सू | ह | प | ने | ने | व | जी | त |
| म | व | म | ब | फा | दी | र | ह | री | क | थ |
| म | ह | न | प्या | रे | मो | ह | न | ज | ल | वा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग- 6061

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 7 | | | 3 | 4 |
| | 27 | 1 | 29 | 6 | 38 | |
| | 2 | | 4 | 5 | | 7 |
| 4 | 30 | | 27 | 1 | 31 | 6 |
| 7 | | 5 | 4 | | 2 | |
| 6 | 42 | | 39 | | 23 | 3 |
| | 5 | 4 | | 7 | 1 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6060 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 31 | 2 | 28 | 3 | 30 | 1 |
| 1 | 6 | 7 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 33 | 4 | 29 | 1 | 31 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 7 | 34 | 6 | 35 | 7 | 40 | 3 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore





# भारतीय फुटबॉल लीग में बवाल, सुनील छेत्री के गोल पर विवाद, केरल के खिलाड़ी मैच छोड़ मैदान से बाहर निकले

**बेंगलुरु।**
इंडियन सुपर लीग में बेंगलुरु एफसी और केरल ब्लास्टर्स के बीच मैच में भारी ड्रामा देखने को मिला। श्री कांतिरावा स्टेडियम में खेले जा रहे प्लेऑफ मैच के दौरान बेंगलुरु और केरल की टीमों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद केरल के खिलाड़ी विरोध में लाइव मैच बीच में छोड़कर मैदान से बाहर निकल गए। यह घटना मैच के एक्स्ट्रा टाइम के दौरान हुआ। बेंगलुरु एफसी के कप्तान सुनील छेत्री के गोल पर यह विवाद शुरू हुआ और फिर हाईवोल्टेज ड्रामा में तब्दील हो गया। इंडियन सुपर लीग के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोई टीम किसी फैसले के विरोध में बीच मैच में मैदान छोड़कर बाहर निकल गई हो। केरल के खिलाड़ियों के मैदान से बाहर जाने के बाद करीब आधे घंटे बाद मैच के ऑफिशियल्स ने घोषणा की कि सुनील छेत्री का गोल सही था और बेंगलुरु की टीम ने 1-0 से मैच जीत लिया है। इस जीत के साथ बेंगलुरु की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। अंतिम चार में उनका मुकाबला मुंबई से होगा। दरअसल, पूरी घटना मैच के दौरान एक्स्ट्रा टाइम में 98वें मिनट की है। केरल के बॉक्स के बाहर से बेंगलुरु की टीम को रेफरी ने फाउल पर फ्री किक ऑफर किया। इसके बाद रेफरी ने बेंगलुरु की टीम को जल्द से जल्द फ्री-किक लेने कहा। फुटबॉल के पास बेंगलुरु के छेत्री समेत तीन खिलाड़ी मौजूद थे। आमतौर पर फ्री किक होने पर रेफरी विपक्षी टीम के खिलाड़ियों के सामने एक वॉल बनाता है। इसके लिए वह लकीर खींचता है, लेकिन इस दौरान ऐसा कुछ नहीं हुआ। रेफरी के विसल के बाद केरल के गोलकीपर अपने खिलाड़ियों को कुछ बता रहे थे। तब तक सुनील छेत्री ने किक लिया और गेंद गोलपोस्ट के अंदर चली गई। केरल के खिलाड़ियों का कहना था कि जब उनका गोलकीपर तैयार नहीं था तो इजाजत कैसे दी गई। वहीं, बेंगलुरु की टीम का कहना था कि रेफरी ने उन्हें परमिशन दिया था। इसके बाद केरल के खिलाड़ी रेफरी से भिड़ गए। केरल के कोच ने भी रेफरी से बात की और फिर अपने खिलाड़ियों को मैदान से बाहर बुला लिया। इसके बाद वह फिर से खेलने के लिए वापस नहीं लौटे। मैच के बाद सुनील छेत्री ने कहा कि उन्होंने फ्री किक के दौरान रेफरी और विपक्षी टीम से पूछा कि क्या वह वॉल बनवाने नहीं जा रहे हैं। इस पर रेफरी ने कहा था हां बिल्कुल आप फ्री-किक लीजिए।

## न्यूज ब्रीफ

### मैच के दौरान बांगलादेश ने बेवजह ले लिया रिव्यूः बल्ले के बीच में लगी बॉल, कप्तान ने ले लिया डीआरएस



**मीरपुर।** इंग्लैंड और बांग्लादेश के बीच तीन वनडे सीरीज का दूसरा वनडे शुक्रवार को मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियन में खेला गया। इंग्लैंड के आदिल राशिद के सामने बांग्लादेश के तस्कीन ओवर फेंक रहे थे। 48वें ओवर की आखिरी गेंद पर तस्किन अहमद ने शानदार यॉर्कर फेंकी और स्ट्राइक पर खेल रहे राशिद ने बॉल को बैट के बीच से हिट कर दिया। बॉल पैड के पास भी नहीं थी। फिर भी बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल ने रिव्यू ले लिया। जब इसका रीप्ले देखा गया तो बांग्लादेश टीम सोशल मीडिया पर ट्रोल हुई। इंग्लैंड ने मीरपुर में खेले गए दूसरे वनडे मैच में बांग्लादेश को 132 रन से हराया। तीन वनडे मैचों की सीरीज में अंग्रेजों ने 2-0 की बढ़त बना ली है। इसके साथ ही इंग्लैंड ने 6 साल बाद बांग्लादेश को उसके घर में हराकर सीरीज पर कब्जा कर लिया है।

### सीनियर पुरुष इंटर-डिपार्टमेंट हॉकीः आरएसपीबी, एफसीआई, पीएसपीबी, केनरा बैंक ने जीत दर्ज की



**बेंगलुरु।** रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरसीपीबी), भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) और केनरा बैंक ने शुक्रवार को तीसरे हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष इंटर-डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप 2023 के छठे दिन अपने-अपने मैचों में जीत हासिल की। दिन के पहले मैच में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने पूल-ए में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को 3-0 से हराया। अमित रोहिदास (24 मिनट) ने रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के लिए अच्छी शुरूआत की और मैच के दूसरे क्वार्टर में एक बड़ा शुरूआती गोल किया। हरसाहिब सिंह (28 मिनट) और जोगिंदर सिंह (50 मिनट) ने मैच को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल से दूर ले जाने के लिए एक-एक गोल किया और अंक तालिका में तीन और अंक हासिल किए। दिन का दूसरा मैच पूल-ए में भारतीय खाद्य निगम और गुजरात स्पोर्ट्स प्राधिकरण-हॉकी अकादमी के बीच खेला गया। भारतीय खाद्य निगम ने टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज करते हुए गुजरात खेल प्राधिकरण हॉकी अकादमी को 7-0 से हराया। अभिषेक गांधी (23, 37 मिनट) और योकेश्वरन (44, 54 मिनट) ने नियमित अंतराल पर दो-दो गोल किए जबकि समर्थ प्रजापति (8 मिनट), अद्वैत नचप्पा केएम (21 मिनट), रिंकू अंतिल (40 मिनट) ने एक-एक गोल कर अपनी टीम को गुजरात स्पोर्ट्स अथॉरिटी - हॉकी अकादमी पर आसान जीत दिलाई।

### एएफसी एशियन कप का फाइनल ड्रॉ 11 मई को कतर में होगा



**नई दिल्ली।** एएफसी एशियाई कप कतर 2023 के लिए अंतिम ड्रॉ 11 मई को दोहा, कतर में आयोजित किया जाएगा। इस बारे में एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने घोषणा की। सभी प्रतिभागी सदस्य संघों (पीएमए) को लिखे एक पत्र में, एएफसी ने सूचित किया कि कतर एएफसी एशियाई कप के आगामी संस्करण की मेजबानी करेगा। पीएमए के प्रत्येक अध्यक्ष, मुख्य कोच और टीम प्रबंधकों को अंतिम ड्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। एएफसी ने यह भी घोषणा की है कि एएफसी एशियन कप कतर 2023 उस देश में आयोजित किया जाएगा, जिसने पिछले साल फीफा विश्व कप की मेजबानी की थी। टूर्नामेंट की प्रस्तावित तिथियां 12 जनवरी से 10 फरवरी, 2024 के बीच निर्धारित की गई हैं। एएफसी की घोषणा के बाद भारत के मुख्य कोच इगोर स्टीमाक ने कहा कि वे अब आगे की रणनीति बनाना शुरू कर सकते हैं। स्टीमाक ने एआईएफएफ मीडिया से कहा, अब हम आगे की योजना बनाना शुरू कर सकते हैं।

# कुश्ती के अखाड़े में बदला रियल मैड्रिड बनाम बार्सिलोना फुटबॉल मैच, विनीशियस और डी जॉन्ग भिड़े

**बार्सिलोना।**
स्पैनिश लीग ला लिगा की लीडर टीम बार्सिलोना ने कोपा डेल रे के सेमीफाइनल के फर्स्ट लेग मैच में रियल मैड्रिड को हरा दिया। स्टाडियो सैंटिएगो बर्नाबू स्टेडियम में खेले गए मैच में बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवानदॉस्की समेत कई स्टार खिलाड़ी चोट की वजह से नहीं खेल रहे थे। इसके बावजूद बार्सा की टीम रियल मैड्रिड पर हावी रही। पजेशन में डॉमिनेट करने के बाद भी मैड्रिड की टीम शॉट ऑन टारगेट लगाने में नाकामयाब रही। फर्स्ट लेग को 1-0 से जीतकर बार्सा की टीम अब दूसरे लेग में रियल मैड्रिड से कैंप नू में भिड़ेगी।

रियल मैड्रिड के एडर मिलिटाओ ने आत्मघाती गोल दागा। यही गोल निर्णायक साबित हुआ। मैच के दौरान कई मौकों पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच लड़ाई भी देखने को मिली। पहले हाफ में रियल मैड्रिड के विनीशियस जूनियर और बार्सिलोना के फ्रेंकी डी जोंग के बीच गर्मागर्मी वाला माहौल देखने को मिला। यह घटना मैच के 24वें मिनट में हुई जब विनीशियस और डी जोंग गेंद के पजेशन के लिए संघर्ष कर रहे थे।

ब्राजीलियाई स्टार विनीशियर ने बॉल पजेशन के लिए डी जॉन्ग से हेडलॉक कर लिया था और इसके बाद कुश्ती के अंदाज में डी जॉन्ग को जमीन पर पटक दिया। रेफरी ने तुरंत ही विनीशियस को इस फाउल के लिए बुक कर दिया और यलो कार्ड दिखा दिया। हालांकि, रियल मैड्रिड के युवा विंगर को इस मामले में एकतरफा कार्ड दिखाया गया जबकि फ्रेंकी डी जॉन्ग ने भी फाउल किया था और उनका हाथ विनीशियस को आगे बढ़ने से रोक रहा था। हालांकि, रेफरी यह देखने में कामयाब नहीं हो पाए और अकेले विनीशियस को बुक किया।

ला लिगा चैंपियन मैड्रिड पर बार्सिलोना की सात अंकों की बढ़त के बावजूद बार्सा कोच जावी हर्नांडीज समेत कई दिग्गज मैड्रिड को जीत का हकदार मान रहे थे। लॉस ब्लैंकोस (रियल मैड्रिड) ने 2014 के बाद से ट्रॉफी नहीं जीती है और बार्सा को अपने खेल से शुरुआत में ही बैकफुट पर धकेल दिया था। बेंजेमा ने एक गोल भी किया था, लेकिन उसे ऑफसाइड करार दिया गया।

पिछले लगातार दो मैचों से मिल रही हार और रॉबर्ट लेवानदॉस्की, पेड्री, ओस्माने डेंबेले जैसे सितारों की गैर मौजूदगी के बाद खुद बार्सिलोना के प्रशंसक उम्मीद नहीं कर रहे थे रियल मैड्रिड के साथ भिड़ंत में उनकी टीम ज्यादा कुछ कर पाएगी। फिर कोपा डेल रे कप के सेमीफाइनल के पहले चरण का यह मुकाबला रियल के घर में था, लेकिन बार्सिलोना ने सभी को हैरान करते हुए रियल को 1-0 से पराजित कर दिया।




### बार्सिलोना की जीत की कम थीं उम्मीदें

बार्सिलोना ला लिगा में रियल पर सात अंकों की बढ़त बनाकर शीर्ष पर चल रहा है, लेकिन लीग के पिछले मैच में अल्मेरिया ने 0-1 से पराजित किया। इससे पहले यूरोपा लीग के अंतिम-16 के मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने उसे 1-3 से पराजित किया। ऐसे में रियल मैड्रिड जैसी टीम के सामने बार्सिलोना की जीत की उम्मीदें कम ही थीं।

### वीडियो समीक्षा में बार्सिलोना को मिला गोल

26वें मिनट में रियल के रक्षक एडर मिलिटाओ ने अपनी टीम के खिलाफ आत्मघाती गोल कर दिया, जो निर्णायक साबित हुआ। बार्सिलोना के मिडफील्डर फ्रैंक केसी ने मिडफील्ड से गेंद एडुआर्डो कैमाविंगा से छीनी, लेकिन मिलिताओ गेंद क्लीयर करने के चक्कर में अपने गोल में डाल बैठे। हालांकि, पहले गोल को केसी के ऑफसाइड किए जाने के चक्कर में खारिज कर दिया गया, लेकिन वीडियो समीक्षा में इसे गोल दिया गया।

### बार्सिलोना के कप्तान सर्गियो ने खेला रिकॉर्ड 46वां अलक्लासिको मैच

कोच जावी ने जीत के बाद कहा कि हम परिणाम से संतुष्ट हैं, लेकिन जिस तरह का हम खेले वह उससे खुश नहीं है। कोच का यह बयान बताता है कि बार्सिलोना जीती जरूर है, लेकिन उसका खेल उम्मीदों के मुताबिक नहीं था। रियल ने मैच में ज्यादातर समय गेंद पर कब्जा जमाकर रखा।

करीम बेंजेमा ने शुरुआत में गोल भी किया, लेकिन इसे ऑफ साइड करार दिया गया। बार्सिलोना के कप्तान सर्गियो बसक्युए ने 46वां अलक्लासिको मैच खेला और पूर्व साथी लियोनल मेसी, सर्जियो रामोस को इस मामले में पीछे छोड़ा। बार्सिलोना को ला लिगा में 19 मार्च को और कोपा डेल रे का दूसरे चरण का सेमीफाइनल रियल मैड्रिड के साथ अब पांच अप्रैल को खेलना है।

# मोरक्को और पीएसजी से खेलने वाले स्टार फुटबॉलर अशरफ हकीमी पर दुष्कर्म का आरोप



**पेरिस।**
**फ्रांसीसी अभियोजकों ने शुक्रवार को बताया कि पेरिस सेंट-जर्मेन और मोरक्को के डिफेंडर अशरफ हकीमी पर दुषर्म का आरोप लगा है। 24 वर्षीय हकीमी से अभियोजकों ने गुरुवार को एक 24 वर्षीय महिला के आरोपों के संबंध में पूछताछ की और बाद में आरोप लगाया।**

मैड्रिड में जन्मे हकीमी जो पिछले साल कतर में विश्व कप के सेमीफाइनल तक मोरक्को के सफर का अभिन्न हिस्सा थे, उन्हें शुक्रवार सुबह पीएसजी ट्रेनिंग में देखा गया था। हालांकि, कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा संपर्क किए जाने पर क्लब ने इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

हकीमी पर लगे आरोप के मुताबिक, उन्होंने 24 वर्षीय महिला को अपने घर आने के लिए पैसे दिए थे, जब उनकी पत्नी और बच्चे छुट्टी पर गए थे। सोमवार को हकीमी पेरिस में फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार समारोह में दिखाई दिए थे। वहां उन्हें 2022 की (फिफप्रो) पुरुषों की विश्व टीम में नामित किया गया था।

कतर में विश्व कप में मोरक्को के सेमीफाइनल तक पहुंचने के सफर में हकीमी का अहम योगदान रहा था। मोरक्को फीफा विश्व कप के अंतिम चार में पहुंचने वाला अरब दुनिया का पहला देश बना था। फ्रांसीसी कानून के तहत, आरोप लगाए जाने का मतलब यह नहीं है कि मामले की सुनवाई होगी। हकीमी पीएसजी से पहले बोरूसिया डॉर्टमंड, इंटर मिलान, रियल मैड्रिड जैसे क्लब से खेल चुके हैं।

रियल मैड्रिड के लिए हकीमी ने 17 मैचों में दो गोल दागे थे। वहीं, रियल मैड्रिड कैस्टिला के लिए 28 मैचों में एक गोल किया। इंटर मिलान के लिए हकीमी ने 45 मैचों में सात गोल दागे, जबकि डॉर्टमंड के लिए उन्होंने 73 मैचों में 12 गोल दागे। पीएसजी के लिए हकीमी 72 मैचों में आठ गोल और 11 असिस्ट कर चुके हैं। मोरक्को के लिए हकीमी ने 61 मैचों में आठ गोल दागे हैं।

# एमएस धोनी ने बल्लेबाजी में दिखाया अपना जलवा, चेन्नई सुपरकिंग्स ने शेयर किया कप्तान का धांसू वीडियो

**नई दिल्ली।**
**चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान एमएस धोनी ने आईपीएल 2023 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में एमएस धोनी ने नेट्स पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया और कई आकर्षक शॉट्स लगाए। चेन्नई सुपरकिंग्स आगामी आईपीएल में अपने अभियान की शुरुआत गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ करेगी।**

चेन्नई सुपरकिंग्स के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान नेट्स पर बल्लेबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान एमएस धोनी ने कई आकर्षक शॉट्स खेले। बता दें कि धोनी की कोशिश इस साल सीएसके को चैंपियन बनाने की होगी।

माना जा रहा है कि आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम अपने घरेलू मैच चेन्नई के दर्शकों के सामने खेलेगी, जहां धोनी संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। एमएस धोनी का बतौर खिलाड़ी यह आखिरी आईपीएल हो सकता है। ऐसे में वह अपनी टीम को चैंपियन बनाकर शाही विदाई लेना पसंद करेंगे।




याद हो कि पिछले सीजन में धोनी ने कहा था कि वो देशभर में जाकर अपने फैंस को अलविदा कहना पसंद करेंगे। पिछले साल सीजन से पहले सीएसके ने रवींद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी थी, लेकिन बीच सीजन में इस फैसले को बदलना पड़ा था। तब एमएस धोनी दोबारा कप्तान बने थे। इस साल बेन स्टोक्स को चेन्नई सुपरकिंग्स फ्रेंचाइजी ने खरीदा है और उन्हें धोनी के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है।

आईपीएल के 16वें एडिशन की शुरुआत 31 मार्च को होगी और फाइनल मुकाबला 28 मई को खेला जाएगा। ग्रुप चरण मैचों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। हालांकि, प्लेऑफ चरण के स्थान अब तक तय नहीं हुए हैं।

# टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में घुसे दो फैन: पुजारा के साथ सेल्फी ली: पुलिस ने बम निरोधक दस्ता बुलाया, एक गिरफ्तार

**इंदौर।**
इंदौर में शुक्रवार को तीसरे टेस्ट के दौरान टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में 2 फैंस घुसने का मामला सामने आया है। दोनों ने चेतेश्वर पुजारा के साथ सेल्फी भी ली। यह पूरी घटना टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार शाम को दिन का खेल समाप्त होने से कुछ समय पहले की थी। दोनों सुरक्षाकर्मियों को चकमा देते हुए भारतीय ड्रेसिंग रूम में घुस गए। फैंस को ड्रेसिंग रूम के करीब देखकर सिक्योरिटी के अधिकारी घबरा गए।

घटना की सूचना पुलिस को दी गई। उधर, पुलिस ने कहा- एक फैन घुसा था। उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और तत्काल बम निरोधक दस्ता को बुलाया गया। ड्रेसिंग रूम की तलाशी ली गई। यह टेस्ट ढाई दिन में ही समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 विकेट से पटखनी दी। सीरीज 1-2 पर कर दी।



### पुलिस ने कहा- दो नहीं एक फैन अंदर घुसा था

तुकोगंज कमलेश शर्मा का कहना है कि एक ही फैन अंदर घुसा था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसने किचन के रास्ते ड्रेसिंग रूम में एंट्री की थी। यह घटना गुरुवार शाम करीब 4.30 बजे की है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम जावेद है। वह ठेला लगाता है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि दो फैंस ड्रेसिंग रूम में अंदर गए थे। दूसरे का नाम कय्यूम बताया जा रहा है। जावेद और कय्यूम दोनों मेवाती मोहल्ले में रहते हैं।

### टीम इंडिया को इंदौर टेस्ट में मिली हार

तीसरे टेस्ट में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। भारतीय टीम पहली पारी में महज 109 रन पर सिमट गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 197 रन बनाए। कंगारू टीम ने पहली पारी के आधार पर 88 रन की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम का दूसरी पारी में भी खराब प्रदर्शन रहा और पूरी टीम 163 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए 76 रन का आसान लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ने उस्मान ख्वाजा का विकेट गंवाने के बाद 18.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय टीम मौजूदा सीरीज में 2-1 की बढ़त पर है।

वर्ल्ड चैंपियनशिप टीम-चयनकर्ता पर उठे सवाल

# हरियाणा की बॉक्सर मंजू और पूनम का फेडरेशन को लेटर, कहा- बेहतर प्रदर्शन पर भी बाहर निकाला

**रोहतक।**
हरियाणा के रोहतक की बॉक्सर मंजू रानी व हिसार की बॉक्सर पूनम ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की चयन टीम व चयनकर्ताओं को कटघरे में खड़ा करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। साथ ही दोनों महिला बॉक्सरों ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान को पत्र लिखकर इस मामले में निष्पक्ष जांच व उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते संतोषजनक कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा सकती हैं। दोनों महिला बॉक्सरों का नेशनल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन होने के बाद भी वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम में नाम नहीं था। इसलिए खफा होकर दोनों बॉक्सरों ने यह कदम उठाया है।

### नंबर 1 से दो पर लाकर वर्ल्ड चैंपियनशिप से की बाहर

उन्होंने आरोप लगाया कि जिस बॉक्सर को नंबर एक पर स्थान दिया गया है, वह केवल हरियाणा स्टेट में खेली और कोई मेडल भी नहीं ले सकी। जिसका कैंप के अंदर तीसरे नंबर पर नाम था और उसे वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाया जा रहा है और उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। जबकि उसने वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश को सिल्वर मेडल दिला रखा है।

### बिना कारण वर्ल्ड चैंपियनशिप से हटाया नाम

मंजू रानी ने पत्र में लिखा कि वह लगातार अपनी ट्रेनिंग कर रही हैं, और कोई छुट्टी भी नहीं ली। यहां तक कि आज तक कोई बीमारी व इंजरी भी नहीं हुई, लेकिन फिर भी बिना कारण वर्ल्ड चैंपियनशिप से नाम हटा दिया। उन्हें किस वजह से नंबर एक से हटाकर नंबर दो पर किया गया है और वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भी नियुक्त नहीं किया गया।




### न्याय नहीं मिला तो मजबूरन जाएंगी कोर्ट

उन्होंने पत्र में आरोप लगाया कि खिलाड़ियों का मनोबल तोड़ा जा रहा है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसकी जांच की जानी चाहिए। जल्द से जल्द जांच करके न्याय दिलाया जाए और वर्ल्ड चैंपियनशिप में खेलने का मौका दिया जाए। साथ ही कहा कि अगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो वे मजबूरन कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगी।

### बीएफआई के प्रधान को लिखा पत्र

हिसार निवासी बॉक्सर पूनम पूनिया ने ने बीएफआई के प्रधान को पत्र लिखते हुए कहा कि उन्होंने नेशनल में गोल्ड मेडल जीता और उनके साथ 11 अन्य महिला बॉक्सरों ने गोल्ड मेडल जीता था। जिनमें से 9 बॉक्सर को प्रदर्शन को देखते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चुना गया। जब उनका नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप के रिप्रेजेंटेटिव फोटो में वे नहीं दिखी तो आघात लगा।

### 48 घंटे में गलती ठीक करने के लिए कहा

उन्होंने कहा कि वे इसके लिए कड़ी मेहनत कर रही थी। इंडिया के लिए टॉप परफॉर्मेंस देने के बाद भी देश के लिए नहीं खेल रही हैं। उन्होंने पत्र लिखकर कहा कि जो यह गलती है, उसको अगले 48 घंटे में ठीक किया जाए। अब चैंपियनशिप के लिए काफी कम समय है। ताकि वे भी तैयारी जारी रख सकें और देश को पदक दिला पाएं। बॉक्सर पूनम ने पत्र में जिक्र किया कि पिछले कुछ सालों में देश के टॉप खिलाड़ी कोर्ट गए हैं। देश में कुछ खेल संघ को कोर्ट द्वारा निलंबित भी किया गया। अपना बेहतर प्रदर्शन करने के बाद भी इंसाफ नहीं मिला। इस पत्र का जवाब नहीं आने पेर उन्हें भी ऐसा ही करना पड़ेगा।

जानकारी

# टुकड़ों में नींद लेना होता है खतरनाक



**तनाव,** चिंता और भागदौड़ भरी जिंदगी के चलते वो लोग बहुत भाग्यशाली हैं जो 7 से 9 घंटे की नींद लगातार ले पाते हैं। जिस तरह से आजकल लोगों का खानपान और लाइफस्टाइल हो गया है उसमें भरपूर नींद ले पाना कई लोगों के लिए एक चुनौती साबित हो रहा है। कई लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें संतुलित नींद पर्याप्त ही नहीं होती है और वो लोग टुकड़ों में नींद लेने के लिए मजबूर हैं। धीरे-धीरे ये मजबूरी उनकी आदत में शुमार हो जाती है। लेकिन इस बात से सावधान हो जाएं की जगह-जगह झपकी लेना और कम से कम 8 घंटे की नींद न लेना जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि पर्याप्त मात्रा में नींद ना लेने से शरीर की प्रक्रिया सुचारू रूप काम करने में बाधा उत्पन्न करती है। जिसके कारण तरह-तरह की बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है।



आज हम आपको इसी मौके पर बता रहे हैं कि भरपूर नींद लेना हर व्यक्ति के लिए क्यों जरूरी है और टुकड़ों में नींद लेना किस तरह से जानलेवा साबित हो सकता है। मौजूदा दौर में दिनचर्या के नियमित नहीं हो पाने के कारण लोगों में नींद से संबंधित बीमारी 'स्लीप ऐपनिया' काफी बढ़ रही है। जिसमें नींद के दौरान सांस में रुकावट पैदा होती है और कई बार यह घातक भी हो सकती है। इससे बचने के लिए जितना संभव हो सके खाने-पीने और सोने की आदतों को नियमित करें और साथ ही डॉक्टर की सलाह जरूर लें। नियमित व्यायाम, पोषक एवं नियंत्रित आहार से इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

### नींद की कमी से होने वाली अन्य बीमारियां

सिर दर्द, डिप्रेशन, आंखों में दर्द, आंखों के नीचे काले घेरे, आंखों का लाल होना, चिड़चिड़ापन, झुर्रियां, रिंकल्स, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, शरीर में कंपन, आँखों में सूजन आना, चक्कर आना, आत्मविश्वास की कमी, किडनी पर प्रतिकूल प्रभाव, मेटाबॉलिक स्ट्रेस का बढ़ना, दिल से संबंधित रोग एवं मोटापा जैसी कई बीमारियां नींद के पूरी ना होने से काफी तेजी से बढ़ती हैं।

### भरपूर नींद के स्वास्थ्य लाभ

मानसिक कोशिकाओं को मजबूती मिलती है, आत्वविश्वास बढ़ता है, याद्दशत बढ़ती है, कार्यक्षमता बढती है, शरीर में रोगों से लड़ने वाली कोशिकाएं भलीभांति काम करती है, भूख लगती है और शरीर में चुस्ती और ताजगी का अनुभव होता है।

# जींस खरीदने के पहले इन बातों पर जरा गौर कर लें



**जींस** एक ट्रेंड ही नहीं एक जरूरत बन गई है। आज के फैशन में जींस इस कदर शामिल हो गई है कि शायद ही किसी के वार्डरोब में ये न हो। अब जब इसके रफ-टफ लुक और यूज के कारण यह हमारे लिए जरूरी है तो क्यों न इसमें फैशन और स्टाइल का अच्छा मेल हो। अगर आप जींस खरीदने जा रहे हैं तो आपको कुछ बातें ध्यान देना जरूरी है। आइए जानते हैं ऐसी 5 बातें जो कि जींस खरीदने से पहले समझ लें:

हमेशा एक जैसी जींस मत खरीदिये। कम्फर्ट जोन से बाहर निकलें और कुछ नया ट्राय करें। ज्यादातर लोग एक ही तरह की जींस पहनते हैं। जबकि ये गलत है। इससे साइज का पता नहीं चलता। जबकि हर उम्र में शरीर का साइज बदलता है तो ऐसे में जरूरी है कि जींस का साइज हमेशा बदलते रहें।

जींस चुनने से पहले आपको इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि आप किस उद्देश्य के लिए खरीदारी कर रहे हैं। ऑफिस में कैजुअल थीम के लिए या फिर दोस्तों के साथ डे-आउट के लिए। अगर आप ऑफिस के लिए चुन रहे हैं तो आपकी जींस सिंपल और क्लासी होनी चाहिए। अगर दोस्तों के साथ डे-आउट पर जा रहे हों तो आप नैरो फिट जींस भी ट्राई कर सकते हैं।

समय के साथ कई स्टाइल्स ट्रेंड बन जाते हैं। हम आपको बताना चाहते हैं कुछ ऐसे स्टाइल्स जो आपको हमेशा इग्नोर ही करने चाहिए। जैसे आपकी बैक पॉकेट डिजाइन वाली न हो, ड्रमाटिक वॉश पैटर्न न हो। साथ ही ऑवर डिजाइन न हो। डिजाइन सिंपल हो और उसका लुक क्लासिक हो।

जींस खरीदने से पहले फैब्रिक को अच्छी तरह से छूकर देख लें। इससे आपको फैब्रिक की क्वालिटी का पता चल जाएगा। फैब्रिक की क्वालिटी पता करने में जल्दबाजी ना करें। जींस खरीदने से पहले उसके देश और ब्रांड के बारे में जान लें। वैसे जर्मनी के जींस की क्वालिटी काफी अच्छी मानी जाती है।

#### कॉटन मिक्स हो

जीन्स खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि उसमें 80 से 100 प्रतिशत तक कॉटन मिक्स हो। ऐसी जीन्स की फिटिंग काफी अच्छी होती है। कई छोटे-मोटे ब्रांड कुछ और फैब्रिक को भी जीन्स के साथ मिक्स कर देते हैं, जैसे स्पैंडेक्स, जो देखने में तो अच्छी लगती है लेकिन फिटिंग में बेकार होती है। अगर जींस लिनेन मिक्स भी हो तो भी एक परफेक्ट फिट देती है।

हेल्थ अलर्ट

# ऑफिस में रोजाना नींद आने की बीमारी...



**नींद** तो बहुत ही जरूरी चीज है, लेकिन यह ऑफिस के समय आ जाए तो मुसीबत बन जाती है। काम करते हुए आंखें बंद होने लगें, थकान महसूस होने लगे और अगर ऐसे मौके पर नींद लेने का मौका न मिले, तो बस सिरदर्द शुरू हो जाता है। अगर बॉस को पता चल गया कि हम काम छोड़कर नींद की नदी में गोते लगाने की तैयारी में हैं तो वह हमारी हमेशा के लिए काम से छुट्टी कर देंगे। ऐसी हालत अमूमन उन लोगों की होती है जो एक जगह पर बैठकर काम करते हैं। जो इधर-उधर घूमकर काम करने के आदी होते हैं, उनकी नींद चलने-फिरने से ही काफी हद तक गायब हो जाती है। घंटों कम्प्यूटर स्क्रीन के सामने बैठकर काम करने वालों के लिए तो नींद के साथ-साथ कम्प्यूटर की स्क्रीन भी एक बड़ी चुनौती बन जाती है। ऑफिस में घंटों लैपटॉप के सामने बैठने के बाद जब आंखें थक जाती हैं तो उन्हें खोल सकना भी एक कठिन टास्क बन जाता है। शायद गर्मागर्म चाय भी नींद को भगा नहीं सकती।

### पूरी नींद नहीं होना

एक शोध के मुताबिक ऑफिस के दौरान भी नींद आने के कुछ विशेष कारण सामने आए हैं। पहला कारण उन लोगों से जुड़ा है जो रात के समय पूरी नींद लेने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में वे शायद ऑफिस आकर काम कर भी लेते हैं, लेकिन दिमाग नींद की ओर होने की वजह से वे खुली आंखों से भी बंद आंखों के समान काम करते चले जाते हैं और परिणाम यह होता है कि कोई भी काम ठीक तरीके से नहीं होता।

### नींद पूरी होने पर भी...

ऐसे कई लोग होते हैं जो रात में जरूरत के अनुसार आराम से 7 से 8 घंटे की नींद ले लेते हैं और सुबह फिर भी मुश्किल से उठते हैं। इतना ही नहीं, उठने के बाद नहाकर और फिर तैयार होकर ऑफिस आ तो जाते हैं, लेकिन नींद उन पर नशे की तरह चढ़ी रहती है। ऐसे में वे काम में मन नहीं लगा पाते। इसका एक कारण हो सकता है कि उनकी शारीरिक एवं मानसिक थकान की तुलना में जितनी नींद की उन्हें आवश्यकता है शायद वह उन्हें नहीं मिल रही। लेकिन दूसरा कारण उनमें शारीरिक रूप से कुछ कमियां होना हो सकता है। ऐसे में इन लोगों को जरूरत है तो एक डॉक्टर की। डॉक्टरों के मुताबिक बार-बार नींद आने का एक और कारण भी हो सकता है। यह है एक प्रकार की बीमारी, जिसे चिकित्सकीय दुनिया हायपरसोम्निया के नाम से जानती है। आम भाषा में हम इसे जरूरत से अधिक नींद आने की तकलीफ भी कह सकते हैं।

### व्यायाम है फायदेमंद

विशेषज्ञों की राय में ऐसे में व्यक्तियों को व्यायाम करने की जरूरत है। रोजाना कसरत करने से वह दिमागी नसों को जागरुक कर सकता है। ऐसे लोगों को ऐरोबिक्स करनी चाहिए, जो ना केवल शरीर में स्फूर्ति लाती है बल्कि एक ऐसी ऊर्जा प्रदान करती है, जिससे हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। फिर ऐसे में बिना वजह नींद का आना असंभव सी बात है।

# मेमोरी कार्ड से डिलीट डाटा को ऐसे करें रिकवर

आज हर कोई स्मार्टफोन का इस्तेमाल करता है। लगभग सभी डाटा स्मार्टफोन में सेव किया जाता है। फोन की इंटरनल मेमोरी कम होने के चलते यूजर्स मेमोरी कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। मेमोरी कार्ड में एप्स, म्यूजिक, वीडियो, फोटो समेत अन्य डाटा स्टोर किया जा सकता है। ऐसे में अगर आपका मेमोरी कार्ड खराब हो जाए, तो आप क्या करेंगे? ऐसा होने से आपका पर्सनल और जरुरी डाटा डिलीट हो सकता है। इसी परेशानी को हल करने के लिए हम आपको एक आसान ट्रिक बताने जा रहे हैं, जिससे मेमोरी कार्ड से डिलीट हुए डाटा को रिकवर किया जा सकता है।

#### कार्ड को दूसरे डिवाइस के साथ चेक करें

सबसे पहले अपने मेमोरी कार्ड को किसी दूसरे डिवाइस में चेक करें। कई बार वायरस के कारण डाटा डिवाइस में शो नहीं करता है। ऐसे में अपने एसडी कार्ड को निकालकर दूसरी डिवाइस में लगाएं और चेक करें।



#### कार्ड रीडर में देखें मेमोरी कार्ड

मेमोरी कार्ड को कार्ड रीडर में लगाकर एक बार चेक करें। इसके बाद स्टार्ट पर जाकर सर्च बॉक्सट में 'cmd' टाइप करें। अब कमांड विंडो ओपन हो जाएगी। यहां ड्राइव को फॉलो करते हुए "chkdsk" टाइप करें। इसके बाद कोलन और /एफ लिखें। एंटर कर दें और आपको आपकी समस्यां का समाधान मिल जाएगा।

#### ड्राइव चेक

कई बार ऐसा होता है कि सिस्टम, मेमोरी कार्ड के लिए नई ड्राइव को असाइन नहीं करता है और यह पॉपअप आता है कि ड्राइव ई में डिस्क को लगाएं। ऐसे में सेटिंग के जरिए न्यूं ड्राइव लेटर को असाइन कर इस प्रॉब्लम को सॉल्व किया जा सकता है।

#### कार्ड प्रॉपर्टी

कार्ड ड्राइव की प्रॉपर्टी में जाएं और स्पेससको चेक करें। अगर आपके कार्ड से सभी फाइल डिलीट हो गई होंगी, तो एसडी कार्ड में पूरा स्पेस दिखाई देगा। कई बार सिर्फ डायरेक्ट्री ही डिलीट होती हैं। ऐसी स्थिति में, आप सैनडिस्क इनबिल्ट सॉल्यूशन का इस्तेमाल कर सकते हैं जो कि डिलीट हुई सारी फाइल्स को रिस्टोर कर सकता है।

# क्या आपको मोलभाव करना आता है?

## शॉपिंग के साथ मोलभाव के लिए भी रहें तैयार

**शॉपिंग का मूलमंत्र है बारगेनिंग, यानी मोलभाव। कई लोग इसमें हिचकते हैं और अपना नुकसान करा बैठ्ते हैं। वहीं कई लोग मोलभाव के नाम पर काफी उग्र हो जाते हैं। ऐसे में आपको कुछ बाते ध्यान रखने की जरूरत है।**



#### होमवर्क है जरूरी

आप जो भी खरीदने जा रही हैं, चाहे वह घर हो, कोई इलेक्टॉनिक आइटम हो या फिर सजावट का कोई सामान, बाजार जाने से पहले उनके बारे में अच्छी जानकारी इक्ट्ठा कर लें। उनके अलग-अलग दामों के बारे में पता रखें। इससे आप गलत मोलभाव करने से बचेंगी और किसी दुकानदार के द्वारा आपको जानकारी न होने का फायदा उठाने का रिस्क भी नहीं रहेगा।

#### अपना बजट तय करें

अपना बजट पहले से तय रखें। बाजार में यह ध्यान रखें कि आपको बजट से बाहर नहीं जाना है। इससे आपको पता होगा कि आपको किस हद तक मोलभाव करना है।

#### विनम्र रहें

याद रहे कि आपको मोलभाव करना है, न कि झगड़ा। अक्सर लोग मोलभाव करते-करते उग्र हो जाते हैं। यह शॉपिंग का आपका सारा मजा खराब कर देगा। न ही गुस्से में आप कुछ अच्छा सामान ले पाएंगी। खराब मूड से लिए गए सामान से आप संतुष्ट भी नहीं होंगी। बाजार में आपकी किरकिरी होगी, वो अलग। आप जितने ठंडे दिमाग से बात करेंगी आप अपने लिए सबसे अच्छी चीज खरीद पाएंगी वो भी उचित मोलभाव के साथ।

#### बॉडी लैंग्वेज पर दें ध्यान

शरीर के हावभाव आपके बोले गए शब्दों से कहीं ज्यादा बोल देते हैं। यह बात आप पर और दुकानदार पर दोनों पर लागू होती है। जब तक वह आपसे आंखे मिला रहा है और मुस्कुराकर आपको सामान दिखा रहा है, तब तक तो ठीक है, लेकिजैसे ही वह आपसे आखें चुराने लगे, समझ जाइए कि उसे आपको सामान देने में दिलचस्पी नहीं है। इसके आगे उससे मोलभाव करने का कोई फायदा नहीं है।

#### कमियां ढूंढें

अगर सामान में कोई ऐसी कमी या गड़बड़ी है जिससे उसके इस्तेमाल में कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, तो आप उससे खरीद सकती हैं, बल्कि उस गड़बड़ी के लिए दुकानदर से पैसे कम कराना भी अच्छा आइडिया है

### बालों की समस्याओं में उपयोगी एलोवेरा



बालों के लिए एलोवेरा चमत्कारी रूप से असर दिखाता है। बालों संबंधी जितनी भी समस्याएं हैं जैसे- बालों का गिरना, रूखे बाल, बालों में डेंड्रफ आदि। हफ्ते में दो बार शैंपू करने से पहले चमेली, जोजोवा या नारियल तेल में एलोवेरा का यह रस मिलाकर अच्छी तरह से अपने बालों में लगाएं। इसके अलावा एलोवेरा शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकाल कर शरीर की अंदर से सफाई करता है। जिससे त्वचा में चमक आती है।

## रेसिपी



### दाल पूरी

#### सामग्री

**आटे के लिए:** 1-1/2 कप मैदा, 1-1/2 कप तेल, 1/4 चम्मच नमक, 1/2 कप पानी, **भरावन के लिए** : 1/2 मूंग दाल (4 घंटे भिगोई हुई), 1 चम्मच अदरक, 1 चम्मच हरी मिर्च, 1/2 चम्मच नमक, 1 चम्मच सौंफ, 1/2 चम्मच जीरा, 1/2 चम्मच अमचूर, 1/8 चम्मच हींग, 2 चम्मच तेल

#### विधि

एक कटोरे में आटा, नमक और तेल मिलाती जाएं और आटे को गूथती जाएं। फिर उसमें धीरे-धीरे पानी मिलाएं और मुलायम आटा तैयार करें। फिर आटे को किसी कपड़े से ढककर15 मिनट तक के लिए रख दें। **भरावन की विधि:** मूंग दाल को मिक्सर में पानी, अदरक और हरी मिर्च डालकर महीन पीसें। जब दाल पिस जाए तब उसमें सौंफ, जीरा, हींग और अमचूर मिलाएं। अब एक बर्तन में तेल गरम करें, फिर इसमें दाल का पेस्ट डालें और लगातार चलाते हुए मुलायम होने तक पकाएं। इसे ठंडा होने के लिए रख दें। आटे की लोइयां तोड़ लें। अब एक लोई को उठाएं और उसे हल्का बेलकर उसके अंदर 1 चम्मच दाल का मिश्रण भर दें। उसके बाद दाल के मिश्रण को अंदर बंद करके पूरी को बेल कर रख लें। कढ़ाई में तेल गरम करें और जब 2-3 दाल पूरी बनकर तैयार हो जाएं, तब इन्हें अच्छी तरह से तल लें। इसी तरह से सारी दाल पूरियां तैयार कर लें। इन पूरियों को खट्टी-मीठी चटनी के साथ सर्व करें।



### मसाला बिस्किट

#### सामग्री

2 कप मैदा, 1 कप मक्खन, 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 इंच अदरक कद्दूकस किया हुआ, 1 छोटा चम्मच साबुत जीरा, 2 सूखी लाल मिर्च का पाउडर, आधा छोटा चम्मच बेकिंग सोडा, चुटकीभर हींग, आधा छोटा चम्मच नमक, 2 छोटा चम्मच चीनी बूरा, पानी जरूरत के अनुसार

#### विधि

मसाला बिस्किट बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में सभी सामग्रियों को एक साथ मिक्स कर गूंद लें। गूंदे हुए आटे को एक एलूमिनियम शीट में रोल कर लें। कुकी कटर से आटे को गोलाकार देते हुए बिस्किट के शेप्स में काट लें। अब कुकीज को बेकिंग ट्रे पर रखें और 163 डिग्री सेंटीग्रेड पर 15 से 20 मिनट के लिए माइक्रोवेव में रख दें। तय समय के बाद माइक्रोवेव का स्विच बंद कर दें। मसाला बिस्किट तैयार है। आप इसे एयर-टाइट डिब्बे में बंद कर कई दिनों तक रख सकते हैं।

# लंबी उम्र के लिए रोजाना खाएं ये फल और सब्जियां

आज कल लोगों की आयु बहुत कम हो गई है क्योंकि गलत खान-पीन और बदलते लाइफस्टाइल के कारण उन्हें कई तरह की बीमारियां लग जाती हैं। ऐसे में एक स्वस्थ जीवन और लंबी उम्र के लिए शरीर को पोषक तत्वों की बहुत जरूरत होती है। इसके लिए दिन में कम से कम 5 बार फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए जो सेहत के लिए फायदेमंद हों। आइए जानिए ऐसे फल और सब्जियों के बारे में जिसे खाने से शरीर बीमारियों से दूर रहता है।

**सेब** सेब एक ऐसा फल है जो काफी लोगों को पंसद होता है। सेब सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। डॉक्टरों के अनुसार रोजाना एक सेब खाने से शरीर कई बीमारियों से दूर रहता है। इससे पाचन शक्ति ठीक रहती है। गर्भावस्था में महिला को रोजाना सेब का सेवन करने से डिलिवरी के समय परेशानी नहीं होती।



**शेलफिश** यह एक तरह की मछली है जो समुंद्र में पाई जाती है। इसमें काफी मात्रा में जिंक होता है जो पुरूषों की मर्दानगी बढ़ाने में मदद करता है। शेलफिश खाने से महिलाओं के शरीर में हॉर्मोन संतुलित होते हैं। इसलिए दिन में 1 या 2 बार इसका सेवन जरूर करना चाहिए।



**हरी मिर्च**



हरी मिर्च का सेवन बहुत कम लोग ही करते हैं लेकिन दिन में एक बार अपने भोजन में हरी मिर्च जूर शामिल करें। यह दिल के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद है। इससे हार्ट अटैक होने का खतरा टल जाता है। इसके अलावा मिर्च खाने से शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।

**अनार**



अनार खाने से शरीर में खून की कमी दूर होती है। महिलाओं को रोजाना एक अनार का सेवन जरूर करना चाहिए। इससे एनीमिया की समस्या ठीक होती है। इसके अलावा रोजाना अनार या इसका जूस पीने से शरीर कई बीमारियों से दूर रहता है।

**स्टॉबेरी**



स्ट्राबेरी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। यह खाने में भी काफी स्वादिष्ट होती है। रोजाना इसका सेवन करने से जोड़ों की समस्या दूर होती है। इसमें काफी मात्रा में फोलेट होता है जो गठिया रोगी के लिए बहुत जरूरी है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**